CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 17°C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 28 अक्टूबर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 286 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com कार्तिक शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 5 जमादिउल उला 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



धर्मनिरपेक्षता का विपक्षी सिद्धांत पाखंड: योगी पेज 2




दक्षिण एशियाई वरिष्ठ एथलेटिक्स चैंपियनशिप, भारत शीर्ष पर रहा खेल टाइम्स




धोखाधड़ी व ऑनलाइन फ्रॉड के बढ़ते मामले, ऐसे करें खुद की सुरक्षा सम्पादकीय



रूस में दुनिया की पहली न्यूक्लियर पॉवर्ड मिसाइल का टेस्ट पेज 12



नई दिल्ली: वायु प्रदूषण को कम करने के लिए एक एंटी-स्मॉग गन से पानी का छिड़काव किया गया।

# आवारा कुत्तों के चक्कर में राज्यों के मुख्य सचिव SC में तलब

## सुप्रीम कोर्ट बोला: स्ट्रीट डॉग केस मामले में देश की छवि हुई खराब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आवारा कुत्तों के मामले में स्वत: संज्ञान वाली याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को तीन नवम्बर को होने वाली सुनवाई में पेश होने का आदेश दिया।

दरअसल, कोर्ट ने पाया कि आवारा कुत्तों की समस्या पर नोटिस जारी किए जाने के बावजूद अधिकतर राज्यों ने अब तक हलफनामे नहीं दायर किए हैं। इस पर नाराजगी जताते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य सचिवों को पेशी का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों- जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की विशेष बेंच ने मामले की सुनवाई के दौरान पाया कि अब तक सिर्फ दिल्ली महानगरपालिका (एमसीडी), पश्चिम बंगाल और तेलंगाना ने ही आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर हलफनामे दाखिल किए हैं। बता दें कि 22 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने जब इस मामले पर सुनवाई की थी, तब सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को हलफनामे दाखिल करने के लिए कहा गया था। अपने आदेश के बावजूद हलफनामे न मिलने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई और मुख्य सचिवों को पेशी का निर्देश जारी कर दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने 22 अगस्त को आवारा कुत्तों के मामले का दायरा दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की सीमाओं से आगे बढ़ाते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस मामले में पक्षकार बनाने का निर्देश दिया था। अपने 22 अगस्त के आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली- एनसीआर ने आवारा कुत्तों को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए थे। अदालत ने कुत्तों को नसबंदी और दवा देने के बाद छोड़ने का आदेश दिया था।

**बंगाल-तेलंगाना को छोड़कर सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को तलब किया, अगली सुनवाई तीन नवम्बर को**



## संक्षिप्त समाचार

### साइक्लोन मोन्था का असर शुरू केरल में दो की मौत

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में बना साइक्लोन मोन्था तेजी से पूर्वी तट की ओर बढ़ रहा है। ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में तेज बारिश और तूफान का खतरा बढ़ गया है। मौसम विभाग ने इन राज्यों के कई जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। आंध्र प्रदेश डिजास्टर मैनेजमेंट के प्रमुख प्रखर जैन ने कहा कि साइक्लोन मोन्था तट के करीब पहुंचना शुरू हो गया है। तटीय जिलों में बारिश और तेज हवा चल रही हैं। यह 18 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है और 28 अक्टूबर की शाम या रात काकीनाड़ा तट से टकरा सकता है। केरल में भारी बारिश और तेज हवाओं से निचले इलाकों में पानी भर गया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई।

### सरकार की अर्थी निकालने की बात करने वाले CMS निलंबित

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने सुल्तानपुर में 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय वीर सिंहपुर के कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डा. भास्कर प्रसाद को निलंबित कर दिया है और उन्हें अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अयोध्या मंडल से सम्बद्ध किया है। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित कुमार घोष के स्तर से जारी आदेश में डा. भास्कर प्रसाद पर तीन आरोप लगाए गए हैं। जिनमें अस्पताल के संचालन में अनियमितता और अवांछित टिप्पणियां करना, भर्ती मरीजों को अस्पताल के बाहर से दवाइयां दिलाना, तथा बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन में नियमों का पालन न करना शामिल है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि निलंबन की अवधि में डा. भास्कर प्रसाद का मुख्यालय चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, अयोध्या मंडल कार्यालय रहेगा।

### SC से उमर खालिद-शरजील इमाम समेत चार को राहत नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में कथित तौर पर शामिल कार्यकर्ताओं उमर खालिद, शरजील इमाम, गुलफिशा फातिमा और मीरान हैदर की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई 31 अक्टूबर तक के लिए टाल दी। दरअसल, जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच के सामने अतिरिक्त एएसजी एसवी राजू ने जवाब दाखिल करने के लिए कुछ और समय देने की मांग की थी।

## एसआईआर के दूसरे चरण का ऐलान

# उप्र समेत 12 राज्यों में होगा SIR

**51 करोड़ वोटर्स का होगा पुनरीक्षण**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि एसआईआर का फेज-1 खत्म हो गया है, अब इसका दूसरा चरण शुरू होगा। बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण सफल तरीके से किया गया है। सीईसी ज्ञानेश कुमार ने आगे कहा कि बिहार के लोगों ने एसआईआर पर भरोसा जताया है।

इस दौरान उन्होंने घोषणा की कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दूसरे फेज में देश के 12 राज्यों में यह अभियान चलाया जाएगा एसआईआर 28 अक्टूबर से शुरू होगा और 7 फरवरी को खत्म होगा। चुनाव आयुक्त ने कहा कि जिन राज्यों में एसआईआर क्रिया पूरी की जाएगी, उन सभी राज्यों की मतदाता सूचियां सोमवार रात 12 बजे फ्रीज कर दी जाएंगी। उस सूची के सभी मतदाताओं को बीएलओ द्वारा विशिष्ट गणना प्रपत्र दिए जाएंगे। इन गणना प्रपत्रों में वर्तमान मतदाता सूची के सभी आवश्यक विवरण होंगे। बीएलओ द्वारा मौजूदा मतदाताओं को प्रपत्र वितरित करने के बाद, जिन सभी के नाम गणना प्रपत्रों में हैं, वे यह मिलान करने का प्रयास करेंगे कि क्या उनका नाम 2003 की मतदाता सूची में था। यदि हां, तो उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं है। यदि उनका नाम नहीं, बल्कि उनके माता-पिता का नाम सूची में था, तो भी उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज़ जमा करने की आवश्यकता नहीं है... 2002 से 2004 तक की एसआईआर (एसआईआर) मतदाता सूची वेबसाइट पर कोई भी देख सकता है और वे स्वयं मिलान कर सकते हैं। पूरे देश में एसआईआर चरणबद्ध तरीके से होगा। जिन 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश में एसआईआर किया जाना है। इसमें अंडमान और निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुड्डुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। इन राज्यों में कुल मतदाताओं की संख्या करीब 51 करोड़ हैं, जबकि यहां 5 लाख 33 हजार से ज्यादा पोलिंग स्टेशन और बीएलओ तैनात किए जाएंगे। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि देश में 21 साल पहले आखिरी विशेष गहन पुनरीक्षण किया गया था। उन्होंने साफ किया कि एसआईआर में सभी योग्य मतदाताओं को जोड़ा जाएगा और अयोग्य मतदाताओं को वोटर लिस्ट से बाहर किया जाएगा। सीईसी ने आगे कहा कि चुनावों से पहले एसआईआर किया जाना सबसे ज्यादा जरूरी है। हर घर पर बीएलओ तीन बार जाएंगे और मतदाताओं की जानकारी जुटाएंगे।




### असम में एसआईआर की प्रक्रिया नहीं की जाएगी

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि इस समय असम में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू नहीं की जाएगी। 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान के आंकड़ों की बात करें, तो असम में करीब 2.45 करोड़ मतदाता हैं। राज्य में 2026 के मार्च-अप्रैल महीने में विधानसभा चुनाव होने हैं। सीईसी ने कहा कि असम में नागरिकता से जुड़े नियम थोड़े अलग हैं, इसलिए वहां एसआईआर से प्रक्रिया अलग तरीके से चलेगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि असम में नागरिकता को लेकर अलग कानून हैं। वहां एनआरसी लागू है।

### दूसरे चरण के एसआईआर के प्रक्रिया की प्रमुख तारीखें

मुद्रण/प्रशिक्षण – 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर 2025, घर-घर गणना, चरण – 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025, ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन – 9 दिसम्बर 2025, दावे और आपत्ति अवधि – 9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026, सूचना चरण (सुनवाई और सत्यापन) – 9 दिसम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026, अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन – 7 फरवरी 2026

### एसआईआर की घोषणा के दिन ही बंगाल में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को एक बड़े प्रशासनिक फेरबदल की घोषणा की, जिसमें 200 से अधिक अधिकारियों का तबादला किया गया। राज्य सरकार की तरफ से यह फैसला उस समय लिया गया जब कुछ ही घंटों में चुनाव आयोग की तरफ से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तारीखों का ऐलान होने वाला था। भाजपा ने आरोप लगाया कि यह कदम मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार ने एसआईआर प्रक्रिया में बाधा डालने के इरादे से उठाया है। वहीं पश्चिम बंगाल भाजपा ने मुख्य चुनाव आयुक्त से पश्चिम बंगाल सरकार की तरफ से एसआईआर की घोषणा के बाद 235 अधिकारियों के तबादलों के उल्लंघन के संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। पश्चिम बंगाल भाजपा, चुनाव आयोग की मंजूरी के बिना किए गए इन अनियमित तबादलों को तत्काल रद्द करने की मांग की है।

# सीजेआई पर जूता उछालने वाले वकील के खिलाफ नहीं होगी अवमानना की कार्रवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की एक पीठ ने सोमवार को कहा कि वे मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई पर जूता उछालने की कोशिश करने वाले वकील के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई करने के इच्छुक नहीं हैं।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा- मन नहीं है**

पीठ ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश खुद ही आरोपी वकील के खिलाफ कार्रवाई करने से इन्कार कर चुके हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि अदालत में नारेबाजी करने और जूता उछालना यकीनन अदालत की अवमानना है, लेकिन ये संबंधित न्यायाधीश पर निर्भर करता है कि वे कानून के तहत कार्रवाई करते हैं या नहीं।

### देश के 53वें चीफ जस्टिस बनेंगे जस्टिस सूर्यकांत सीजेआई गवई ने नाम की सिफारिश की

**नई दिल्ली।** सीनियर जज जस्टिस सूर्यकांत देश के 53वें चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया हो सकते हैं। मौजूदा चीफ जस्टिस भूषण आर गवई ने सोमवार को केंद्र सरकार को इनके नाम की सिफारिश की। इसके साथ सीजेआई नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गई है। परंपरा है कि मौजूदा सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश तभी करते हैं, जब उन्हें कानून मंत्रालय से ऐसा करने को कहा जाता है। मौजूदा सीजेआई गवई का कार्यकाल 23 नवम्बर को खत्म हो रहा है। उनके बाद जस्टिस सूर्यकांत 24 नवम्बर को सीजेआई के तौर पर शपथ लेंगे। वे 9 फरवरी 2027 को रिटायर होंगे। उनका कार्यकाल लगभग 14 महीने का होगा।



### अदालत में पेश हुई कंगना, बुजुर्ग महिला से माफी मांगी

**बठिंडा।** भाजपा की सांसद और बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने सोमवार को बठिंडा कोर्ट में 2020-21 के किसान आंदोलन के दौरान 73 साल की महिंदर कौर पर की गई अपनी टिप्पणियों के लिए माफी मांगी। कोर्ट में पेश होने के तुरंत बाद, भाजपा सांसद ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने कोर्ट में शिकायतकर्ता के पति से माफी मांग ली है। सुनवाई के दौरान कौर जिला कोर्ट में मौजूद नहीं थीं। कंगना रनौत ने आगे कहा कि उन्हें 73 साल की महिला के खिलाफ अपनी सोशल मीडिया पोस्ट पर पछतावा है। कौर की तरफ से दायर मानहानि मामले के सिलसिले में हिमाचल के मंडी से भाजपा सांसद रनौत कड़ी सुरक्षा के बीच बठिंडा कोर्ट में पेश हुईं।

# बांग्लादेश ने पूर्वोत्तर भारतीय राज्यों को अपना हिस्सा दिखाया

**मोहम्मद यूनुस ने पाक आर्मी जनरल साहिर शमशाद मिर्जा को किया विवादित नक्शा गिफ्ट**

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने पाकिस्तानी जनरल साहिर शमशाद मिर्जा को एक विवादित किताब गिफ्ट की।

आर्ट ऑफ ट्रायम्फ नाम की इस किताब के कवर पर छपे नक्शे में भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को बांग्लादेश का हिस्सा दिखाया गया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने अभी तक इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। शमशाद मिर्जा पाकिस्तानी सेना में आसिम मुनीर के बाद दूसरे सबसे ताकतवर अधिकारी हैं। माना जा रहा है कि मुनीर के बाद मिर्जा ही पाकिस्तानी सेना प्रमुख बनेंगे। आर्ट ऑफ ट्रायम्फ एक आर्ट बुक है, जिसमें बांग्लादेश में जुलाई-अगस्त 2024 के छात्र-जन आंदोलन के दौरान बने ग्रैफिटी (दीवारों पर बनी चित्रकारी) और बाकी चित्रों को दिखाया गया है। पिछले साल सितम्बर में अंतरिम प्रमुख सलाहकार यूनुस ने इसे जारी किया था। फिलहाल यह किताब अभी सार्वजनिक तौर पर बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं है।

# सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों से तलब की डिजिटल गिरफ्तारी की जानकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा: मामले की जांच सीबीआई को सौंपने पर कर सकता है विचार**



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों में दर्ज प्राथमिकियों का ब्योरा देने का निर्देश दिया। यह साइबर धोखाधड़ी का एक बढ़ता हुआ रूप है जहां जालसाज खुद को कानून प्रवर्तन अधिकारी बताकर पीड़ितों को पैसे देने के लिए मजबूर करते हैं।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि न्यायालय इस मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने पर विचार कर सकता है बशर्ते एजेंसी के पास देश भर में ऐसे बढ़ते मामलों को संभालने के लिए पर्याप्त संसाधन हों। न्यायालय का यह निर्देश 17 अक्टूबर को स्वत: संज्ञान लेकर शुरू किए गए एक मामले की सुनवाई के दौरान आया जो नागरिकों, खासकर वरिष्ठ नागरिकों को निशाना बनाकर किए जा रहे व्यापक डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों की खबरों के बाद शुरू किया गया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुनवाई के दौरान पीठ को बताया कि सीबीआई पहले से ही ऐसे कुछ मामलों की जांच कर रही है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि कृपया पता करें कि क्या सीबीआई के पास सभी मामलों को संभालने के लिए संसाधन हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि अगर उन्हें साइबर अपराध विशेषज्ञों की जरूरत है, तो वे हमें बता सकते हैं। सॉलिसिटर जनरल ने इस मामले में स्पष्ट करते हुए कहा कि सीबीआई इन मामलों में गृह मंत्रालय के साइबर अपराध प्रभाग से सहायता ले रही है। न्यायमूर्ति बागची ने समस्या की व्यापकता के बारे में आगाह किया, समस्या मामलों की संख्या है। हमने पोंजी मामलों में ऐसा देखा है। उस समय सीबीआई पर दबाव बहुत जडादा था। क्या आप एक विशेष जांच के लिए तैयार हैं? और यही वह अतिरिक्त व्यय है जिसकी आपको आवश्यकता हो सकती है। पीठ ने एक समन्वित राष्ट्रीय समाधान प्रणाली की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि वह एक समान जांच के पक्ष में है, लेकिन उसने सभी राज्यों का पक्ष जाने बगैर तत्काल कोई आदेश पारित नहीं किया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी करते हुए कहा कि हम आज कोई निर्देश जारी नहीं कर रहे हैं। हम एक समान जांच सुनिश्चित करने के लिए राज्यों को नोटिस जारी कर रहे हैं। गौरतलब है कि यह मामला एक बुजुर्ग दंपति के पत्र से शुरू हुआ, जिन्होंने बताया था कि एक से 16 सितम्बर के बीच सीबीआई, खुफिया ब्यूरो और न्यायपालिका के अधिकारी बनकर घोटालेबाजों ने उनसे 1.5 करोड़ रुपये की ठगी की। धोखेबाजों ने फ़ोन और वीडियो कॉल का इस्तेमाल किया। उन्होंने गिरफ्तारी की धमकी देकर पीड़ितों को धन हस्तांतरित करने के लिए धमकाने के लिए उच्चतम न्यायालय के जाली आदेश भी दिखाए।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
- वेल्डर (3G & 4G ARC)
- राज मिस्त्री
- कंस्ट्रक्शन लेबर
- सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
- रेफरेन
- योग्यता प्रमाणपत्र
- सर्विस सर्टिफिकेट
- वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### बहराइच में बाघ के हमले में युवक की मौत

**बहराइच।** उप्र में बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सुजौली रेंज में रविवार की देर शाम को बाघ के हमले से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान संजीत (20) निवासी गांव मुखिया फार्म, रमपुरवा (निशान गड़ा रेंज) के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार संजीत रविवार की शाम हल्दी के खेत में काम कर रहा था, तभी अचानक झाड़ियों से निकलकर एक बाघ ने उस पर हमला कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों के शोर मचाने के बावजूद बाघ कुछ ही मिनटों में युवक को मार कर जंगल की ओर भाग लिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष सुजौली प्रकाश चंद शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने पर सहमति जताई।

### पूर्व डीजीपी के घर ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**लखनऊ।** कर्नाटक के पूर्व पुलिस महानिदेशक महेंद्र कुमार श्रीवास्तव के घर का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी और गहनों पर हाथ साफ कर दिया। घर मे किसी सदस्य के न होने से बेखौफ चोरों ने चोरी को बघी आराम से अंजाम दिया। इस दौरान चोर घर मे लगे सीसीटीवी के डीवीआर को भी साथ ले गए। मामले का खुलासा उस वक्त हुआ, जब परिवार दीपावली की छुट्टी मनाकर वापस लौटा। घटना को लेकर पूर्व डीजीपी की बहू ने अलीगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। कर्नाटक के डीजीपी रहे महेंद्र कुमार श्रीवास्तव का अलीगंज सेक्टर-जी स्थित बी-1/77 मकान है। मकान में उनकी रिश्ते की बहू डा. ऋषिका राज बच्चों संग रहती हैं।

# अस्थायी कर्मचारियों के मुद्दों का समाधन हो

## पिछड़े वर्ग से जुड़े ये कर्मचारी कई सरकारी विभागों की रीढ़ : महबूबा

श्रीनगर, वार्ता

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने मांग की है कि विधानसभा के चल रहे सत्र के दौरान अस्थायी कर्मचारियों के मुद्दे का स्थायी समाधान निकाला जाना चाहिए।



उन्होंने कहा कि समाज के पिछड़े वर्ग से जुड़े ये कर्मचारी कई सरकारी विभागों की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा का सत्र पुन: शुरू हो गया है, सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक, जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है, वह है लगभग एक लाख दिहाड़ी मजदूरों की दयनीय स्थिति। उन्होंने कहा कि ये कर्मचारी, जो प्राय: समाज के सबसे वंचित वर्गों से आते हैं, कई सरकारी विभागों की रीढ़ हैं तथा इन विभागों का कुशल संचालन सुनिश्चित करते हैं। सुश्री मुफ्ती ने कहा कि यह जरूरी है कि सत्तारूढ़ पार्टी सहित सभी विधायक इस मुद्दे का समाधान खोजने के लिए एक साथ आएं और इन श्रमिकों की नियमित नियुक्ति सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें वह सम्मान और नौकरी की सुरक्षा मिल सके, जिसके वे वास्तव में हकदार हैं।

### बाढ़ प्रभावितों को नुकसान के आकलन के आधार पर मुआवजा: अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को अनुमानित क्षति के आधार पर मुआवजा दिया जाएगा। अब्दुल्ला ने सोमवार को विधानसभा में पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह मुआवजा क्षेत्रीय आधार पर नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को क्षतिपूर्ति क्षेत्रीय आधार पर नहीं बल्कि क्षति के अनुमान के आधार पर दी जाएगी।

# उप्र में बूंदाबांदी से मौसम हुआ खुशगवार

## प्रदेश के कुछ हिस्सों में बादलों के जमावड़े के बीच हुई बूंदाबांदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बंगाल की खाड़ी और अरब सागर पर बने संयुक्त प्रभाव के कारण बुंदेलखंड समेत उप्र के कुछ हिस्सों में सोमवार को बादलों के जमावड़े के बीच बूंदाबांदी से मौसम खुशगवार हो गया है।

मौसम विभाग ने 29 से 31 अक्टूबर के बीच पूर्वांचल के कुछ हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश के आसार जताए हैं। मौसम आंचलिक केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार पूर्व-मध्य अरब सागर पर बने अवदाब से पश्चिमी मध्य प्रदेश तक फैली एक द्रोणिका अरब सागर से नमी को निचले क्षोभमंडल में खींच रही है। पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने के साथ, इन परिस्थितियों के कारण 27 अक्टूबर को बुंदेलखंड और उससे सटे पश्चिमी उप्र के कुछ जिलों में बारिश या हल्की बौछारें पड़ने की



■ 29 से 31 अक्टूबर के बीच पूर्वांचल के कुछ हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश के आसार

संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी पर बना गहरा अवदाब एक भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील होकर 28 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश के तट पर दस्तक देगा। इसके अवशेष धीरे-धीरे कमजोर होकर दक्षिणी और पूर्वी उप्र को प्रभावित करेंगे, जिससे 29 से 31 अक्टूबर के बीच पूर्वांचल के कुछ हिस्सों में बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं। इन दोनों प्रणालियों के प्रभाव से अगले चार से पांच दिनों में राज्य के कई इलाकों में बादल छाए रहने और रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना है। अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान लगभग अपरिवर्तित रह सकता है या इसमें मामूली वृद्धि हो सकती है। इस बीच रविवार को मेरठ में राज्य का सबसे कम न्यूनतम तापमान 15.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, इसके बाद बरेली (15.3 डिग्री सेल्सियस), नजीबाबाद (16 डिग्री सेल्सियस), मुजफ्फरनगर (16 डिग्री सेल्सियस) और शाहजहांपुर (16.4 डिग्री सेल्सियस का स्थान रहा।

## सेक्युलरिज्म के नाम पर पहचान मिटाने का दौर अब खत्म

# धर्मनिरपेक्षता का विपक्षी सिद्धांत पाखंड: योगी

लखीमपुर खीरी।

विपक्षी दलों के धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत को पाखंड करार देते हुए उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर खीरी के मुस्तफाबाद का नाम बदलकर कबीरधाम रखने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में अयोध्या को फैजाबाद, प्रयागराज को इलाहाबाद और कबीरधाम को मुस्तफाबाद बनाया गया था। हमने इन स्थलों की पहचान वापस लौटाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष इसे सेक्युलरिज्म के नाम पर करता था, जबकि यह पाखंड है। योगी ने मुस्तफाबाद स्थित विश्व कल्याण आश्रम में 'स्मृति प्राकट्योत्सव मेला-2025' में भाग लिया और संतों को नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि



■ मुख्यमंत्री ने लखीमपुर खीरी के मुस्तफाबाद का नाम बदलकर कबीरधाम रखने की घोषणा की

डबल इंजन की सरकार में प्रदेश के धार्मिक स्थलों का पुनरुद्धार और सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है, जबकि पहले यही पैसा कब्रिस्तान की बाउंड्री बनाने में लगता था। कबीरधाम आश्रम में योगी ने राष्ट्रभक्ति, सनातन परंपरा, विरासत के सम्मान, और विकास की दिशा में सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और कहा कि संत कबीरदास जी की वाणी आज भी समाज का मार्गदर्शन कर रही है। उन्होंने निर्गुण भक्ति की वह धारा प्रवाहित की, जो समाज की विसंगतियों को तोड़कर आत्मा और परमात्मा का संबंध सरल शब्दों में आमजन को समझाने में सफल रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'गुरु गोविद दोनों खड़े काके लागूं पांव' यह दोहा आज भी हमें गुरु के महत्व का स्मरण कराता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संतों की वाणी आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी सैकड़ों वर्ष पूर्व थी। उन्होंने कहा कि कबीरदास जी ने उस दौर में समाज की जातीय विषमताओं पर प्रहार कर कहा था, जाति पाति पूछे न कोई, हरि को भजे सो हरि का होई। यह वाणी हमारे समाज की एकता और अखंडता की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि देश की एकता को तोड़ने वाली शक्तियों से सावधान रहने की आवश्यकता है। आज भी समाज विरोधी ताकतें आस्था पर प्रहार करने और जाति के नाम पर विभाजन करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर हम समय रहते अपनी कमजोरियों को नहीं पहचानेंगे तो ए बीमारियां कैंसर की तरह समाज को खोखला कर देंगी। योगी ने कहा कि राष्ट्रभक्ति ही सभी समस्याओं का समाधान है। उन्होंने कहा कि 'माता भूमि पुत्रोहम' यह भूमि केवल मिट्टी का टुकड़ा नहीं, हमारी मातृभूमि और पितृभूमि है। इस धरती की सेवा ही सच्ची उपासना है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुए परिवर्तन की चर्चा करते हुए कहा कि 2014 से पहले देश पहचान के संकट से जूझ रहा था। भ्रष्टाचार, आतंकवाद और विभाजनकारी राजनीति चरम पर थी।

### सीएम ने कबीरधाम आश्रम में की मूर्तियों की स्थापना, रोपा रुद्राक्ष का पौधा

**लखीमपुर खीरी।** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित लखीमपुर खीरी के मुस्तफाबाद क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध कबीरधाम आश्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वार्षिक परंपरा के तहत श्री क्षमादवजी तथा श्री गुरुमन साहेब की नई मूर्तियों का अनावरण किया। यह परंपरा आश्रम में हर वर्ष निभाई जाती है, जिसके अंतर्गत पूज्य संतों की मूर्तियों को नए रूप में स्थापित किया जाता है। मुख्यमंत्री ने फीता काटकर मूर्तियों का उद्घाटन किया और दोनों मूर्तियों पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आश्रम परिसर में एक रुद्राक्ष का वृक्ष भी रोपित किया।

# पत्रकार की हत्या उप्र में जंगलराज का उदाहरण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को कहा कि प्रयागराज में पत्रकार की हत्या उप्र में जंगलराज का जीवंत उदाहरण है।

राय ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- प्रयागराज में पत्रकार की चाकू से गोदकर की गई हत्या ने यूपी की कानून व्यवस्था की सच्चाई उजागर कर दी है। यह कोई एक घटना नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में फैले 'जंगलराज' की तस्वीर है। पत्रकार असुरक्षित हैं, आम जनता भय में है। योगी सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। गौरतलब है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंह के चचेरे भतीजे लक्ष्मी नारायण सिंह उर्फ पप्पू की हत्या के मामले में प्राथमिक जांच के बाद पुलिस ने कारण का खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार पप्पू के दोस्त बबलू की पत्नी विजेता अपने बेटे साहिल को नशा करने से रोक रही थी जबकि साहिल का दोस्त व मुख्य आरोपी विशाल उसे नशे के लिए ले जाना चाहता था। इस दौरान मौके पर पहुंचे मीडियाकर्मी एलएन सिंह के हस्तक्षेप से नाराज आरोपी विशाल ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया।



■ पत्रकार असुरक्षित हैं, आम जनता भय में है, योगी सरकार मूकदर्शक बनी हुई है : अजय राय

सेंसेक्स 83952.17
निफ्टी 25709.00

सोना रु. 124510
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 154900
प्रति किलो



# नए शिखर पर शेयर बाजार, सेंसेक्स 567 अंक उछला

मुंबई, वार्ता

अमेरिका और चीन के बीच व्यापार वार्ता में सकारात्मक प्रगति और वित्त मंत्रालय की मासिक रिपोर्ट में दूसरी तिमाही में भी भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत बने रहने की खबरों के बाद घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी रही और प्रमुख सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 566.96 अंक (0.67 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 84,778.84 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक 170.90 अंक यानी 0.66 फीसदी की बढ़त में 25,966.05 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का अब तक का उच्चतम बंद स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.05 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.82 प्रतिशत की बढ़त में रहा। वित्त मंत्रालय की आज जारी मासिक रिपोर्ट में कहा गया है कि दूसरी तिमाही में भी अर्थव्यवस्था की रफ्तार मजबूत



बनी हुई है। इससे निवेशकों में उत्साह देखा गया। अमेरिका और चीन के राष्ट्रपतियों की बैठक से पहले दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता के फ्रेमवर्क पर समझौता हो गया है। इससे दूसरे एशियाई बाजारों में भी तेजी रही। एनएसई में जिन 3,241 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से 1,638 के शेयर हरे निशान में और 1,507 के लाल निशान में बंद हुए जबकि अन्य 96 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंतत: अपरिवर्तित रहे। सार्वजनिक बैंकों, रियलिटी, तेल एवं गैस और धातु समूहों में सबसे अधिक तेजी रही। फार्मा सेक्टर पर दबाव रहा। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयरों में तेजी रही। भारती एयरटेल का शेयर सबसे अधिक 2.56 प्रतिशत चढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज में 2.24 फीसदी, इटरनल में 2.19 फीसदी और भारतीय स्टेट बैंक में 2.08 फीसदी की बढ़त रही। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का शेयर 1.64 प्रतिशत और टाटा स्टील का 1.20 प्रतिशत मजबूत हुआ। इनके अलावा एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, पावरग्रिड, आईटीसी, एनटीपीसी, मारुति सुजुकी, एचसीएल टेक्नोरॉजीज, टीसीएस, टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व और एलएंडटी के शेयर भी 0.50 से एक प्रतिशत के बीच चढ़े। कोटक महिंद्रा बैंक में सबसे अधिक 1.74 फीसदी, बीईएल में 1.62, इंफोसिस में 1.35 फीसदी और अडानी पोर्ट्स में 0.56 फीसदी की गिरावट रही। वैश्विक स्तर पर जापान का निक्केई सूचकांक 2.46 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 1.18 प्रतिशत और हांगकांग के हैंगसेंग में 1.05 प्रतिशत की तेजी रही। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.14 प्रतिशत की बढ़त में था जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.07 प्रतिशत की गिरावट रही।

### टीसीएस ने ब्रितानी अखबार के दावों को बताया भ्रामक

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने ब्रितानी अखबार 'द टेलीग्राफ' की उस रिपोर्ट को भ्रामक बताया है जिसमें कहा गया था कि स्थानीय ब्रिटेन की कंपनी मार्क एंड स्पेंसर (एमएंडएस) ने साइबर हमले रोकने में विफल रहने के कारण भारतीय कंपनी का अनुबंध समाप्त कर दिया है। टीसीएस ने सोमवार को शेयर बाजार को दिए गए बयान में कहा है, टेलीग्राफ द्वारा प्रकाशित खबर भ्रामक है। इसमें अनुबंध की राशि और टीसीएस के मार्क एंड स्पेंसर के लिए काम करने की निरंतरता समेत तथ्यात्मक विसंगतियां हैं। उसने कहा कि दोनों ने पहले ही स्पष्ट किया है कि एमएंडएस के साथ उसके अनुबंध के बाद एक प्रतिस्पर्द्धी प्रस्ताव अनुबंध प्रक्रिया जनवरी 2025 में शुरू की गई थी, जिसमें ब्रितानी कंपनी ने दूसरी कंपनी की सेवा लेने का फैसला किया था। यह फैसला अप्रैल में साइबर हमले से बहुत पहले कर लिया गया था।

# मजबूत मांग के साथ अर्थव्यवस्था में तेजी जारी: वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय की सोमवार को जारी एक मासिक रिपोर्ट में कहा गया है कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों के कार्यान्वयन और त्योहारी सीजन के साथ ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मांग की स्थिति मजबूत होने से देश की आर्थिक गतिविधियों में तेजी बनी हुई है। सितम्बर, 2025 के लिए इस रिपोर्ट में कहा गया है, मुद्रास्फीति नियंत्रण में है और खाद्य श्रेणियों में अपस्फीति से इसमें मदद मिली है।

वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में खुदरा मुद्रास्फीति घट कर 1.7 प्रतिशत तक आई है। गैर-खाद्य और गैर-ईंधन वस्तुओं की कीमतें स्थिरता के साथ सितम्बर 2025 में मुख्य मुद्रास्फीति (विनिर्मित उत्पाद के वर्ग की) अनुमानित 4.6 प्रतिशत रही। वित्त मंत्रालय ने कहा कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र ने आपूर्ति पक्ष में अच्छा विस्तार किया है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में अनुमान से ज्यादा वृद्धि और दूसरी तिमाही



में लगातार वृद्धि के रुझानों को देखते हुए, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चालू वित्त वर्ष के वृद्धि के अनुमान को सुधार किया है और इसके 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। रिपोर्ट में देश के वैश्विक व्यापार के संबंध में कहा गया है, अनिश्चितताओं से भरे वैश्विक व्यापार परिदृश्य के बीच भारत की बाह्य आर्थिक गतिविधियां वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में मजबूत बनी हुई हैं। देश के कुल निर्यात में (वस्तुओं और सेवाओं को मिला कर) चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में सालाना आधार पर 4.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 413.3 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया।

# लखनऊ के रेलवे हॉस्पिटल में लगी आग सीसीयू में फंसे 22 मरीजों का रेस्क्यू

**लखनऊ।** लखनऊ के आलमबाग स्थित रेलवे हॉस्पिटल में सोमवार तड़के भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगते ही तीन मंजिला अस्पताल में धुआं भर गया, जिससे मरीजों और स्टाफ का दम घुटने लगा। हादसे के दौरान क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती 22 मरीज फंस गए, जिन्हें तत्काल रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया। आग की सूचना सुबह 5:38 बजे फायर कंट्रोल रूम को दी गई।

सूचना मिलते ही दमकल की टीमें 5:48 बजे मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। शुरुआती जांच के अनुसार आग अस्पताल के भूतल पर बने सीसीटीवी सर्वर रूम में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। कुछ ही मिनटों में लपटें उठीं और धुआं पूरे ग्राउंड फ्लोर में फैल गया। इससे फर्स्ट फ्लोर स्थित सीसीयू यूनिट धुएं से भर गई, जहां मरीज भर्ती थे। धुआं बढ़ते ही अस्पताल में चीख-पुकार और भगदड़ मच गई। फायर अलार्म बजने लगे। अस्पताल के स्टाफ और मरीजों के परिजनों ने मिलकर जैसे-तैसे सीसीयू में भर्ती मरीजों को बाहर निकाला। इस बीच सूचना पाकर दमकल की दो गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और रैंप व सीढ़ियों के रास्ते सभी मरीजों को बाहर निकाला गया। गंभीर मरीजों को स्ट्रेचर और व्हीलचेयर से सुरक्षित वार्ड में शिफ्ट किया गया तथा ऑक्सीजन सपोर्ट दिया गया। आलमबाग फायर स्टेशन प्रभारी धर्मपाल सिंह ने बताया कि ष्एक घंटे के भीतर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। आलमबाग और हजरतगंज फायर स्टेशन से एक-एक गाड़ी मौके पर पहुंची थी। सभी मरीजों को सुरक्षित अन्य वार्डों में स्थानांतरित किया गया है। फायर अधिकारियों ने बताया कि सर्वर रूम की वायरिंग जलकर खाक हो गई है, लेकिन समय पर राहत कार्य शुरू हो जाने से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। धुएं को बाहर निकालने के लिए स्मोक गन और एक्सट्रैक्शन फैन का उपयोग किया गया। वहीं रेलवे प्रशासन ने आग की जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। सीएमएस डा. संगीता सागर ने बताया कि अग्निकांड में किसी की जान नहीं गई है। आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी, जिसे बुझा दिया गया है। सभी मरीज, परिजन और अस्पताल स्टाफ सुरक्षित हैं। स्थिति अब पूरी तरह सामान्य है और सभी वार्डों में चिकित्सा सेवाएं बहाल कर दी गई हैं।

# नारायणी नदी के तट पर उतरी अंतरिक्ष की प्रयोगशाला

कुशीनगर, वार्ता

उप्र में कुशीनगर जिले के तमकुही के जंगलीपट्टी गांव के समीप नारायणी नदी के तट पर अंतरिक्ष की प्रयोगशाला उतरी, तो पांच मिनट के अंतराल पर 20 मिनट में चार रॉकेट प्रक्षेपित हुए।

एक किलोग्राम का कैनसेट लेकर 20 किलोग्राम के रॉकेट ने जब आसमान में 700 से 900 मीटर की दूरी तय की तो उत्तर भारत में पहली बार कुशीनगर में होने वाली इन-स्पेस मॉडल राकेट्री-कैनसेट इंडिया स्टूडेंट कंप्टीशन 2024-25 ने आविष्कार, नवाचार का नया अध्याय भी लिखा। प्रक्षेपण के लिए एक प्लेटफॉर्म पर पांच रॉचिंग पैड बनाए गए थे। प्रक्षेपण की शुरुआत सुबह सात बजे से होनी थी, लेकिन सिस्टम ठीक करने में देरी के चलते 9.30 बजे टीम नंबर 28 द्वारा पहला सफल प्रक्षेपण किया गया। इसरो और इन-स्पेस के वैज्ञानिकों द्वारा प्रशासनिक टीम की मौजूदगी में सोमवार से गुरुवार तक चार दिवसीय रॉकेट लॉन्च प्रक्षेपण कार्यक्रम के तहत पहले दिन सोमवार को सुबह 9 बजे रॉकेट लॉन्च प्रक्षेपण कार्यक्रम शुरू हुआ। सुबह 9 बजे से शुरू हुआ राकेट लॉन्च प्रक्षेपण कार्यक्रम सुबह 9 बजकर 50 मिनट तक चला। वैज्ञानिकों की टीम ने हर पांच मिनट के अंतराल पर 4 राकेट का सफल प्रक्षेपण किया। लगभग आठ सौ से एक किलोमीटर की दूरी वाले इन रॉकेट लॉन्चर के सफल प्रक्षेपण को लेकर इससे जुड़े वैज्ञानिकों की टीम एवं प्रशासनिक टीम काफी उत्साहित रही। रॉकेट लॉन्च प्रक्षेपण कार्यक्रम के तहत पहले दिन 10 टीमों द्वारा दस राकेट को लॉन्च कर उनका प्रक्षेपण किया जाना था, लेकिन 6 टीमें प्रक्षेपण के लिए तैयार नहीं हो सकी थी। जिससे इस कार्यक्रम में चार राकेट लॉन्च हो सके। सुबह 9 बजे से शुरू हुआ राकेट लॉन्च प्रक्षेपण में हर पांच मिनट के अंतराल पर 4 राकेट लॉन्च कर उनका सफल प्रक्षेपण किया गया। लगभग 50 मिनट के अंदर 800 मीटर से एक किलोमीटर की दूरी वाले इन चारों राकेट लॉन्चरों के सफल प्रक्षेपण से इससे जुड़े वैज्ञानिकों की टीम एवं प्रशासनिक टीम काफी उत्साहित रही। वही एपी तटबंध किनारे शुरू हुए इस प्रक्षेपण कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर ग्रामीणों सहित युवाओं में अति उत्साह देखने को मिला। राकेट लॉन्च के सफल प्रक्षेपण कार्यक्रम को लेकर इसरो के वैज्ञानिक अभिषेक सिंह ने बताया कि इन-स्पेस मॉडल रॉकेट्री/कैनसैट इंडिया छात्र प्रतियोगिता 2024- 25 का आयोजन एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस), इसरो और अन्य संघों के सहयोग से छात्र समुदाय के बीच अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुझान पैदा करने के लिए किया जा रहा है।

■ प्रक्षेपण के लिए एक प्लेटफॉर्म पर पांच रॉचिंग पैड बनाए गए थे

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काशीपुर, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, वृद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# प्रोपर्टी डीलर की दबंगई से परेशान युवक की डिप्रेशन में मौत

## सूदखोरों और भूमाफियाओं की मनमानी से त्रस्त खतौलीवासी, प्रशासन से लगाम कसने की मांग

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** क्षेत्र में सूदखोरों, भूमाफियाओं और प्रोपर्टी डीलरों की मनमानी व दबंगई से आम लोगों का जीना दुश्वार होता जा रहा है। इनके जाल में फंसकर कई लोग आर्थिक व मानसिक रूप से टूट चुके हैं। कुछ माह पूर्व सूदखोर की दबंगई से परेशान होकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली थी, वहीं अब एक और मामला सामने आया है, जिसमें दबंग प्रोपर्टी डीलर की मनमानी से परेशान युवक की डिप्रेशन के चलते मौत हो गई। घटना से नगर में आक्रोश फैल गया है और लोगों ने प्रशासन से ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।





जानकारी के अनुसार, इस्लामनगर निवासी आफताब पुत्र शरीफ ने बीते 6 जुलाई को कढ़ली गांव निवासी एक प्रोपर्टी डीलर से 6 लाख 30 हजार रुपए में शाहनजर कॉलोनी में 60 वर्ग गज का प्लॉट अपनी पत्नी के नाम खरीदा था। आरोप है कि आफताब ने पूरी रकम अदा करने के बावजूद डीलर ने प्लॉट का बैनामा करने से इंकार कर दिया और अतिरिक्त रुपये की मांग करने लगा। बताया गया कि प्रोपर्टी डीलर की इस दबंगई और मनमानी से आफताब मानसिक रूप से परेशान रहने लगा। परिजनों का कहना है कि लगातार तनाव के चलते शनिवार 26 अक्टूबर को आफताब की तबीयत अचानक बिगड़ गई और डिप्रेशन की स्थिति में उसे हार्ट अटैक आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आफताब की मौत से परिवार में को. हराम मच गया। मृतक के पुत्र अदनान ने आरोपित प्रोपर्टी डीलर के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। स्थानीय लोगों ने कहा कि खतौली क्षेत्र में सूदखोरों और प्रोपर्टी डीलरों की दबंगई लगातार बढ़ती जा रही है। अगर प्रशासन ने समय रहते इन पर लगाम नहीं लगाई, तो ऐसे और भी निर्दोष लोग इनकी लालच और मनमानी की भेंट चढ़ते रहेंगे।

# कपड़े की दुकान में भयंकर आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान

■ व्यापार मण्डल अध्यक्ष अजीत छाबडा की दुकान में हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** कस्बे के मोहल्ला हुसैनपुरा स्थित छाबड़ा क्लॉथ हाउस में गत रात्रि अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और दुकान में रखा लाखों रुपये का कपड़े और अन्य सारा सामान जलकर स्वाहा हो गया। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बड़ा नुकसान हो चुका था।

जानकारी के अनुसार, यह दुकान स्थानीय व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजीत सिंह छाबड़ा की है, जो छाबड़ा क्लॉथ हाउस के नाम से संचालित होती है। देर रात दुकान से आग की लपटें निकलती देख आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और दुकान मालिक को दी। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर राजीव शर्मा के साथ स्थानीय पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुँचा। इंस्पेक्टर शर्मा ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचित किया। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड के कर्मचारी भी तुरंत मौके पर पहुँचे।

चूंकि दुकान का शटर बंद था और आग अंदर ही अंदर फैल रही थी, इसलिए कर्मचारियों को भारी मशक्कत करनी पड़ी। फायर ब्रिगेड की टीम ने दुकान का शटर तोड़कर अंदर प्रवेश किया और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। घंटों की





मेहनत के बाद आग पर तो काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक दुकान के अंदर रखा कपड़ा, रेडीमेड गारमेंट्स और अन्य बहुमूल्य सामान पूरी तरह से जलकर राख हो चुका था।

### शॉर्ट सर्किट की आशंका

बताया जा रहा है कि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है, लेकिन शार्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। इस अग्निकांड में व्यापार मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह छाबड़ा का लाखों रुपये का भारी नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी और गणमान्य लोग मौके पर जमा हो गए। पुलिस ने नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है और आग लगने के वास्तविक कारणों की जाँच की जा रही है।

## फायरिंग व घायल करने में आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** 22 अक्टूबर को अभिनव व अनुराग व अन्य साथियों के खिलाफ जागाहेडी थाना तितावी निवासी ओमकार सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था कि उसके बेटे रमन मलिक और उसके साथी आशीष पुत्र कृष्ण को गोली मारकर घायल कर दिया गया।पुलिस ने इस मामले का मुकदमा दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी थी। दोनो घायल घटना के दिन से ही जिला अस्पताल से रैफर होकर मेरठ के अस्पताल में इलाज करा रहे है। ओमकार ने बताया था कि उसका बेटा व उसका साथी जन्मदिन की पार्टी मनाकर जब कही जा रहे थे तो रास्ते में उक्त लोगों ने उसके बेटे की कार रोक कर फायरिंग कर दी थी पुलिस ने इस मामले में पंकज पुत्र ब्रजवीर सिंह को गिरफ्तार किया।

# खलासी गंगनहर में व्यक्ति का नग्न शव मिलने से सनसनी

## पुलिस ने सड़ी गली लाश को बाहर निकाला, नहीं हुई पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** सोमवार सुबह खतौली फुलत मार्ग स्थित खलासी गंगनहर में एक युवक का नग्न शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। नहर के किनारे से गुजर रहे राहगीरों ने शव को देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। सूचना के बाद भैंसी चौकी प्रभारी नंदकिशोर शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नहर से बाहर निकलवाया। पुलिस ने बताया कि शव काफी पुराना है, करीब 10 से 20 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। शव सड़ा-गला और नग्न अवस्था में था। मृतक का सिर गंजा था तथा सिर के पिछले हिस्से में चोटी थी। पुलिस का कहना है कि शव हरिद्वार की ओर से बहकर आया और खलासी नहर में अटक गया। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, सुबह करीब नौ बजे जब कुछ राहगीर खलासी पुल से गुजर रहे थे, तभी उनकी नजर नहर में अटके शव पर पड़ी। देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ जुट गई और मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया।



# टोल प्रकरण में मांगेराम सहित तीन पर मुकदमा

■ पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार/मुजफ्फरनगर।** टोल ठेकेदार के द्वारा मांगेराम त्यागी व दो साथियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने को लेकर मांगेराम त्यागी ने कहा कि वे सर्व समाज के लोगों के साथ जेल भरो आंदोलन शुरू करेंगे। पुलिस को गिरफ्तारी की जरूरत ही नहीं पडेगी। रालोद ने अगर बिनोद मलिक को निष्कासित नहीं किया तो प्रदेश में उसका विरोध किया जायेगा। पत्रकारों से बातचीत में मांगेराम त्यागी ने कहा कि टोल मेनेजर की हत्या बिनोद मलिक के लोगों ने की है।अगर वे अपराधी थे तो नौकरी पर क्यों रखे थे। वे तो गरीब, किसान ,मजदूर किसी भी बिरादरी का हो उनकी आवाज उठाते रहेंगे। कोई भी जनप्रतिनिधि ब्राह्मण युवक की हत्या पर चले धरने में नहीं पहुंचा वह चाहे विपक्ष ही क्यों न हो जबकि रामपुर में सभी पहुंचे। लोकसभा चुनाव में उनके विरुद्ध एससी एक्ट में ओर अब यह मुकदमा दर्ज कराया गया उन्होंने कहा कि सरकार के नुमाइंदों में जिनकी सम्पत्ति दस लाख थी अब हज़ारों करोड़ की हो गई है उनकी जांच होनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी को लोग चाहते हैं लेकिन ये मगरमच्छ नहीं चाह रहे हैं। टोल धरने पर अखलेश तक या उसका प्रतिनिधि नहीं पहुंचा।आगामी चुनाव में पूरे प्रदेश में निर्दलीय प्रत्याशी खड़े किये जायेंगे।रिपोर्ट से अगर उसका नाम निकाला और दो का रखा गया तो वे भी जेल जायेंगे। उक्त मामले में कमेटी मंगलवार को निर्णय लेगी उसके बाद ही प्रदेश में सभी वर्ग व जातियों के लोग जेल भरो आंदोलन चलाया जायेगा।

# मुकदमा दर्ज होने पर भड़के मांगेराम त्यागी

## बोले-होगा आंदोलन, सर्वसमाज के साथ देंगे गिरफ्तारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अपने खिलाफ छपार थाने में रंगदारी का मुकदमा दर्ज होने पर त्यागी भूमिहार ब्राहमण समिति के राष्टीय अध्यक्ष मांगेराम त्यागी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मैं इस मुकदमे से नहीं डरता, मैं इसका डर नहीं बल्कि अफसोस है कि ब्राहमण समाज के युवक को नृशंस तरीके से हत्या कर दी गई।

सोमवार को अपने आवास पर मीडिया के सामने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि हमने एक निर्दोष ब्राहमण समाज के युवक की हत्या होने के बाद उसके परिवार को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ी है। अगर यह जुर्म किया है तो सजा भी भुगत लेंगे। लेकिन हमारे ऊपर दबाव में कार्यवाही की गई है। और उन अधिकारियों का स्वागत करते है।

हमने गरीब मजलूमों के परिवारों के बच्चों की हक की लड़ाई लड़ी है। यहां के मंत्री और विधायकों पर थोड़ी सम्पत्ति थी और आज वो सम्पत्ति हजारों करोड़ों की हो गई है। दलाल हमें बता रहे हैं। हजार मुकदमों से भी मैं घबराता नहीं हूं, पहले एससी एसटी में मुकदमा कराया गया था। अब फिर एक महीने पहले के कागज पर मुकदमा लिखा गया है। विनोद मलिक का न तो टोल है और न ही उसका कोई कर्मचारी नहीं है। अब समाज के लिए जेल जाने को तैयार हैं।

उन्होंने कहा कि 2027 में सीएम योगी को भी पता चल जायेगा कि त्यागी, ब्राहमण और गुर्जर समाज के लोगों को जेल भेजने का क्या परिणाम होता है। सपा, कांग्रेस और बसपा के लोगों का भी समाज इलाज करेगा। उन्होंने कहा कि आज मुक. दमा दर्ज होने की जानकारी मिली है। इसके लिए हमारी पूरी कमेटी ने बैठक कर विचार किया है। पूरे प्रदेश में आंदोलन चलाया जायेगा। एसएसपी कार्यालय में हम समाज के लोगों के साथ गिरफ्तारी देने पहुंचेंगे। बहुत जल्द ही मांगेराम त्यागी सर्वसमाज के साथ, जिसमें पाल, कश्यप, दलित, त्यागी और गुर्जर के साथ ही जाट समाज के लोग शामिल हैं, आंदोलन पर उतरेगा। हम पूरे समाज के साथ गिरफ्तारी देंगे। महात्मा टिकैत और चरण सिंह के प्रति हमारे मन में सम्मान है। जाट समाज हमारा ही समाज है।

मुझे भी इन लोगों ने मुकदमे पर मुकदमे करते हुए हिस्ट्रीशीटर बना दिया है। हम गरीब और मजलूमों की लड़ाई लड़ रहे हैं, खतरा हमें है, इन लोगों को कैसा खतरा हो गया। हम भी इन लोगों पर मुकदमा करेंगे।

# कई दरोगा व इंस्पेक्टर इधर से उधर

## कुछ को मिली नई तैनाती, कुछ को दिखाया लाइन का रास्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में शांति कायम कराने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा पूरी तरह प्रयास रत है वह एक और जहां अपराधियों पर कठोर कार्यवाही कर रहे है तो लापरवाह व दुर्व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही भी कर रहे है। बीती रात भी एसएसपी ने अपराधियों पर लगाम कसने के लिए कई दरोगाओं को इधर से उधर करते हुए कई को चौकी प्रभारी के पद पर नियुक्त किया है। एसएसपी ने इंस्पेक्टर व दरोगाओं को नई जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होने हिंडन चौकी पर प्रभारी के पद पर नियुक्त पुष्पेन्द्र कुमार को दधेडू चौकी का कार्यभार सौंपा है और बिरालसी चौकी इंचार्ज गोविंद चौधरी को हिंडन नदी की जिम्मेदारी सौंपी है। एसएसपी ने दधेडू चौकी प्रभारी संजय तोमर को बिरालसी चौकी पर तैनात कर दिया है और रतनपुरी थाने के एसएसआई जबर सिंह को लाइन में भेज दिया है। इंस्पेक्टर ललित कुमार को मोरना कस्बे की चौकी की जिम्मेदारी सौंपी है और मोरना चौकी प्रभारी गजेन्द्र सिंह को फुगाना भेजा है। दरोगा नवीन कुमार को धमात चौकी प्रभारी बनाया गया और दरोगा रविन्द्र कुमार को रतनपुरी की सटेडी चौकी की जिम्मेदारी सौंपी है। और सतीश कुमार को पुलिस लाइन से जानसठ भेजा है और नरेन्द्र कुमार को पुलिस लाइन से थाना ककरौली की चौकी जटवाडा प्रभारी बनाया गया है। एसआई कृष्णपाल सिंह को पुलिस लाइन से रतनपुरी और इंसपेक्टर संजय गिरी को खालापार क्राइम इंचार्ज बनाया है। खालापार चौकी पर तैनात लोकेश गौतम को छपार भेज दिया है और इंस्पेक्टर असगर अली को खालापार चौकी इंचार्ज बनाया है, जबकि इंस्पेक्टर सतपाल को पुलिस लाइन से खालापार थाने में भेजा है और एसआई विक्रांत कुमार को रामलीला टिल्ला चौकी प्रभारी बनाया गया है। इंस्पेक्टर शिव कुमार शर्मा को पुलिस लाइन से मीरांपुर थाने में भेजा है और इंस्पेक्टर नीरज शर्मा को पुलिस लाइन से रतनपुरी, दरोगा सतेन्द्र शर्मा को पुलिस लाइन से बुढ़ाना और मंडी थाना चौकी प्रभारी बाल कृष्ण को फुगाना थाना भेजा है।

## ताला तोड़कर चोरी किए गए जेवर बरामद

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज होने के कुछ देर बाद ही मकान का ताला तोडकर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किए गए सोने चांदी के जेवर व कीमती सामान बरामद किया गया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी अभिषेक सिंह ने बताया कि 27 अक्टूबर को सुनील कुमार उर्फ सोनू निवासी जसवंतपुरी सरवट ने मुकदमा दर्ज कराया था कि बदमाशों ने घर का ताला तोडकर सोने चांदी व कीमती सामान चोरी कर लिया है पुलिस ने इस मामले में अनिकेत पाल पुत्र जयवीर पाल निवासी जसवंतपुरी व हर्ष शर्मा निवासी गाजावाली पुलिया थाना सिविल लाइन को गिरफ्तार कर लिया है और चोरी का सभी सामान बरामद किया गया।

किसान आई हॉस्पिटल
डॉ. गालिब हसन
M.B.B.S., D.O., M.S.
फीस 100/- रुपये मात्र
नेत्र रोग विशेषज्ञ व फेको सर्जन
(भूतपूर्व नेत्र सर्जन नेहरू हॉस्पिटल, टाउन हॉल, मुजफ्फरनगर)
M: 9897190592
सुविधाएं- मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि द्वारा विदेशी लैन्स के साथ, शुगर व बी.पी. के मरीजों की पर्दे की जाँच व इलाज, आँखों के समस्त ऑपरेशन सस्ते दामों पर किए जाते हैं।
J&J हमारे यहाँ जॉनसन एण्ड जॉनसन और एल्कोन के लैंस उपलब्ध है। Alcon
मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि (लेजर) द्वारा विदेशी लैंस के साथ आधुनिक मशीनों द्वारा बिना इंजेक्शन, बिना दर्द और बिना टांके किया जाता हैं।
मोतियाबिन्द ऑपरेशन मात्र 7500/- से शुरु
पताः चरथावल-थानाभवन बस स्टैण्ड, मेन रोड, भारत पैट्रोल पम्प के सामने, मुजफ्फरनगर मो. 9045591662

# 65 लाख की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

■ साइबर थाने में हुआ था मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने ट्रेडिंग के नाम पर 65 लाख की ठगी करने में पुलिस को चकमा देकर छुपे अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया।

साइबर क्राइम थाना पुलिस ने बताया कि उनके थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था कि अज्ञात लोगों ने टेलीग्राम ग्रुप पर जोडकर ट्रेडिंग कराने के नाम पर धोखाधडी करते हुए साइबर क्राइम किया है। ग्रुप के माध्यम से बदमाशों ने उनसे 65 लाख की ठगी की है पुलिस ने इस मामले को आईटीएक्ट के तहत दर्ज कर लिया था इसके बाद पुलिस ने बदमाशों तक पहुंचने के लिए भागदौड़ शुरू की और इस मामले में सर्विलांस का सहारा लिया गया। भागदौड के बाद अजहरउल्ला पुत्र इसरत निवासी गुलाबगंज थाना कैंड जनपद गुणा मध्य प्रदेश का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने अजहरउल्ला को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि छानबीन से पता चला कि आरा. पी के द्वारा बैंक खाते में प्रयोग किए गए एक करोड 68 लाख 27 हजार से अधिक का लेनदेन हुआ है। और इस मामले में एनसीआरपी/साइबर पोर्टल पर 36 शिकायते है जिसमें ग्यारह करोड इक्कीस लाख की धोखाधडी है।

College Code- 1491
शिवा कॉलेज ऑफ फार्मेसी
Admission Open
Session 2025-26
(JEECUP COUNCILING START)
D. Pharma
- सरकारी फीस पर प्रवेश
- छात्राओं के लिए विशेष छूट एवं सुविधा
- अनुभवी शिक्षक
- आधुनिक प्रयोगशालाएं
- छात्रों के लिए मॉडर्न लाइब्रेरी एंव बुक बैंक की व्यवस्था
Contact No.
9690731170, 9411449915, 9927075234
पताः- नियर एनएच-58, जौली रोड़, बिलासपुर, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)

# वाटर कूलर से बिजली-पानी चोरी कर गांव में बांट रहा मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली तहसील क्षेत्र के गांव भयागी में सरकारी वाटर कूलर से अवैध रूप से बिजली और पानी की चोरी कर एक व्यक्ति पूरे गांव की जान से खिलवाड़ कर रहा है। वाटर कूलर में करंट उतरने से अब तक कई लोग झुलस चुके हैं, वहीं एक बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना से गांव में दहशत और आक्रोश दोनों फैले हुए हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव का ही एक व्यक्ति सरकारी वाटर कूलर से अवैध कनेक्शन लेकर पानी और बिजली की चोरी कर रहा है।



इसी कारण आए दिन वाटर कूलर में करंट उतर जाता है। विगत दिनों किसान बेगराज पुत्र रतन सिंह की पोती सिया पानी लेने पहुंची थी, तभी करंट की चपेट में आने से वह वाटर कूलर से चिपक गई। हादसे में वह गंभीर रूप से झुलस गई और उसके शरीर पर कई जगह जलन के निशान बन गए। बच्ची का इलाज फिलहाल जारी है। बेगराज ने बताया कि इस संबंध में वह जिलाधिकारी, एसडीएम खतौली राजकुमार भारती और बीडीओ खतौली को लिखित शिकायत दे चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि उक्त व्यक्ति ने वाटर कूलर से बोरिंग और पाइप लाइन जोड़कर घर तक पानी खींचने की व्यवस्था कर रखी है, वहीं बिजली की लाइन भी सीधे सरकारी सप्लाई से जोड़ रखी है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बार-बार शिकायत के बावजूद प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। गांव में लोगों का कहना है कि यह लापरवाही किसी बड़े हादसे को जन्म दे सकती है। ग्रामीणों ने जिला. धिकारी से तत्काल जांच और कार्रवाई की मांग की है।

## राष्ट्र निर्माण में सरदार पटेल के योगदान को आत्मसात करें युवा: कपिल

# जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी की समीक्षा की



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों, प्रबंधकों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आगामी लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती समारोह की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की। कलेक्ट्रेट स्थित चौधरी चरण सिंह सभागार में

मंत्री कपिल देव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 31 अक्टूबर को देशभर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में सरदार पटेल की जयंती आयोजन भारत की एकता, अखंडता और राष्ट्रनिष्ठा का जीवंत प्रतीक बनेगा। उन्होंने सभी शिक्षण संस्थानों से इस ऐतिहासिक अवसर पर अधिका. धिक विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया, ताकि युवा पीढ़ी सरदार पटेल जी के राष्ट्रनिर्माण में योगदान और उनके 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संदेश को आत्मसात कर सके।

इस अवसर पर मंत्री ने बताया कि अपनी विधानसभा क्षेत्र में 31 अक्टूबर 2025 को निम्न प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें 31 अक्टूबर को 'रन फॉर यूनिटी' एकता दौड़ प्रातः 7 बजे टाउन हॉल मैदान से होगी। उन्होंने कहा कि इस 'एकता दौड़' में विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामा. जिक संगठनों, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। यह दौड़ न केवल एकता का संदेश देगी बल्कि सरदार वल्लभभाई पटेल जी की अद्वितीय राष्ट्रसेवा, दृढ़ नेतृत्व और अखंड भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगी।

उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम सब मिलकर उनके विचारों और कार्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाएं, जिससे राष्ट्रनिर्माण की भावना और मजबूत हो सके। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय गर्ग, सभासद बिजेंद्र पाल, कार्यक्रम लोकसभा सहसंयोजक आशुतोष शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित प्रशास. निक अधिकारी शिक्षा विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# पुलिस ने युवती को जबलपुर से किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बघरा आश्रम के स्वामी यशवीर महाराज की चेतावनी के कुछ घंटों बाद ही बुढाना पुलिस ने गायब हुई लगभग 20 साल की एक युवती को मध्य प्रदेश से बरामद करते हुए आरोपी को भी पकड़ लिया है। पुलिस ने युवती को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया है। 23 दिन पूर्व गायब हुई इस युवती की गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस ने 4 दिन पूर्व ही दर्ज की थी। युवती के बरामद होने से कुछ ही घंटे पहले आज इस मामले में एक नया मोड़ आया। जिसमें युवती के भाई ने एक वीडियो जारी करते हुए एक मुस्लिम युवक पर अपनी बहन का धर्म परिवर्तन कराने का खुला आरोप लगाया। पुलिस की ढिलाई के चलते पीड़ित ने स्वामी यशवीर महाराज के दरबार में अजह्न लगाई तो पुलिस भी हरकत में आई और युवती को चंद घंटों बाद ही बरामद कर लिया। बीते 5 अक्टूबर को बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव गढ़ी सखावतपुर से एक दलित युवती किसी अज्ञात व्यक्ति संग चली गई थी। पहले तो परिजनों ने युवती को कई दिनों तक इधर उधर तलाशঃ किया लेकिन जब वह नहीं मिली तो युवती के भाई ने बीती 23 अक्टूबर को अपनी बहन को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट एक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध दर्ज कराई। पुलिस इस युवती को 05 दिनों से तलाश रही थी कि इस मामले में आज सोमवार की सुबह एक नया मोड़ आया। जिसमें युवती के भाई ने बाकायदा एक वीडियो जारी करके बताया कि उसकी बहन को तालिब नाम का एक मुस्लिम युवक बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है। उसने उसकी बहन का धर्म परिवर्तन कराते हुए उससे निकाह भी कर लिया है। वह गढी सखावतपुर पुलिस चौकी पर रिपोर्ट लिखवाने गया तो बुढ़ाना पुलिस ने आरोपी की नामजदगी ना करके अज्ञात में मामला दर्ज किया। पीड़ित इसी बात से हताश होकर आज बघरा जाकर स्वामी यशवीर महाराज से मिला और उन्हें पूरी घटना बताई तो उन्होंने बुढाना पुलिस को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर पुलिस ने शीघ्र ही युवती की बरामदगी, आरोपी मुस्लिम युवक और धर्म परिवर्तन कराकर निकाह पढाने वाले मौलाना को जेल नहीं भेजा तो वे शीघ्र आरोपी के घर के पास धरना देने पर मजबूर होंगे। उक्त आरोपी ने नवयुवती से एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल कराई है। जिसमें युवती आरोपी के दबाव में आकर कह रही है कि उसने मुस्लिम युवक से निकाह कर लिया है। उधर स्वामी की इस चेतावनी का पुलिस पर इतना असर हुआ कि पहले से ही युवती की तलाश में लगी पुलिस ने आज युवक युवती को जबलपुर से बरामद कर लिया। उक्त आरोपी चार बच्चों का बाप है। उधर पुलिस ने युवती को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर दिया है।

### क्या कहते हैं सीओ गजेंद्र पाल सिंह....

**बुढ़ाना।** इस बारे में सीओ गजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि बुढ़ाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री के घर से चले जाने के बारे में थाना बुढ़ाना को तहरीर देकर बताया था।

तहरीर के आधार पर बुढ़ाना पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लड़की की सकुशल बरामदगी हेतु 2 टीमें गठित की। टीमों ने जल्द कार्यवाही कर वादी की पुत्री को सकुशल बरामद कर लिया। प्राथमिक जांच में 2 लोगों की संलिप्तता सामने आई है। जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है।

# निकिता शर्मा को खतौली व राजकुमार को जानसठ तहसील का चार्ज सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कई एसडीएम स्तर के अधिकारियों के तबादले करते हुए नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। दो माह पूर्व मंत्री अनिल कुमार के साथ बने विवादों के चलते हटाई गई पीसीएस अधिकारी निकिता शर्मा को खतौली तहसील का चार्ज दिया गया है। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने सोमवार को प्रशासनिक फेरबदल करते हुए कई उप जिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्रों में बदलाव किया। नई व्यवस्था के मुताबिक एसडीएम मुख्यालय निकिता शर्मा को खतौली तहसील का चार्ज सौंपा गया है। वहीं, वर्तमान में खतौली में तैनात एसडीएम राजकुमार भारती को एसडीएम जानसठ के पद पर स्थानांतरित किया गया है। इसके अतिरिक्त, जानसठ तहसील में एसडीएम न्यायिक पद पर कार्य देख रहे पीसीएस अधिकारी राहुल देव भट को मुख्यालय से अटैच कर दिया गया है। अब वे निकिता शर्मा के स्थान पर एसडीएम मुख्यालय की जिम्मेदारी संभालेंगे। दरअसल सदर तहसील में एसडीएम रही निकिता शर्मा के खिलाफ कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर उन पर गंभीर आरोप लगाए थे। मंत्री ने अपने पत्र में लिखा था कि एसडीएम का व्यवहार न केवल जनप्रतिनिधियों के प्रति अनुचित है, बल्कि आम जनता के प्रति भी असंवे. दनशील है। साथ ही यह आरोप भी लगाया गया था कि निकिता शर्मा ने भू-माफियाओं के साथ मिलकर अवैध प्लॉटिंग को संरक्षण दिया, जिससे जनता में भारी रोष व्याप्त है। इन आरोपों के बाद शासन ने जिला. धिकारी उमेश मिश्रा को जांच के आदेश दिए थे। जांच के उपरांत डीएम ने छह अगस्त को उनके पद से हटाकर उन्हें एसडीएम सदर पद से हटाते हुए मुख्यालय का दायित्व सौंपा था। अब लगभग ढाई माह बाद निर्. कता शर्मा को पुनः जिम्मेदारी देते हुए खतौली तहसील की एसडीएम बनाया गया है।

### श्री महाराजा अग्रसेन युवा समिति बुढाना के अध्यक्ष बने अनूप गर्ग

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के बड़ौत रोड पर स्थित केशव पैलेस बुढ़ाना में आज सोमवार के दिन अग्रवाल समाज की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें कस्बा बुढ़ाना के अग्रवाल समाज के समस्त लोग बैठक में पहुंचे। श्री महाराजा अग्रसेन युवा समिति से जुडे सभी लोगों ने सर्व सम्मति से यहां पर अनूप गर्ग को बुढ़ाना का अध्यक्ष बनाया। नये अध्यक्ष अनूप गर्ग ने कहा कि आज यहां पर मुझे जो जिम्मेदारी मिली है मैं उसको पूरी ईमानदारी के साथ निभाऊंगा और सभी को एक साथ लेकर चलूंगा। मैं अपने समाज के सभी लोगों के दुख सुख में साथ रहूंगा। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से अग्रवाल समाज के लोगों में सुशील तायल, अमित गोयल गांधी, दीपक गर्ग, मनीष मित्तल, हिमांशु संगल, अंकित गर्ग, पंकज गोयल, शरद गोयल, तरूण गोयल, विक्की गोयल, अखिल संगल, चिराग संगल, गौरव अग्रवाल, नितिन गर्ग, नितिन गोयल, अर्जित संगल, ओजस तायल, संजय गर्ग, अमरीश गर्ग, विक्की गुप्ता, आशीष एरेन, सौरव गोयल, अनुज सिंघल और नीरज गर्ग सहित अग्रवाल समाज के सैंकड़ों व्यक्ति रहे।

# जडौदा में ओपन कराटे चैंपियनशिप का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** होली चाइल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज जड़ौदा में ओपन कराटे चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें होली चाइल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज से मुख्य अतिथि प्रवेंद्र दहिया , एम डी एस विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मंसूरपुर से संचालक अनिल कुमार शास्त्री विशिष्ट अतिथि सत्य प्रकाश तथा गेस्ट ऑफ ऑनर क्रांतिकारी शालू सैनी राष्ट्रीय अध्यक्ष साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट कराटे कोंच सिंहा. सन बसंत उपाध्याय , कराटे कोंच सेंसेई निखिल कुमार, ओर कराटे कोंच सेंसेई नीरज सैनी ने सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्वलित कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया , टूर्नामेंट संचालक कराटे कोंच सेंसेई नीरज सैनी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, मुजफ्फरनगर सहित जानसठ ,मेरठ , देवबंद , रोहाना से लगभग 250 खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में शानदार प्रदर्शन किया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करतें हुए खेल भावना का परिचय दिया, होली चाइल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रवेंद्र दहिया ने बड़ी प्रशंसा के साथ बताया कि .ये हमारे लिए गर्व की बात है कि होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में ओपन कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया ।




उन्होंने नीरज सैनी का होंसला बढ़ाते हुए 3100 रुपए की धनराशि इनाम में दी व सभी बच्चों का होंसला बढ़ाया क्रांतिकारी शालू सैनी सभी अभिभावकों से निवेदन करते हुए कहा कि अपने बच्चो को आत्मरक्षा के लिए जरूर तैयार करे स्पेशली बालिकाओं के लिए उन्होंने कहा कि हमारे देश को पापा की परी नहीं चाहिए शेरनियां .. चाहिए उन्होंने सभी कोच से भी अपील करते हुए कहा कि यदि कोई बच्चा फीस देने में सक्षम नहीं है और उसे सीखने की लग्न है तो हम सबको उसकी मदद करनी चाहिए और ऐसे बच्चे को जरूर सिखाना चाहिए, विशिष्ट अतिथि सत्य प्रकाश रेशु ने सभी छात्रों को अपने जीवन काल कि बात बताते हुए कहा कि आप विवेक. ानंद जैसा बनना है और मजबूती से आगे बढ़ना है कार्यक्रम में राजू सैनी राष्ट्रीय महासचिव साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट भी उपस्थित रहे , कार्यक्रम के अंत में विजेता खिलाड़ियों को पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सभी सहयोगियों ने लाइक्स के उत्साह और निर्देशक की प्रेरणा की और उनके अविस्मरणीय भविष्य की कामना की, इस टूर्नामेंट को सफल बनाने में नितिन बालियान, संत कुमार , विपिन कुमार, आरती , खुशी पाल , शुभम कुमार, अरुण सैनी , आशु कुमार , सौरभ पिलानिया, अभिषेक त्यागी, आशु कुमार, राज कुमार, अरुण सैनी, जगद. ीश पास, हर्ष त्यागी, नीरज पुंडीर, नीशू , गौरांशी , राजकुमारी सैनी , सिहान बसंत उपाध्याय और सेंसेई निखिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पानी की निकासी को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**बुढ़ाना।** नाले के गंदे पानी की निकासी को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के हुसैनपुर कलां गांव के निवासी फैसल खान ने आज सोमवार के दिन बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया की उनके गांव हुसैनपुर कलां में नाले के गंदे पानी की निकासी को लेकर दो पक्षों के बीच काफी दिनों से एक विवाद चल रहा है। जब आज वह उक्त विवाद को कवरेज कर रहा था। तब कवरेज के दौरान गांव के ही तहसीम, शोकीन और मुरसलीम आदि लोगों ने उसके साथ गाली गलौज और अभद्र व्यवहार किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। इस झगड़े का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है।

### भाजपाईयों ने शिक्षक वोट के फार्म किए इकट्ठे

**बुढ़ाना।** भारतीय जनता पार्टी के युवा कार्यकर्ता शाहिद असलम और पुनीत शर्मा ने आज सोमवार के दिन संयुक्त रूप से बुढ़ाना कस्बे के पैंठ बाजार में स्थित शिक्षण संस्था आर्य कन्या इंटर कॉलेज में पहुंचकर वहां पर शिक्षक एमएलसी वोट के फॉर्म एकत्रित किए। उत्तर प्रदेश में होने वाले आगामी शिक्षक एमएलसी चुनाव 2026 के लिए आर्य कन्या इंटर कॉलेज और राजकीय इण्टर कॉलेज में शिक्षक एमएलसी वोट के वे फॉर्म जमा किए जिसमें वोट बनाई गई। यहां पर अधिकतर बुढ़ाना मण्डल में आने वाले कॉलेज और स्कूल में शिक्षको के फॉर्म जमा करके वोट बनाई जा चुकी है। एमएलसी शिक्षक चुनाव के भारतीय जनता पाटह्न के कार्यकर्ता ज़मीनी स्तर वोट बनाने का कार्य कर रहे हैं। जिससे आगामी शिक्षक एमएलसी चुनाव में दमदार मज़बूत तरीके से चुनाव जीता जा सके। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से भाजपा सोशल मीडिया संयोजक व शक्ति केन्द्र बुढ़ाना बी प्रभारी शाहिद असलम, पूर्व मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा व शिक्षक एमएलसी चुनाव मंडल सह संयोजक पुनीत शर्मा ने कॉलेज में जाकर वोट फॉर्म एकत्रित किए। यहां पर आर्य कन्या इंटर कॉलेज बुढ़ाना की प्रधानाचार्य प्रमेश कुमारी और राजकीय इण्टर कॉलेज बुढाना के प्रधानाचार्य आदि उपस्थित रहे।

### चीनी मिल ने अलीपुर अटेरना में की किसान गोष्ठी

**बुढ़ाना।** भसाना चीनी मिल गेट क्षेत्र के ग्राम अलीपुर अटेरना में आज सोमवार के दिन यूनिट हेड चन्द्रवीर सिंह के दिशा निर्देशन में एक भव्य किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता राम नारायण शर्मा गांव अलीपुर अटेरना द्वारा की गई। गोष्ठी में वैज्ञानिक डॉक्टर अवधेश डागर एवं कैन डेवलपमेंट हेड डॉक्टर डीएस सिरोही ने किसानों को शरदकालीन गन्ना बुवाई की उन्नत तकनीक, नई गन्ना प्रजातियों तथा गन्ना फसलों में लगने वाले कीट एवं रोगों की पहचान एवं नियंत्रण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर क्षेत्र के ग्राम टांडा माजरा, वैल्ली, कसेरवा, रसूलपुर दभेड़ी, सियाजुड़ी, कल्याणपुर, टोडा, पलड़ा, पलड़ी, मदवांडा और खेडी गनी आदि गांवों से विकास त्यागी प्रधान, तैमुर राणा, लोकेन्द्र देशवाल, उपेन्द्र पंवार, निरन्जन सिंह, रविन्द्र सिंह, राशिद अली, सत्यवीर प्रधान, भैसाना चीनी मिल के लैब हैड बिजेन्द्र सिंह, सहायक महाप्रबंधक गन्ना योगेन्द्र डबास, गेट इंचार्ज अनिल सिंह और ब्लॉक इंचार्ज कमल मलिक सहित अन्य गन्ना अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। गोष्ठी के अंत में किसानों ने वैज्ञानिकों एवं मिल अधिका. रियों का आभार व्यक्त किया तथा इस प्रकार की बैठकों को भविष्य में भी जारी रखने की मांग की।

### पड़ोसन की इज्जत तार-तार करने का प्रयास

**बुढ़ाना।** एक महिला ने अपने पड़ोसी पर कपडे फाड़कर अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाया है। महिला 10 दिन से चौकी के चक्कर काट रही है लेकिन पुलिस महिला की कोई भी सुनवाई नहीं कर रही है। सोमवार को महिला ने शाह टाइम्स को अपनी पीड़ा बताकर उसकी बात सीओ बुढाना तक पहुंचाने की बात कही है। उसका पति मजदूरी कर बच्चों का पालन पोषण कर रहे हैं। उसके पडौसी अफजाल व वकील पुत्रगण सलीम उसे बेइज्जत करते हैं। फोन पर अश्लील बाते करते हैं। जवान पुत्री पर गन्दी नजर रखते हैं। कहते हैं कि अगर किसी से शिकायत की तो तुम्हे व तुम्हारे परिवार को जान से मार देंगे। उसे अपनी इज्जत व परिवार की जान माल का खतरा बना है। बीती 17 अक्टूबर को वह अपने घर थी। तब अफजाल ने उसके घर में घुसकर उसके साथ जबरदस्ती की। कपडे फाडकर अश्लील हरकतें की। इज्जत खराब करने को जबरदस्ती कमरे में ले जाने लगा और उसका मुंह दबाकर उसे बोलने से रोका तो उसने हाथापाई की। उसने शोर मचाया तो उसके पडौसी मौके पर इकट्ठा हो गये जिन्होनें उसकी इज्जत बचाई। आरोपी ने जाते जाते भी उसके साथ काफी मारपीट की और धमकी देकर गया कि आज तो बच गई आइन्दा तुझे बेइज्जत करके छोडूंगा। तुम इस घर को खाली करके चली जाओ।

# त्रिवेणी शुगर मिल खतौली में पेराई सत्र 2025-26 का शुभारंभ

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड, शुगर यूनिट खतौली में रविवार को पेराई सत्र 2025-26 का शुभारंभ वैदिक हवन-पूजन के साथ किया गया। शुभारंभ के साथ ही गन्ना क्रशिंग शुरू होते ही क्षेत्र के किसानों में उत्साह और खुशी की लहर दौड़ पड़ी। हवन-पूजन का आयोजन मिल परिसर में सम्पन्न हुआ,

जिसमें यजमान के रूप में मिल के चिकित्साधिकारी डा. ए.एन. पाण्डेय रहे। हवन-पूजन विधि-विधानपूर्वक पंडित जगन्नाथ झा एवं पंडित सुधाकर पाण्डेय के निर्देशन में सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी खतौली राजकुमार भारती, उप गन्ना आयुक्त ओ.पी. सिंह, जिला गन्ना अधिकारी संजय सिसौदिया, सीओ राम आशीष यादव, थाना प्रभारी दिनेश भगेल, चेयरमैन अमित कुमार, पूर्व चेयरमैन ऋषिपाल भाटी, समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति, ग्राम प्रधान एवं काश्तकार उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से गन्ना कैरियर में गन्ना डालकर पेराई सत्र का शुभारंभ किया।





### मिल ने पिछली बार रचा था कीर्तिमान

मिल के उपाध्यक्ष (शुगर) डा. अशोक कुमार ने बताया कि गत पेराई सत्र में मिल ने 198 दिनों में 2.51 करोड़ कुन्तल गन्ने की पेराई कर देशभर में अग्रणी स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी मिल पूर्ण क्षमता से संचालन कर, पिछले वर्ष से अधिक गन्ने की पेराई का लक्ष्य पूरा करेगी। डा. कुमार ने किसानों से अपील की कि वे साफ-सुथरा गन्ना समय पर आपूर्ति करें, ताकि पेराई और चीनी उत्पादन के नए कीर्तिमान स्थापित किए जा सकें। पेराई सत्र के शुभारंभ पर सबसे पहले गन्ना लेकर पहुंचने वाले किसानों को मिल प्रशासन की ओर से भैंसा बुग्गी से गन्ना लाने वाले घनश्याम पुत्र हरदेवा ग्राम पिपलहेड़ा, ट्रैक्टर बुग्गी से गन्ना लाने वाले रामसिंह पुत्र काले ग्राम पिपलहेड़ा, तथा ट्रैक्टर ट्रॉली से गन्ना लाने वाले तेजपाल पुत्र पाले ग्राम कपसाड़ पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुलदीप राठी, डी.पी. सिंह, ओ.पी. मिश्रा, डी.पी. गुप्ता, सुशांत ठाकुर समेत मिल के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दो छात्रों पर किया हमला

**बुढ़ाना।** गांव के ही चार युवकों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर कालेज से छुटी मिलने के बाद अपने अपने घरों लौट रहे दो छात्रों को बैल्ट और डंडों से पीटकर घायलঃ कर दिया और पिटाई की वीडियो शूट कर उसको सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दिया। पुलिस अब आरोपियों की तलाश में लगी है। आरोपियों ने छात्रों को किस बात पर पीटा इसका पता नहीं लग पाया। बताया जाता है कि बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के कुरालसी गांव का सूरज ठाकुर गांव में ही स्थित केएस इन्टर कालिज में फस्टियर में पढता है। जो कि बीती 16 अक्टूबर को कालेज से छुट्टी होने के बाद अपने घर पर लौट रहा था। सूरज के साथ गांव का ही आशुतोष पुत्र योगेश्वर भी था। तब रास्ते में ग्राम के ही पीयुष पुत्र प्रविंद्र, दीपांशू पुत्र संजय, वंश पुत्र शेखर, प्रियांशू पुत्र धीरज और गांव के अन्य लड़कों ने सूरज और आशुतोष को पकड़ लिया और उन दोनों के साथ बैल्ट और डंडों से अकारण ही मारपीट कर पिटाई करने का वीडियो बनाकर उसको सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दिया। पता चलने पर दोनों छात्रों के परिजन मौकै पर आए और पुलिस को सूचना देते हुए दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में भर्ती कराया। जहां पर दोनों छात्र अपनी पिटाई से सदमे में हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

मैंने अपना नाम **पंकज** से बदलकर **पंकज रतूड़ी (PANKAJ RATURI)** रख लिया है। भविष्य में मुझे **पंकज रतूड़ी (PANKAJ RATURI)** के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**पंकज रतूड़ी पुत्र देवी प्रसाद (DEVI PRASAD)**
निवासी- 459क, पैठ मार्ग, भवानी मंदिर, खतौली, मुजफ्फरनगर

# अब नीति निर्माता बनना चाहता है आधुनिक किसान: कुमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** हॉर्टिकल्चरिस्ट एवं एग्रोनॉमिस्ट जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी श्वविवद्यालय पंतनगर से जुड़े बुढ़ाना ब्लाक के गांव राजपुर छाजपुर के निवासी सुबोध कुमार ने बताया कि कृषि नीति में किसानों मजदूरों की भागीदारी का समय आ गया है। भारत के किसान मजदूर अब सिर्फ अन्नदाता नहीं बल्कि नीति निर्माता बनना चाहते हैं। आज जब देश की 65 प्रतिशत आबादी खेती से जुड़ी है तो संविधान में किसान मजदूर को उचित स्थान क्यों नहीं मिला? किसान को केवल राजनीतिक मुद्दा बनाकर छोड़ दिया गया जबकि वही देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। किसी भी देश में जब संविधान सबकी सुरक्षा करता है तो किसान मजदूर को भी उसमें सम्मानजनक स्थान मिलना चाहिए। जिस दिन किसान मजदूर की नीति संविधान का हिस्सा बनेगी उसी दिन उसकी मेहनत का असली मूल्य तय होगा।

**कृषि लागत एवं मूल्य आयोग को मिलना चाहिए संवैधानिक दर्जा:** कृषि लागत एवं मूल्य आयोग आज केवल एक सलाहकार संस्था है। यह एमएसपी और एफआरपी की सिफ़ारिश तो देती है मगर सरकार पर अमल करने का कोई दबाव नहीं होता। परिणाम किसान को उसकी मेहनत का पूरा मूल्य नहीं मिल पाता। इसलिए ज़रूरी है कि कृषि लागत एवं मूल्य आयोग को संवैधानिक शक्ति दी जाए ताकि उसकी रिपोर्ट और सिफ़ारिशें बाध्यकारी बनें।

**पीएम को बनना चाहिए कृषि लागत एवं मूल्य आयोग का अध्यक्ष:** जब तक कृषि लागत एवं मूल्य आयोग का नेतृत्व देश के सर्वोच्च पद प्रधानमंत्री के पास नहीं होगा तब तक इसकी सिफ़ारिशों में वास्तविक शक्ति नहीं आएगी। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोग किसानों के लिए त्वरित और न्यायसंगत निर्णय ले सकेगा। एमएसपी एफआरपी को राजनीतिक प्रभाव से मुक्त रखेगा और कृषि नीति को राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा में ला सकेगा।

**एफआरपी व एमएसपी किसानों की ताकत या कमजोरी?:** आज गन्ने के लिए एफआरपी और बाकी फसलों के लिए एमएसपी की अलग अलग व्यवस्था है। यह विभाजन किसानों की ताकत को तोड़ता है। हर फसल के लिए एक समान मूल्य निर्धारण नीति होनी चाहिए ताकि हर किसान चाहे वह गन्ना उगाए या गेहूं सबको मेहनत के अनुसार उचित दाम मिले। एफआरपी और एमएसपी का अलग अलग होना केवल भ्रम और विभाजन पैदा करता है यह नीति किसानों की एकजुट शक्ति को कमजोर करती है।

**कृषि लागत एवं मूल्य आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक हो:** कृषि लागत एवं मूल्य आयोग की रिपोर्ट और मूल्य निर्धारण की प्रक्रिया सार्वजनिक की जानी चाहिए ताकि किसान और मजदूर यह जान सकें कि उन्हें किस आधार पर मूल्य दिया जा रहा है। यह पारदर्शिता कृषि लागत एवं मूल्य आयोग की कार्यप्रणाली और सरकार की नीयत दोनों को स्पष्ट करेगी साथ ही यह रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को भी भेजी जानी चाहिए ताकि यह एक राष्ट्रीय और न्यायसंगत प्रक्रिया बन सके।

**कानूनी और संस्थागत सुधार की आवश्यकता:** यदि कृषि लागत एवं मूल्य आयोग को संवैधानिक दर्जा नहीं दिया जाता तो किसान और किसान संगठन सुप्रीम कोर्ट की मदद ले सकते हैं। यह कदम यह सुनिश्चित करेगा कि किसानों को उनका वाजिब मूल्य मिले। एमएसपी एफआरपी की नीति पारदर्शी और न्यायसंगत बने और किसान राजनीतिक या प्रशासनिक मनमानी से सुरक्षित रहें।

**आधुनिक किसान की सोच नई पीढ़ी की मांग:** नीति हमारे बिना नहीं बनेगी और हमारी मेहनत का दाम हमारी आवाज़ से तय होगा। वह चाहता है कि कृषि लागत एवं मूल्य आयोग को संविधान से जोड़ा जाए। उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए और उसकी मेहनत का मूल्य किसी दफ्तर में नहीं बल्कि उसकी भागीदारी से तय हो। आधुनिक किसान की स्पष्ट मांग है कि कृषि लागत एवं मूल्य आयोग को संवैधानिक और बाध्यकारी दर्जा मिले।

पीएम इसकी अध्यक्षता करें। रिपोर्ट व मूल्य निर्धारण सार्वजनिक हों। एफआरपी और एमएसपी की जगह एक समान मूल्य प्रणाली लागू हो। सुप्रीम कोर्ट को कृषि नीति पर निगरानी का अधिकार मिले। यह सिर्फ़ किसानों की नहीं, बल्कि देश की आर्थिक आज़ादी की लड़ाई है। किसान सशक्त होगा तभी भारत आत्मनिर्भर और मज़बूत बनेगा।

यह बात किसी वर्ग व्यक्ति या राजनीतिक दल को निशाना बनाने के उद्देश्य से नहीं लिखा गया है। इसका उद्देश्य केवल किसानों और मजदूरों की नीतिगत भागीदारी पर रचनात्मक चर्चा को आगे बढ़ाना है।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा बेटा अभिषेक आर्य जो शादी शुदा है। अभिषेक आर्य मेरे और मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है। गाली-गलौच व लडाई झगडा करता है। इसी से परेशान होकर मैने अभिषेक आर्य को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। अपने कृत्य व लेन-देन के लिए ये स्वयं जिम्मेदार होंगा।

**संत कुमार पुत्र बलजीत सिंह**
**निवासी ग्राम बरला थाना छपार**
**जिला- मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र अभिषेक शर्मा पुत्र प्रवीण एवं उसकी पत्नी श्रीमति पूजा शर्मा मेरे व मेरे अन्य परिवारजनों के कहने सुनने में नहीं है। गलत संगत में पड़ गए हैं। इन दोनों की गलत हरकतों से तंग व परेशान होकर मैने और मेरे अन्य परिवारजनों ने इनसे अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध समाप्त कर लिए हैं तथा इन दोनों को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि यह भविष्य में कोई लेन-देन, लडाई-झगडा या कानूनी अथवा गैर कानूनी कार्य करते हैं तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरे व मेरे अन्य परिवारजनों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

**श्रीमति किरण पत्नी प्रवीण**
**मकान नं०-215 ,**
**गांधी कॉलोनी-1,**
**थाना-नई मण्डी,**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने ग्राम काकडा व पडौसी ग्राम रसूलपुर जाटान के गोपनीय दबंग लोगों के कर्ज, मूल धनराशि, ब्याज व चक्रवर्ती ब्याज सहित कई बार अदा कर चुका हूॅ। परन्तु उपरोक्त गोपनीय दबंग लोगों द्वारा मुझ पर अब भी नाजायज रूप से कर्ज बकाया दिखाया जा रहा है, जिससे मुझे आर्थिक सामाजिक व मानसिक रूप से प्रताडित किया जा रहा है इसलिए मै दिनांक 26.10. 2025 को अपने परिवार के साथ अपना बसा बसाया कीमती घर छोडकर किसी अज्ञात स्थान पर जा रहा हूॅ जिसके बारे में मुझे भी मालूम नही है। यदि भविष्य में मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ कोई भी घटना घटित होती है तो इसके जिम्मेदार उपरोक्त गोपनीय दबंग लोग है।

**संजय पुत्र स्व. ईश्वर**
**निवासी ग्राम काकडा**
**थाना शाहपुर, तहसील बुढ़ाना**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम MAZUDDIN से बदलकर MAZUDDIN SIDDIQUI रख लिया है । भविष्य में मुझे मेरे नये नाम MAZUDDIN SIDDIQUI से ही जाना व पहचाना जाये

**प्रार्थी**
**माजुद्दीन सिद्दीकी**
**पुत्र नवाबुद्दीन सिद्दीकी**
**निवासी-129/13 काजीवाडा**
**दक्षिणी कस्बा बुढ़ाना**
**251309 मुजफ्फरनगर यू.पी.**

# कमिश्नर व डीआईजी ने लिया गंगा स्नान मेले की तैयारियों का जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आगामी दो नवम्बर से छ:नवम्बर तक शुकतीर्थ मे गंगा स्नान मेले का आयोजित किया जायेगा। मेले मे श्रद्धालुओं को उचित सुविधाएं प्रदान करने के लिए व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। सोमवार को कमिश्नर व डीआईजी ने अधिकारियो संग गंगा घाट, मेला स्थल पर जाकर निरिक्षण किया।

पौराणिक तीर्थनगरी शुकतीर्थ मे जिला पंचायत की ओर से आयोजित किये जाने वाले गंगा स्नान मेले मे श्रद्धालुओं के भारी संख्या मे आगमन व व्यवस्थाओ को सुखढ़ बनाने के लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत है।सोमवार को शुकतीर्थ पहुंचे सहारनपुर मंडलायुक्त अटल कुमार राय व उपपुलिस महानिरीक्षक अभिषेक सिंह, जिलाधिकारी उमेश मिश्रा,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, मुख्यविकास अधिकारी कमल किशोर कण्डारकर देशभूषण, अपर जिलाधिकारी वित्त गजेंद्र सिंह,एडीएम प्रशासन संजय कुमार,एसपी देहात आदित्य बंसल, एमडीए उपाध्यक्ष कविता मीणा, एसडीएम जानसठ राहुल देव भट,सीओ देवव्रत वाजपेई ने गंगा घाट के दोनों ओर निरिक्षण किया व दो नवंबर की शाम गंगा घाट पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम मे श्रद्धालुओं के लिए सीढ़ियों पर बैठने तथा वीआईपी व्यक्तियों के लिए अलग से सिटिंग व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निरिक्षण किया। अधिकारियो के दल ने मेला स्थल पर जाकर वहां आयोजित होने वाले कार्यक्रम, श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था आदि के संबंध मे अधिकारियो को दिशा निर्देश दिये। इस दौरान मेला प्रभारी विनोद कुमार सिंह, जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी योगेश कुमार, बीडी ओ विशाखा,डॉ. महकार सिंह, विनोद शर्मा, राजपाल प्रधान आदि मौजूद रहे।

### भिन्न होगा इस बार मेले का आयोजन

गंगा स्नान मेले का आयोजन इस बार भिन्न होगा।सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुखढ़ बनाने के लिए इस बार श्रद्धालुओं द्वारा मुख्य मार्ग किनारे व घाट के आस-पास लगाये जाने वाले डेरे इस बार केवल मेला स्थल पर ही लगेंगे। मार्गो के किनारे डेरे के लिए चिन्हित किये गये स्थानों पर बंधी रस्सीयो को प्रशासन द्वारा हटा दिया गया है।इस बार सतगुरु समनदास आश्रम के सामने अलग से वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गयी है।



# शगुन मित्तल मिस फ्रेशर, दिक्षा शर्मा मिस चार्मिंग व तनु बालियान मिस ब्यूटी चुनी गई

**मुजफ्फरनगर ।** एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स, के प्रांगण में गृहविज्ञान विभाग द्वारा एमएससी (फूड एण्ड न्यूट्रीशन) व बी.एस.सी. (गृहविज्ञान) के नावागुंतक छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्राचार्य डा. सचिन गोयल, ओंमकार सिंह, डा0 श्वेता संगल व समस्त गृहविज्ञान संकाय की शिक्षिकाएं आदि के द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके संयुक्त रूप से किया गया तथा सभी ने छात्राओं को कार्यक्रम की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के आरम्भ में सृष्टि, वैष्णवी, तनु, कनिष्का, कशिश, तनु बालियान, प्राची, रितिका, इशिका, अदिबा, अनन्या, दिक्षा, गुनगुन, खुशी, अफशा, महक, रिया, वैष्णवी, शीतल, शीबा, तनु, अंजली, शगुन मित्तल, पायल व विदुषी आदि छात्राओं द्वारा विभिन्न मनोरंजन प्रस्तुतियां दी गयी।

निर्णायक मण्डल द्वारा एमएससी (फूड एण्ड न्यूट्रीशन) प्रथम वर्ष से मिस फेशर वैष्णवी अग्रवाल को, मिस चार्मिंग गुडिया पाल व मिस ब्यूटी शीतल कुशवाह को घोषित किया गया। बी0एस0सी0(गृह विज्ञान) प्रथम वर्ष से मिस फेशर शगुन मित्तल को, मिस चार्मिंग दिक्षा शर्मा व मिस ब्यूटी तनु बालियान को घोषित किया गया। निर्णायक की भूमिका में डा.श्वेता सिंघल व शिवांगी वशिष्ठ रहे। कार्यक्रम का संचालन नीलू राठी के निर्देशन में नाहिद व कशिश ने किया। समापन अवसर पर प्राचार्य डा. सचिन गोयल ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी छात्राओं और महाविद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया और यह बताया की आज के समय में कन्याओं को पढाना इसलिए जरूरी है ताकि उन्हे अपने अच्छे व बुरे की पहचान हो सके वो समझदार बने गतिशील, रोजगार व व्यवसाय में नितनई ऊचाई को प्राप्त करे और सबसे ज्यादा अपने परिवार व अपनी आने वाली पीढियों को स्वावलम्बी बनाने में अपना उत्कृष्ट योगदान प्रदान करें। इस अवसर पर गृहविज्ञान संकाय से अंजू कुमारी, नीतु शर्मा, नीलू राठी, शिवांगी पुण्डीर, शाजिया रहबर, अंकित धामा, कमर रजा, नितिन गोयल, ख्रष्ण कुमार व संकेत जैन आदि मौजूद रहे।



# मीरापुर की समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**■ सरकारी अस्पताल के उच्चीकृत की मांग उठाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** कस्बे की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर मीरापुर के एक जागरूक युवक दानिश कुरैशी ने सोमवार को उपजिलाधिकारी जानसठ राहुल देव भट्ट को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से मीरापुर के सरकारी अस्पताल को सीएचसी में उच्चीकृत कराने की मांग की गई। दानिश ने बताया कि कस्बे में स्वास्थ्य सुविधाओं की भारी कमी है, जिससे मरीजों को छोटे-छोटे उपचार के लिए भी अन्य कस्बों का रुख करना पड़ता है।

इसके अलावा उन्होंने मीरापुर में रोडवेज बस अढा बनाए जाने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड न होने से यात्रियों को सड़क किनारे बसों का इंतजार करना पड़ता है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। दानिश कुरैशी ने कस्बे के युवाओं की खेल संबंधी समस्या पर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि मीरापुर में खेल मैदान न होने से युवाओं को अभ्यास के लिए बाहर जाना पड़ता है। यदि कस्बे में एक ''मिनी स्टेडियम'' बनाया जाए तो स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का बेहतर अवसर मिलेगा। इस पर एसडीएम राहुल देव भट ने आश्वासन दिया कि जल्द ही एक टीम बनाकर कस्बे में निरीक्षण कराया जाएगा और सभी समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता से प्रयास किए जाएंगे।

# एजीवी क्वीन ने रोमांचक मुकाबले में बिग बैंसर्स को 5 विकेट से हराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।**वूमेन क्रिकेट लीग के तीसरे और चौथे मुकाबले में रविवार को रोमांच और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। पहले मैच में एजीवी क्वीन ने बिग बैशर्स को 5 विकेट से मात दी, जबकि दूसरे मैच में विक्टोरियस राइडर्स ने रनवे ब्लास्टर्स को 46 रनों से शिकस्त देकर अपने शानदार प्रदर्शन का परचम लहराया। पहला मुकाबला रू एजीवी क्वीन बनाम बिग बैशर्स के बीच हुआ। तीसरे लीग मैच में एजीवी क्वीन और बिग बैशर्स के बीच खेले गए रोमांचक मुक. ाबले में एजीवी क्वीन ने 5 विकेट से जीत दर्ज की।बिग बैशर्स की कप्तान अर्शी चौधरी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी का निर्णय लिया। टीम 19.3 ओवर में 75 रनों पर सिमट गई।शैलिजा यादव ने 33 गेंदों पर 32 रन (5 चौके) बनाकर सर्वाधिक स्कोर किया, जबकि श्रद्धा शर्मा ने 15 और डॉली ने 9 रन का योगदान दिया। एजीवी क्वीन की ओर से रीता कश्यप (4 ओवर में 11 रन, 2 विकेट) और अविका शर्मा (3.3 ओवर में 16 रन, 2 विकेट) ने शानदार गेंदबाज़ी की।सरूर ज़ैदी और जिया को 1-1 विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए एजीवी क्वीन की शुरुआत धीमी रही, लेकिन अनम राणा ने नाबाद 35 रन (34 गेंद, 6 चौके) की शानदार पारी खेलते हुए टीम को जीत दिलाई। डॉली ने गेंदबाज़ी में 4 ओवर में 12 रन देकर 4 विकेट लेकर बिग बैशर्स को मैच में बनाए रखा, परन्तु जीत से टीम चूक गई।वूमेन ऑफ द मैच अनम राणा को चुना गया। मैच के आयोजक सौवीर अहलावत, मोनू अहलावत और विवेक सरोहा रहे, जबकि अंपायरिंग की जिम्मेदारी पलक शर्मा और अमन ने निभाई। दूसरा मुकाबला विक्टोरियस राइडर्स बनाम रनवे ब्लास्टर्स के बीच हुआ। लीग के चौथे मैच में विक्टोरियस राइडर्स ने बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए रनवे ब्लास्टर्स को 46 रनों से मात दी। कप्तान गोल्डी सिंह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी का निर्णय लिया। टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 122 रन बनाए।अमीशी त्यागी ने 31 गेंदों पर 31 रन (3 चौके) की शानदार पारी खेली। नमिता सिंह ने 30 रन और कप्तान गोल्डी सिंह ने 21 रन जोड़े। वेदिका अहलावत ने तेज़ 18 गेंदों में 21 रन बनाकर नाबाद रहीं। रनवे ब्लास्टर्स की ओर से रेखा सिंह, याशी चौधरी और खुशि शर्मा ने 1-1 विकेट लिया।लक्ष्य का पीछा करते हुए रनवे ब्लास्टर्स की टीम 16.5 ओवर में 76 रनों पर ढेर हो गई। प्रियंशी सैनी ने 30 और प्राची चौधरी ने 17 रन की पारी खेली। विक्टोरियस राइडर्स की गेंदबाज़ी में आरुषि प्रजापति ने 4 ओवर में 10 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि खुशि पाल ने 2.5 ओवर में 10 रन देकर 3 विकेट चटकाए। दिया और किंजल चौधरी ने भी 2-2 विकेट झटके। वूमेन ऑफ द मैच अमीशी त्यागी को घोषित किया गया। मैच के आयोजक सौवीर अहलावत, मोनू अहलावत और विवेक सरोहा रहे तथा अंपायर पलक शर्मा और अमन ने शानदार भूमिका निभाई। इन दोनों मुक. ाबलों के साथ वूमेन क्रिकेट लीग ने रोमांचक मोड़ ले लिया है। खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि महिला क्रिकेट अब सिर्फ खेल नहीं, बल्कि जज़्बे और जुनून की मिसाल बन चुका है।



## संक्षिप्त समाचार

### शादी के कार्ड की आड़ में ठगी का प्रयास

**बुढ़ाना।** एक ठग ने कस्बे के एक पत्रकार को व्हाट्सएप पर शादी का कार्ड भेजा। पत्रकार ने किसी अपरिचित द्वारा भेजे शादी के कार्ड को डाउनलोड नहीं किया जबकि अन्य कई लोग उक्त कार्ड को डाउनलोड कर अपना मोबाइल हैक करवा बैठे। इस मामले में ठग के खिलाफ पुलिस में शिकायत करने की बात कही गयी है। आज सोमवार को पत्रकार नसीम कुरैशी के मोबाइल पर सुबह 6:18 बजे और फिर 6:57 बजे अलग अलग एक से ही 2 मैसेज आए। जिनमें दोनों मैसेजों में ये ही लिखा था कि शादी में जरुर आना विद फैमली और फिर एक फाइल पर वैडिंग इंविटेशन कार्ड डोट एपीके लिखा था। पत्रकार नसीम कुरैशी ने ये सोचकर फाइल डाउनलोड नही की क्योंकि जिस व्यक्ति का डिस्प्ले पर पिक लगा था वह उनके लिए अपरिचित था। पत्रकार नसीम कुरैशी तुरंत समझ गये कि ये किसी साइबर ठग का फर्जी न्यौता है। उनसे अलग ये ही मैसेज अन्य लोगों पर भी गया। जिसमें कुछ लोगों ने दावत का लालच कर ठग के द्वारा भेजे गये शादी के कार्ड को डाउनलोड किया तो उनके फोन हैक हो गये। नसीम कुरैशी ने सभी से अपील की है कि वे किसी भी अपरिचित के द्वारा भेजे गये किसी भी मैसेज को इग्नोर करें और अगर आपका कोई परिचित हैं भी तो कुछ भी डाउनलोड करने से पहले उस नंबर पर बात करें जिससे मैसेज आया है। इस तरह के ऐप या लिंक को कतई ना खोलें नहीं तो खाता भी खाली हो सकता है। इसलिए सभी सावधान रहें।

### अश्लील फोटो वायरल कर बलात्कार करने के आरोपी को भेजा जेल

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के गांव कुटेसरा निवासी एक युवती के अश्लील फोटो वायरल कर तीन साल तक बलात्कार करने के आरोपी फ़रदिन निवासी कुटेसरा को चरथावल पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है स बताते चले की गत दिवस कुटेसरा निवासी फ़रदिन गांव की ही एक युवती को तीन साल से ब्लेकमेल कर उसका शारीरिक शोषण करता चला आ रहा थास और तीन वर्ष से उसकी इज्जत के साथ खिलवाड़ करता चला आ रहा था हद तो तब हो गयी थी ज़ब आरोपी पीड़ित युवती के घर ही आ धमका और धमकी देते हुए युवती के साथ जबरदस्ती बलात्कार किया और बताने पर जान से मारने की धमकी देने लगा युवती के परिजनों ने आरोपी को अपने मकान से पकडकर ही पुलिस को सौंप दियास जिसके बाद पीड़ित युवती द्वारा आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया जिसके बाद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है आरोपी के जेल जाने से पीड़ित के परिजनों ने राहत की सांस ली है

### ट्रैक्टर-ट्रॉली और कार की भिड़ंत में कार क्षतिग्रस्त

**मीरापुर।** दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर ग्राम टिकोला के निकट निर्माणाधीन फलाईओवर के पास सोमवार को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली और कार की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई जबकि कार चालक को मामूली चोटें आई।ट्रैक्टर चालक देवेंद्र निवासी ग्राम सम्भलहेडा, थाना मीरापुर, अपना ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर मेरठ की ओर से वापस आ रहा था। उसी समय खतौली निवासी अरुण जैन अपनी कार से खतौली की ओर जा रहे थे। बताया गया कि अरुण जैन हस्तिनापुर स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए जा रहे थे। निर्माणाधीन पुल के पास पहुंचने पर ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह विपरीत दिशा से आ रही कार से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और बाधित यातायात को तुरंत सुचारू कराया। पुलिस ने दोनों वाहनों को सड़क किनारे हटवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कार ठीक कराने के बहाने मिस्त्री से लूटे 6 हजार रुपये

**बुढ़ाना।** तीन नकाबपोश अज्ञात बदमाशों ने कार के एक मैकेनिक को मारपीट कर उससे छह हजार रूपये की नगदी लूट ली। पुलिस को घटना की सूचना दी गयी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली के गांव जौला का निवासी अब्दुल सलाम कारों का मैकेनिक है। वह लुहसाना गांव में दुकान करता है। उसके पास उसके ही गांव का कास्फि नाम का एक युवक आया। जिसने उसको बताया कि मेरी मोसी के लड़के की कार खराब हो गयी है। उसे ठीक करनी है। कार इतनी खराब है कि वह यहां नहीं आ सकती। कार बुढ़ाना में चांदनी वाले मंदिर के पास खड़ी है। वो जो पैसे लेगा ले लेगा। तब अब्दुल गांव के उक्त युवक पर भरोसा करके उसके साथ चांदनी वाला मंदिर पर आ गया। जहां पर कोई कार नहीं दिखी तो युवक बोला कि शायद कार शुगर मिल के पास खड़ी है। उसको वहीं पर चलना पडेगा। तब वह उसके साथ शुगर मिल के पास जंगलों में आ गया तो युवक उसको ईंख के पास ले गया। जहां पर पहले से ही योजना बनाएं बैठे तीन नकाबपोश बदमाशों ने अब्दुल को घेर लिया। पहले तो उसकी पिटाई की और ि‍फर उसकी जैब में मौजूद 6 हजार रुपये की नगदी निकाल. कर भाग गये। तब पीड़ित अब्दुल जैसे तैसे करके बुढ़ाना आया और पुलिस को घटना की सूचना दी। बुढाना पुलिस ने उक्त पीड़ित से तहरीर लेकर उक्त मामले की जांच शुरु कर दी है।

# शिव पुराण कथा में मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

**■ चुन्नी लाल गर्ग व सरोज बाला की स्मृति में चल रहा आयोजन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** गर्ग परिवार, नोएडा की ओर से स्वर्गीय लाल चुन्नू लाल गर्ग एवं सरोज बाला गर्ग की स्मृति में श्री एकांतेश्वर धाम जुड्डी वाला मंदिर में चल रही सप्ताह भर की शिव पुराण कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पंडित त्रिलोकनाथ शास्त्री ने अपने मधुर वचनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा और संस्कृति में हर रीति-रिवाज के पीछे गहरा अर्थ छिपा है।

महिलाएँ जब किसी त्यौहार पर मेहंदी लगवाती हैं तो वह केवल श्रृंगार नहीं, बल्कि सौभाग्य और परिवार के मंगल की भावना से जुड़ा संस्कार होता है।

पंडित शास्त्री ने कहा कि महिलाओं को मेहंदी अपनी सास, जेठानी या ननंद से ही लगवानी चाहिए, क्योंकि यह पारिवारिक प्रेम, आशीर्वाद और परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर पुरुष के हाथ में अपना हाथ देकर मेहंदी लगवाना हमारे धर्म और मर्यादा के विपरीत माना गया है।

कथा व्यास ने आगे कहा कि भगवान सब कुछ देखते हैं, लेकिन बोलते नहीं हैं, यही कारण है कि उन्हें 'पशुपतिनाथ' कहा गया है। उन्होंने कथा के दौरान नारद मोह का सुंदर प्रसंग भी सुनाया, जिसमें नारद मुनि के अहंकार और भगवान की लीला का भावपूर्ण वर्णन किया गया।

कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भक्ति संगीत, शंखध्वनि और जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। महिलाएँ पारंपरिक वेशभूषा में कथा श्रवण कर रही थीं और समय-समय पर हहर हर महादेव के जयकारे से पूरा पंडाल गूंज उठा।

गर्ग परिवार नोएडा के विनीत गर्ग, आशुतोष गर्ग, शिवा गर्ग ने सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया। व्यवस्था बनाने में श्री एकांतेश्वर धाम जुड़डी वाला मंदिर की प्रबंध कमेटी सभी पदा. धिकारी मुख्य रूप से लगे रहे।



# सेंट जेवियर वर्ल्ड स्कूल में जागरूकता सत्र का आयोजन

**■ युवाओं को किया अवसाद से बचने को जागरूक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** सेंट जेवियर वर्ल्ड स्कूल मीरापुर में युवाओं में अवसाद विषय पर एक जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का संचालन दिल्ली से आई मास्टर जी की टीम ने किया, जिसका नेतृत्व राकेश कामरे ने किया। उन्होंने 2007 में मसूरी में एक एनजीओ की स्थापना की थी और तब से मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्यरत हैं।

सत्र में उनकी टीम की सदस्याएँ मिस मनीषा चितकारा, मिस अक्षिता, मिस सिमरन और मिस्टर गौरव भी शामिल रहे। कार्यक्रम में कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। वक्ताओं ने आत्मसम्मान, क्रोध नियंत्रण, पहनावे की भावना और आत्म-स्वीकृति जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की तथा अवसाद से निपटने के व्यावहारिक उपाय साझा किए।

इंटरैक्टिव सत्र विद्यार्थियों को अपनी भावनाएँ खुलकर व्यक्त करने और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करने वाला रहा। स्कूल स्टाफ की सक्रिय भागीदारी ने संस्थान की मान. सिक स्वास्थ्य जागरूकता के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत किया।

# रामलीला कलाकारों का सम्मान समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** श्री रामलीला मंडल मीरापुर द्वारा रामलीला में मंचन करने वाले स्थानीय कलाकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

श्री रामलीला मंडल के अध्यक्ष पंकज संगल ने बताया कि प्रतिवर्ष मीरापुर के मुख्य बाजार में रामलीला का मंचन किया जाता है, जिसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा विभिन्न प्रसंगों का जीवंत अभिनय प्रस्तुत किया जाता है। उन्होंने सभी कलाक. ारों के अभिनय की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया और श्रीराम के चरित्र एवं आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि रामलीला मंचन में लगभग 50 युवक और बाल कलाकार शामिल होते हैं, जो नि:स्वार्थ भाव से इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाते हैं। कार्यक्रम के दौरान बाल कलाकार मौलिक गर्ग, डुग्गू गर्ग, चीकू रस्तोगी, आंसू सैनी, पुनीत रस्तोगी, कुणाल संगल, नन्हा अवध आदि सहित 50 स्थानीय कलाकारों को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर घनश्याम दास, कमलेश रस्तोगी, मोहित गर्ग, डीडु रस्तोगी, अनीता शर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# दशमेश पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने कराटे चैंपियनशिप में जीते पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामराज।** कराटे चैंपियनशिप में दशमेश पब्लिक स्कूल, रामराज के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनेक पदक जीतकर क्षेत्र और स्कूल का नाम रोशन किया।

प्रधानाचार्य आमिर खान ने बताया कि जड़ौदा मुजफ्फरनगर बायपास रोड स्थित होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में प्रथम ओपन कराटे चौंपियनशिप का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य पर्वेंद्र दहिया और इंडियन स्पोर्ट्स फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी बसंत उपाध्याय ने किया। इस प्रतियोगिता में मेरठ, शामली, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रामराज सहित विभिन्न स्थानों से करीब 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में दशमेश पब्लिक स्कूल रामराज के मीनाक्षी गोस्वामी, यशवी, अनाया, हरमन कौर, लविश कुमार, मीनाक्षी चौहान, वंश शर्मा और शुभ उपाध्याय ने स्वर्ण पदक जीते। वहीं निशि, तेजस्वी, रूहानी, साहिल मल्होत्रा और अगम कुमार ने रजत पदक प्राप्त किए तथा अक्षत नारंग ने कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। समापन समारोह में होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल, समाजसेवी क्रांतिकारी शालू और अन्य शिक्षकों ने विजेता टीम को प्रथम स्थान की ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। स्कूल लौटने पर दशमेश पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर डॉ. सिम्मी सहोता और प्रधानाचार्य आमिर खान ने खिलाड़ियों और कोच निखिल आर्य को मंच पर सम्मानित किया। इस अवसर पर मनजोत कौर, स्वाति अरोरा, अशोक कुमार, कविता रानी व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



# मोरना चीनी मिल में सांसद चंदन चौहान का किसानों ने किया घेराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** चीनी मिल मोरना के विस्तारी करण सहित क्षेत्र की समस्याओं को लेकर गुस्साए किसानो ने बिजनौर सांसद चंदन को रास्ते मे रो. ककर घेराव किया व जमकर नारेबाजी की गयी। किसानो व ग्रामीणों ने सांसद से नाराजगी जताते हुए मिल के शीघ्र विस्तारीकरण का वादा पूरा करने,टूटे पड़े मार्गो का निर्माण कराने,क्षेत्र के विकास तथा आमजन की अनेक समस्याओं को दूर कराने की मांग की। असहज हुए सांसद ने सभी समस्याओं के शीघ्र निवारण करने का भरोसा दिलाया है।

मोरना-भोपा मार्ग पर चीनी मिल मोरना पर भारी संख्या मे इकट्ठा हुए किसानो व ग्रामीणों ने बिजनौर जा रहे सांसद चंदन चौहान को रोककर घेराव किया। क्षेत्र के किसानो ने भारी नारा. जगी जताते हुए सांसद से कहा की मोरना चीनी मिल के विस्तारीकरण के मुद्दे पर क्षेत्रवासियो ने उन्हें मीरांपुर से विधायक बनाया था। जिसके बाद क्षेत्र की जनता ने उन्हें बिजनौर से सांसद बनाकर संसद मे भेजा है। किन्तु मोरना चीनी मिल के विस्तारिकरण को वह भूल गये।

ग्रामीणों ने पांच वर्षो से अधूरे पड़े मोरना -भोपा-मुज़फ्फरनगर मार्ग का अभी तक निर्माण न होने, क्षेत्र मे रोजगार परक उद्योग की स्थापना न होने, क्षेत्र मे आकर व्यक्तियों की समस्याओं को सुनने की मांग की। वहीं भाजपा नेता अमित राठी ने बताया की मोरना चीनी मिल के विस्तारिकरण करने का आश्वासन क्षेत्र के जनप्रतिनिधि देते रहे हैं। अब जनता को केवल वादों से नहीं बहलाया नहीं जा सकता है। धरातल पर कार्य करना होगा। मिल के विस्तारिकरण मे एक बड़ी राशि खर्च होनी है। जिसके लिए सार्थक प्रयास की आवश्यकता है।अन्यथा जनप्रतिनिधियों को इसके परिणाम उलट भुगतने होंगे।सांसद चंदन चौहान ने कहा की क्षेत्र की जनता ने उन्हें समर्थन व बहुत सम्मान दिया है। उनकी नाराजगी को वह स्वीकार करेंगे। मोरना चीनी मिल के विस्तारिकरण की मांग उन्होंने विधायक रहते विधानसभा मे उठाई थी। अभी भी वह लगातार प्रयास मे जुटे हुए हैं। 275 करोड़ की लागत से मोरना चीनी मिल का विस्तारिकरण कार्य प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व जयंत चौधरी के प्रयासों से शीघ्र किया जायेगा। क्षेत्र मे सबसे अधिक मार्गो को उनके द्वारा पक्का कराया गया है। किन्तु टोल बचाने को लेकर भारी वाहन क्षेत्र से गुज़रते हैं।जिससे मार्ग टूट जाते हैं। क्षेत्र के विकास को लेकर वह प्रतिबद्ध हैं। साथ ही मिल के प्रधान प्रबंधक वी पी पाण्डेय से मिल के विस्तारिकरण के संबंध मे तकनीकी जानकारी ली गयी। वहीं आउट सोर्सिंग कर्मचारियों ने सांसद से अपनी समस्या से अवगत कराया।व उनके समाधान कराने की मांग की।



# कारी खालिद को कुरैश कान्फ्रेंस का स्पीकर बनाये जाने पर हर्ष

**मुजफ्फरनगर।** ऑल इंडिया कुरैश कॉन्फ्रेंस दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष सनौबर अली कुरैशी सीनियर एडवोकेट, सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया की ओर से मुज़फ्फरनगर की प्रसिद्ध हस्ती कारी मोहम्मद खालिद बशीर कासमी को कुरैश कॉन्फ्रेंस उत्तर प्रदेश का प्रवक्ता स्पीकर नामित किए जाने पर सामाजिक हलकों में खुशी का माहौल है। इसी वजह से उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

इसी के मद्देनज़र रात में एक आभार एवं बधाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें समाज के सभी तबकों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर कारी मोहम्मद खालिद बशीर कासमी को प्रदेश स्तर पर नई सामाजिक ज़िम्मेदारी मिलने पर फूलों से सम्मानित किया और बधाई देते हुए अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

समारोह को संबोधित करते हुए कारी मोहम्मद खालिद बशीर कासमी ने कहा कि ऑल इंडिया कुरैश कॉन्फ्रेंस एक राष्ट्रीय स्तर की पंजीकृत संस्था है, जो मुस्लिम समाज में आम तौर पर और विशेष रूप से कुरैश बिरादरी में शैक्षिक जागरूकता, व्यवसायिक सुरक्षा, सरल निकाह, बुरे रीति-रिवाजों से बचाव, महिलाओं के अधिकार, बच्चों की बेहतर परवरिश और राजनीतिक स्थिरता जैसे महत्वपूर्ण उद्देश्यों पर देशभर में कार्य कर रही है।उन्होंने कहा कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सनौबर अली कुरैशी, राष्ट्रीय महासचिव चौधरी आशिकीन कुरैशी, तथा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. इफ्तेखार कुरैशी द्वारा जो ज़िम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी मेहनत और लगन के साथ निभाया जाएगा, और उत्तर प्रदेश में कुरैश कॉन्फ्रेंस के संदेश को कुरैशी समाज के हर व्यक्ति और हर घर तक पहुँचाया जाएगा।समारोह में उपस्थित मेहमानों को मिठाई और पेय पदार्थों से सत्कार किया गया। मुख्य अतिथियों में मुहम्मद शमशाद कुरैशी, शाहबाज़ कुरैशी एडवोकेट, तीस हजारी कोर्ट दिल्ली, महबूब आलम एडवोकेट, मुर्तज़ा कुरैशी, मुहम्मद अब्दुल ग़फ्फार, अंकित जैन, मुहम्मद अफ़ज़ल, मुहम्मद अख़लद, और मुहम्मद सलमान कुरैशी उपस्थित रहे।



**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# आने वाले चुनाव में हमारी जीत निश्चितः चंद्रशेखर आजाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर के रतन पैलेस में आयोजित आजाद समाज पार्टी कांशीराम के बूथ सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सांसद चंद्रशेखर आजाद ने अपने जोशीले संबोधन से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भर दी। सम्मेलन में भारी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए।






चंद्रशेखर आजाद ने सबसे पहले संगठन की मजबूती, अनुशासन और एकता पर बल देते हुए कहा कि ह्यदि कोई व्यक्ति खुशी में घूमने जा रहा हो और उसके साथ दुर्घटना हो जाए, तो स्वाभाविक रूप से दुख होता है। उसी प्रकार, यदि मेरे किसी कार्यकर्ता के साथ कोई अप्रिय घटना घटती है तो मुझे उसका गहरा दुख होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि ऐसे कोई कार्य न करें जिससे संगठन या किसी साथी को नुकसान पहुंचे। कार्यकर्ता ही मेरी ताकत हैं और उनकी सुरक्षा मेरी पहली प्राथमिकता है।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज को नई दिशा देने की कुंजी है। मुसलमानों सहित सभी वंचित समा. जों को शिक्षित होकर आगे बढ़ना होगा। शिक्षा से भद्रता आती है, और भद्रता से समाज में जागरूकता पैदा होती है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे शिक्षा को अपना अस्त्र बनाएं ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार के भेदभाव और अन्याय के खिलाफ डटकर खड़े हो सकें। चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि मैं जो-जो बातें बता रहा हूं, आप सभी अपनी डायरी में पेंसिल से नोट करते जाएं, क्योंकि ए केवल शब्द नहीं बल्कि हमारे आने वाले संघर्ष की दिशा हैं। अगर हम सब एकजुट होकर मेहनत करेंगे तो आने वाले चुनाव में जीत निश्चित रूप से हमारी होगी।

उन्होंने कहा कि आज देश को जात-पात और धर्म की राजनीति से ऊपर उठकर शिक्षा, समानता और न्याय की जरूरत है। जब समाज शिक्षित होगा, तभी सच्ची एकता और भद्रता स्थापित होगी।इसी क्रम में उन्होंने भाजपा सरकार पर गन्ना भुगतान को लेकर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि किसानों को उनके पसीने की कमाई के लिए महीनों इंतजार करना पड़ता है, जबकि सरकार सिर्फ आश्वासन देती है। उन्होंने कहा कि हकिसान देश की रीढ़ है, और जब तक किसानों को उनका अधिकार और पूरा भुगतान नहीं मिलेगा, तब तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

सम्मेलन में जिले भर से पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंच पर नीटू सिंह, सचिन चौहान, राजीव राणा, रविंद्र भाटी, सुनील निषाद, अनील आजाद, राजकुमार सैनी प्रभात अनुज कुमार, विक्रम सिंह सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। बूथ सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाना, शिक्षा और सामाजिक जागरूकता का संदेश देना तथा आगामी चुनावों के लिए रणनीति तैयार करना रहा।अंत में चंद्रशेखर आजाद ने कहा कृ हहमारा मिशन हैकृ शिक्षा, एकता और संघर्ष। जब ए तीनों साथ होंगे, तो हमारी जीत निश्चित और समाज का भविष्य उज्ज्वल होगा।

# युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर समाप्त की जीवनलीला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव पावटी कलां में एक अविवाहित युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन करके आत्महत्या कर ली। युवक की मौत से परिजनों में हाहाकार मचा हुआ है। युवक के आत्महत्या किए जाने के सही कारणों का पता नही चल पाया है।

विगत रविवार शाम क्षेत्र के गांव पावटी कलां निवासी गौरवद्ध24ऋ ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे शामली अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर रात्रि में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सोमवार सुबह गमगीन माहौल में युवक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। युवक अविवाहित था तथा तीन भाई-बहनों में दूसरे नंबर का था। युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने के वास्तविक कारणों का पता नही चल पाया है। हालांकि ग्रामीण गृहक्लेश के चलते युवक द्वारा आत्मघाती कदम उठाए जाने की बात कह रहे है। युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री का कहना है कि युवक की मौत के सम्बंध में अस्पताल से फोन आया था, लेकिन घटना के सम्बंध में कोई लिखित शिकायत प्राप्त नही हुई है।





# छठ पूजा पर्व पर यमुना नदी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**श्रद्धालुओं ने अस्त होते सूर्यदेव को दिया अर्घ्य एवं विशेष पूजा-अर्चना की, एसडीएम व तहसीलदार ने यमुना नदी पर पहुंचकर लिया व्यवस्थाओं का जायजा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** छठ पूजा पर्व पर यमुना नदी पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अस्त होते सूर्यदेव की पूजा-अर्चना की और अर्घ्य दिया। वहीं, छठ पर्व के मद्देनजर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

सोमवार को छठ पूजा पर्व का तीसरा दिन श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। कैराना में यूपी-हरियाणा बॉर्डर पर स्थित यमुना नदी पर शाम के समय श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अस्त होते सूर्य की विशेष पूजा-अर्चना की तथा अर्घ्य दिया। उन्होंने सम्पूर्ण विश्व के कल्याण की कामना भी की। वहीं, छठ पर्व के मद्देनजर पुलिस-प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया। एसडीएम निधि भारद्वाज व तहसीलदार अर्जुन चौहान ने यमुना नदी पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने डड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को पूर्ण निष्ठां के साथ में अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करने के निर्देश दिए। प्रशासन की ओर से किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने के लिए यमुना पर पीएसी व प्राइवेट गोताखोर तैनात किए गए थे। सुरक्षा के .ष्टिगत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री पुलिस-फोर्स के साथ यमुना नदी पर मुस्तैद रहे। इस अवसर पर सीओ कैराना श्यामसिंह, यमुना ब्रिज चौकी प्रभारी एसआई अशोक कुमार आदि मौजूद रहे। उधर, तहसीलदार अर्जुन चौहान ने बताया कि छठ पर्व पर करीब चार हजार महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने यमुना नदी पर पहुंचकर विशेष पूजा अर्चना की है। श्रद्धालुओं के द्वारा अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देकर मंगल कामनाएं की गई है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर यमुना नदी पर बड़ी संख्या ने पुलिस-फोर्स व गोताखोरों को तैनात किया गया है।

# प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सती मंदिर स्थित श्याम बाबा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रथम दिन धार्मिक अनुष्ठानों का भव्य शुभारंभ हुआ। यह आयोजन ओम बाबा श्याम परिवार, शामली एवं मुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर के संयुक्त तत्वावधान किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन सर्व प्रायश्चित एवं जल यात्रा पूजा विधि-विधानपूर्वक संपन्न हुई। पूजा का संचालन आचार्य मुकेश भारद्वाज के सानिध्य में हुआ। इस अवसर पर काशी और देवभूमि से पधारे विद्वान पंडित विनोद दत्त नागर, देवानंद शास्त्री, पवन मालवीय, दिनेश पांडे, मनोज व्यास, चंदन पांडे, अनुपम दीक्षित आदि ने वेद मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कराई। पूजा में प्रायश्चित, पंचांग पूजन, नांदी श्राद्ध, स्तंभ ग्रह स्थापना, वेदी पूजन, स्वतंत्र भद्र पूजन एवं जल यात्रा जैसे वैदिक कर्मकांड संपन्न हुए। जल यात्रा के अंतर्गत यजमान परिवारों द्वारा कैराना स्थित यमुना नदी से जल लाकर मंडप में प्रवेश किया गया तथा जल द्वारा शुद्धिकरण कर पूजा आरंभ की गई। अनुष्ठान में विष्णु पूजा, गौरी-गणेश पूजन, वरुण पूजा, सप्तऋषि व मार्तंडिका पूजन, पुण्य वाचन आदि वैदिक विधियां भी की गईं। इस अवसर पर यजमान के रूप में मनीष तायल, सचिन तायल, नितिन तायल, अखिल तायल, पुरुषोत्तम दास गुप्ता, विकास गर्ग, नितिन जिंदल, नीतीश जिंदल, प्रियंक गोयल, आलोक गुप्ता, नीरज तायल, अंकित गोयल, लवी गर्ग, डॉ। मनोज शर्मा, राजकुमार संगल, सरवन गोयल, विजय गुप्ता, प्रणव गुप्ता, अनुराग गोयल, प्रदीप संगल मौजूद रहे।

# सत्य का संग अपने आत्म स्वरूप से जुड़ना हैः विव्रत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में सोमवार को 108 विव्रत सागर मुनिराज ने अपने गहन प्रवचन में तप और सत्संग के मध्य तुलना करते हुए सत्संग की श्रेष्ठता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सत्संग केवल भजन या उपदेश सुनना नहीं, बल्कि सत्य का संग अपने आत्म स्वरूप से जुड़ना है। मुनिराज ने कहा कि ऋषि विश्वामित्र ने तप को महान बताया था, जबकि ऋषि वशिष्ठ ने सत्संग को सर्वोच्च माना। जब दोनों में मतभेद हुआ, तो पृथ्वी माता से निर्णय के लिए निवेदन किया गया। विश्वामित्र ने अपनी हजार दिन की तपस्या पृथ्वी को धारण करने के लिए अर्पित की, किंतु पृथ्वी डगमगा गई। वहीं, वशिष्ठ ने अपने सत्संग से उत्पन्न पुण्य को अर्पित किया, जिससे पृथ्वी सहजता से उनके सिर पर स्थिर हो गई। यह प्रसंग दर्शाता है कि सत्संग ही जीवन का आधार और आत्मबल का स्रोत है। मुनिराज ने कहा कि सांसारिक संबंध क्षणभंगुर हैं और भौतिक धन निरर्थक है। व्यक्ति अकेला जन्म लेता है और अकेला ही जाता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि सिकंदर महान ने अपनी मृत्यु से पूर्व इच्छा जताई थी कि उसका जनाजा इस प्रकार निकाला जाए कि उसके दोनों हाथ खुले रहें, ताकि संसार देख सके कि वह खाली हाथ जा रहा है। यह उदाहरण दर्शाता है कि धन केवल अहंकार को पोषित करता है, न कि आत्मा को। मुनिराज ने कहा कि सच्चा सत्संग वही है, जिसमें जीव अपने सत्य स्वरूप से परिचित होता है, शरीर, मन और वाणी से परे अपने अस्तित्व को पहच. ानता है। उन्होंने बताया कि लोग भक्ति और आराधना तो करते हैं, पर तत्वज्ञान, न्याय, प्रमाण और तर्क जैसे गहन विषयों से दूरी बनाए रखते हैं, जबकि जैन दर्शन आत्म-स्वरूप की गहराई में उतरने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर अर्चना जैन, प्रियंका जैन, अरुण जैन, अरविंद आदि रहे।

## एक नजर

### ऊंचागांव में ग्रामीण महिलाओं व युवतियों को बताए उनके अधिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मिशन शक्ति-5.0 के तहत क्षेत्र के ऊंचागांव में चौपाल लगाकर महिलाओं एवं युवतियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। सोमवार को मिशन शक्ति व एंटी रोमिया की टीम क्षेत्र के ऊंच. ागांव में पहुंची। जहां पर मिशन शक्ति-5.0 के अंतर्गत गांव के सार्वजनिक स्थान पर चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में पहुंची ग्रामीण महिलाओं एवं युवतियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। कहा कि महिलाओं के आत्मविश्वास को मजबूत करने के उद्देश्य से सरकार ने मिशन शक्ति कार्यक्रम चलाया है, जिसके तहत महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। टीम ने सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर-112, 1090, 1076, 108, 102 आदि के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर महिला कांस्टेबल मनीषा आदि मौजूद रही।

### सड़क किनारे खड़ी छात्रा को मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** सोमवार को कस्बा बनत स्थित सैंट आरसी हायर एजुकेशन के बाहर एक तेज र फ्तार बाइक सवार युवक ने सड़क किनारे खडी छात्रा को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हादसे में छात्रा के हाथ की हडडी टूट गई है वही आरोपी बाइक सवार मौके से फरार हो गया। थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के मोहल्ला रेलपार निवासी शगुन पुत्री सतीश गोयल बी। कॉम द्वितीय वर्ष में सैंट आरसी हायर एजुकेशन में पढती है। बताया जाता है कि सोमवार को शगुन ई-रिक्शा में सवार होकर कस्बा बनत स्थित सैंट आरसी हायर एजुकेशन स्कूल के गेट पर पहुंची। जब वह ई-रिक्शा चालक को रूपये दे रही थी तो इसी दौरान तेज गति और लापरवाही से बाइक चला रहे एक युवक ने सडक किनारे खडी शगुन को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में छात्रा के हाथ की हडडी टूट गई। छात्रा की चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने उसको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया गया। जहां उनको उपचार दिया गया। वही पीडित छात्रा के परिजनों ने पुलिस से शिकायत करते हुए आरोपी बाइक सवार के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

### पति ने पत्नी को कहा तीन बार तलाक, मायके पहुंची पीड़िता

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**झिंझाना।** थाना क्षेत्र के गांव नौनागली निवासी सज्जाद अहमद ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी साहिबा की शादी करीब एक वर्ष पूर्व कासिम पुत्र इस्लाम निवासी अस्पताल कॉलोनी थाना भवन जनपद शामली के साथ की थी। विवाह में उन्होंने अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज दिया था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति कासिम, ससुर इस्लाम, सास मोमिना, जेठ कय्यूम और जिठानी फातमा दहेज से असंतुष्ट रहते हुए बुलेट मोटरसाइकिल आदि की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर वे साहिबा के साथ आए दिन मारपीट करने लगे। पीड़िता के पिता ने बताया कि इस संबंध में पहले भी शिकायत पर दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया गया था। इसके बावजूद 20 अक्टूबर को पति कासिम ने फिर से साहिबा के साथ मारपीट की। जब वे अपने भतीजे मेहरबान और पत्नी खुर्शीदा के साथ बेटी की हालचाल पूछने थाना भवन पहुंचे, तो आरो. पित कासिम ने उनके सामने ही साहिबा को तीन बार 'तलाक-तलाक-तलाक' कह दिया। पीड़िता को मायके लाकर परिवार ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### खेत में काम करने गई महिला के साथ मारपीट, दो पर जान से मारने की धमकी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र के गांव औदरी निवासी अफसरी पत्नी राशिद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने पति राशिद के साथ खेत में गई हुई थी। इसी दौरान गांव के ही अलीशान और सुलेमान ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। पीड़िता के अनुसार मारपीट के दौरान उसके नाक, गर्दन, कमर और सिर पर चोटें आईं। विरोध करने पर दोनों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मिशन शक्ति विशेष अभियान के फेस 5 के अन्तर्गत विकास खंड ऊन के ग्राम भाटू में घरेलू हिंसा एवं दहेज उन्मूलन विषय पर अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विवाह के उपरान्त दोनो पक्षों के द्वारा दिए गए उपहार की हस्ताक्षरित सूची अनिवार्य रूप से एक माह के भीतर जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी को प्रस्तुत की जानी अनिवार्य है। घरेलू हिंसा या दहेज संबंधी कोई भी शिकायत टोल फी नम्बर 112 या 181 हेल्पलाईन पर कर सकते हैं या स्थानीय पुलिस थाना या जिला प्रोबेशन अधिकारी शामली को शिकायत की जा सकती है।

### पुलिस ने मनचला किया गिरफ्तार



**शामली।** महिला थाना शामली एवं शक्ति मोबाइल टीम शामली द्वारा एक महत्वपूर्ण संयुक्त कार्रवाई करते हुए कस्बा बनत शामली में आने-जाने वाली लड़कियों के प्रति अभद्र इशारे करने एवं फब्तियां कसने वाले एक अभियुक्त को मौके से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक जोनी पुत्र किरन पाल निवासी ग्राम बनत थाना आदर्शमंडी जनपद शामली है। यह कार्रवाई मिशन शक्ति अभियान की सफलता और महिला सुरक्षा के प्रति उत्तर प्रदेश पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाती है । जनपद शामली की समस्त महिलाओं एवं बालिकाओं से अपील की जाती है कि यदि किसी भी प्रकार की अभद्रता, छेड़छाड़ या अपराध की जानकारी हो तो तत्काल 1090, 112 या निकटतम थाना / महिला हेल्प डेस्क पर सूचना दें । आपकी पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

# अक्षित कुमार ने एयर राइफल शूटिंग में जीता गोल्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के बीएसएम स्कूल के कक्षा 11वीं के छात्र अक्षित कुमार ने एयर राइफल शूटिंग स्टेट लेवल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। अक्षित ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर नेशनल स्तर तक पहुंचने की उपलब्धि भी हासिल की।




स्कूल के प्रधानाचार्य राहुल चौधरी ने बताया कि यह प्रतियोगिता एनआरएआई द्वारा 12 अक्टूबर को गाजियाबाद स्थित इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई थी, जिसमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। तीव्र प्रतिस्पर्धा के बीच अक्षित ने अपने सटीक निशाने और दृढ़ संकल्प से प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी को प्रभावित किया। अक्षित की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में खुशी और गर्व का माहौल देखने को मिला। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह और उप प्रधानाचार्या आशु पंडित ने अक्षित को सम्मानित किया और उसकी सफलता पर हार्दिक बधाई दी। कहा कि लगन, अनुशासन और मेहनत से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। अक्षित की सफलता न केवल विद्यालय के लिए गौरव की बात है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा भी है।

# समर्पण सेवा ट्रस्ट का प्रथम स्थापना दिवस मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समर्पण सेवा ट्रस्ट ट्रस्ट रजि. का प्रथम स्थापना दिवस समारोह व शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन ब्रेक पॉइंट रेस्टोरेंट पर हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सादर विधायक प्रसन्न चौधरी जी व विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रशांत चौहान जी सभासद पति नगर पंचायत बनत रहे । कार्यक्रम के मंच का संचालन जिला संयोजक देवाशीष वर्मा ने किया।

समर्पण सेवा ट्रस्ट ने भारत माता और महादेव के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में प्रसन्न चौधरी जी ने समिति के जिला पदाधिकारी डॉ प्रशांत शर्मा जिला अध्यक्ष, सरोज गोयल महिला जिला अध्यक्ष, एडवोकेट सूरज वर्मा जिला महासि. चव,रजत नामदेव जिला कोषाध्यक्ष देव आशीष वर्मा जिला संयोजक को शपथ ग्रहण करवाई व प्रशांत चौहान द्वारा समस्त कार्यकारिणी पदाधिकारीयों को शपथ ग्रहण करवाई गई।

जिसमें समिति के समस्त पदा. धिकारी टिंकू गोस्वामी, पंकज शर्मा, अनमोल गोयल, अर्जुन मलिक जिला उपाध्यक्ष, डॉ कपिल कुमार, शुभम पांचाल, धर्मेंद्र उपाध्याय, डॉ विक्रम राणा जिला सचिव, राहुल बेदी जिला मीडिया प्रभारी, सूरज शर्मा जिला प्रचार मंत्री, चिराग नामदेव, विशाल मलिक, संदीप मलिक, देव सिंह जिला कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे और शपथ ग्रहण की साथ ही कार्यक्रम में एड. नीरज चौहान भी उपस्थित रहे।

प्रसन्न चौधरी जी ने कहा की ट्रस्ट के उद्देश्यों को सुनकर बड़ा हर्ष हुआ की ट्रस्ट द्वारा , गरीबों के लिए मुफ्त चिकित्सा शिविर, आंखों के मुफ्त ऑपरेशन, बुजुर्गों को सहायक उपकरण, दिव्यांगी को सहायक उपकरण उपलब्ध कराना, गरीब बच्चों के लिए शिक्षा, गरीबों जरूरतमंदों के लिए खाना व गरीब कन्याओं के विवाह में योगदान करने जैसे अनेकों योजनाएं ट्रस्ट द्वारा समाजहित में चलाई जा रही है जिससे हमारे समाज को खासकर उन जरूरतमंद लोगों को मदद मिलेगी जो समाज में पीड़ित व वंचित वर्ग है और मैं अपनी ओर से सभी ट्रस्ट के पदाधिकारी व संस्थापक को शुभकामनाएं प्रेषित करता हु और समस्त पदाधिकारियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

संस्थापक अमन नामदेव ने बताया कि संस्था द्वारा पहले की कार्यकारिणी को आज से निष्क्रिय किया गया है आज से पूर्व के पद अब मान्य नहीं होंगे, ओर कार्यक्रम के अंत में कोर कमेटी सदस्य संदीप उपाध्याय एवं जिलाअध्यक्ष द्वारा सभी का धन्यवाद किया गया।

# बकाया गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** सपा कार्यकर्ताओं ने बकाया गन्ना मूल्य भुगतान करने तथा नए सत्र में 450 रूपए गन्ना मूल्य घोषित करने की मांग को लेकर तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सोपा गया।

सपा कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक अध्यक्ष धीरज कुमार के नेतृत्व में बकाया गन्ना मूल्य भुगतान करने तथा नए सत्र के लिए 450 रूपए गन्ना मूल्य घोषित करने की मांग को लेकर तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन किया कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पिछले 8 वर्षों में गन्ना मूल्य करीब 17 प्रतिशत बढ़ा है जबकि महंगाई 54 प्रति., चीनी के दाम 27प्रति., एथेनॉल के दाम 65 प्रतिशत बढे हैं पड़ोसी राज्य हरियाणा में गन्ना मूल्य 415 रूपए हैं उत्तर प्रदेश में गन्ना मूल्य इस अनुपात में नहीं बढ़ाया गया उन्होंने नए सत्र में गन्ना मूल्य बढ़ाकर रुपये 450 रूपए देने तथागत वर्ष का बकाया भुगतान तुरंत करने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार ललिता चौधरी को सोपा प्रदर्शन करने वालों में सुरेंद्र कुमार, ईश्वर, हरवीर, सोमपाल, अजय, विपिन आदि शामिल रहे।

# फोन पर गाली देने व धमकी के बाद मारपीट, युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र के गांव अलीनगर झीमरान निवासी सोनू कुमार पुत्र जयबीर सिंह ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसे पंकज निवासी अलीनगर झीमरान ने फोन पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। सोनू के अनुसार 21 अक्टूबर की शाम पंकज के घर गया तो वहां पंकज, संकीत और विजय ने लाठी-डंडों और धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया। हमले में उसके सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं।

पीड़ित ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हत्याकाण्ड के वांछित मुठभेड़ में पकड़े



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** चर्चित अमित हत्या कांड के वांछित दो बदमाशों व पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में दोनों बदमाशों की टांग में लगी गोली पुलिस ने दोनों को उठाकर जिला अस्पताल पहुंचा पुलिस ने उनके पास से दो तमंचे 315 बोर दो खोखा कारतूस दो जिंदा कारतूस एक चोरी की मोटरसाइकिल एक लोहे का कटर बरामद किया।

सोमवार सुबह सरसावा से नकुड जाने वाले हाईवे कट पर थाना प्रभारी निरक्षक संजीव कुमार अपनी फोर्स के साथ चेकिंग कर रहे थे। कुछ देर बाद ही सरसावा की ओर से एक मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध आते दिखाई दिए पुलिस ने दोनों को रुकने का इशारा किया मगर उन्होंने पुलिस पर फायर करते हुए मोटरसाइकिल वापस मोड़ते हुए गांव माजरी की तरफ जाने लगे मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ने के कारण दोनों वहीं पर गिर पड़े और पुलिस पर फायर करने लगे पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की तो दोनों के पैरों में गोली लगी पुलिस पूछताछ में एक ने अपना नाम ईशु पुत्र चंद्रपाल सरसावा दूसरे ने प्रगट पुत्र सतपाल सरसावा बताया पुलिस ने दोनों को उठाकर जिला अस्पताल भर्ती कराया पुलिस ने उनके पास से दो तमंचे 315 बोर 2 खोखा कारतूस दो जिंदा कारतूस एक चोरी की मोटरसाइकिल एक लोहे का कटर बरामद किया।इसके अलावा इसी मामले में वांछित अन्य अभियुक्ताओं की तलाश में दबिश के दौरान थाना प्रभारी संजीव कुमार ने अपनी टीम द्वारा देहरादून अंबाला हाईवे पर स्थित मानव ढाबे के पास अमित उर्फ मीतू राधास्वामी कालोनी सरसावा व मलकियत पुत्र सतपाल निवासी विविध नगर सरसावा को गिरफ्तार किया पुलिस ने अमित के पास से घटना में प्रयुक्त एक लोहे का कटर बरामद किया जबकि मलकियत के पास से एक लोहे की राड व एक गाड़ी होण्डा अमेज बरामद की। वहीं पुलिस की दूसरी टीम द्वारा विशाल पुत्र मदनपाल निवासी राधास्वामी कालोनी सरसावा को 1 तमंचा एक जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया।

## वांछित आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अभियुक्त फैजान, पुत्र रिजवान, निवासी ग्राम कलालहटी, थाना फतेहपुर, सहारनपुर को कलालहटी जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया।

घटना सोमवार की रात की है, जब मोहसीन, पुत्र रिजवान, निवासी ग्राम कलालहटी ने लिखित शिकायत दर्ज कराई कि फैजान ने उनके साथ गाली-गलौज की और विरोध करने पर जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर किया। इस आधार पर थाना फतेहपुर में मुकदमा संख्या 295/25, धारा 109(1)/352 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त के खिलाफ धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी की गई। पुलिस ने अभियुक्त को विधिवत गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की।

# सैकड़ों ने ली आसपा की सदस्यता




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** देहात विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नानका गंदेवड़ा में सोमवार आजाद समाज पार्टी द्वारा एक भव्य सदस्यता अभियान का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का नेतृत्व राव सलीम, जिला अध्यक्ष (अल्पसंख्यक मोर्चा) ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट संदीप कांबोज (विधिक सलाहकार, आसपा), मौ. सलमान (नगर अध्यक्ष, छुटमलपुर), विनोद कुमार (अध्यक्ष, विधानसभा), नरेश कुमार, रहीश अहमद, इसरार अल्वी, इंतजार सिद्दीकी, संदीप धीमान, रॉबिन कुमार, शमशाद अली, रईस पठान, सलमान पठान, शहजाद पठान, तसव्वुर, मनव्वर अंसारी, अहकाम, प्रधान फैजान, डॉ. नफीस, सोमबीर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिससे संगठन को और अधिक मजबूती मिली। इस अवसर पर वक्कार अंसारी को ब्लॉक अध्यक्ष (पुंवारका) की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। सलमान चौधरी ने कहा, "आजाद समाज पार्टी केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि समाज के वंचित, पीड़ित और दबे-कुचले वर्गों की आवाज है। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष व लोकसभा सांसद भाई चंद्रशेखर आजाद ने संघर्ष, त्याग और साहस की मिसाल कायम की है। उनके नेतृत्व में न्याय, बराबरी और संविधान की रक्षा की लड़ाई को और तेज किया जा रहा है।" उन्होंने आगामी चुनाव में पूर्ण शक्ति के साथ उतरने और बहुजन समाज के निर्माण के लिए समर्पित रहने का संकल्प दो. हराया।

# आत्मनिर्भर भारत बनाने में करें सहयोग: देवेन्द्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रत्येक भारतीय को सहयोग देना चाहिए।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख व वरिष्ठ भाजपा नेता नक्षत्र पँवार के देवबंद रोड स्थित कैम्प कार्यालय पर पहुँचे भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी का भव्य स्वागत किया गया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दूरदर्शी व्यक्तिव के स्वामी हैं।उनके निर्णय देश और देशवासियों के हित के लिए होते हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आत्मनिर्भर भारत बनाने का लक्ष्य लेकर कार्य कर रहे हैं और इस संकल्प को पूरा करने के लिए प्रत्येक भारतीय को सहयोग करना होगा।देवेंद्र चौधरी ने कहा जब हम स्वदेशी अपनाएंगे तो देश का पैसा देश में रहेगा जिससे खुशहाली सम्पन्नता बढ़ेगी। पूर्व ब्लॉक प्रमुख नक्षत्र पँवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नई सोच के साथ काम कर रहे हैं। उनका उद्देश्य 140 करोड़ देशवासियों को सक्षम समर्थ बनाना है तभी भारत विकसित बनेगा।व्यापार मंडल अध्यक्ष गौतम चौधरी ने कहा भारत सर्वाधिक युवाओं वाला देश है। सरकार युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इस दौरान अजीत सिंह राणा, विकास प्रधान, विशालदेव गुर्जर आदि मौजूद रहे।

# श्री मंदिर जी से जैन मुनि का आवास विकास की ओर विहार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर के धार्मिक इतिहास में सोमवार का दिन अविस्मरणीय बन गया, जब आचार्य विमर्श सागर महाराज अपने 30 मुनि. राजों और आर्यिका चतुर्विध संघ के साथ जैन बाग स्थित श्री मंदिर जी से विहार कर आवास विकास की ओर प्रस्थान किया।

चार माह तक चले इस ऐतिहा. सिक चातुर्मास के उपरांत नगर के जैन समाज ने भावभीनी विदाई दी। जैन समाज अध्यक्ष राजेश कुमार जैन के आवास पर आचार्य श्री ने मंत्रोच्चारण और धार्मिक परंपराओं के मध्य कलश स्थापना कराई। इस पावन क्षण के साक्षी हजारों श्रावक-श्राविकाएं बने। उल्लेखनीय है कि चतुर्विध संघ ने 30 जून को सहारनपुर में मंगल प्रवेश किया था और तब से निरंतर धर्म की गंगा प्रवाहित करते हुए समाज को आध्यात्मिक मार्ग पर अग्रसर किया। आचार्य श्री ने प्रवचन में कहा कि मनुष्य का भविष्य उसके कर्मों पर निर्भर करता है। हिंसा, झूठ, द्वेष, प्रतिशोध और नफरत से कोई उपलब्धि प्राप्त नहीं की जा सकती। सत्य, अहिंसा, जीव-दया, करुणा और क्षमा से ही हम आत्मकल्याण और समाज का हित कर सकते हैं। उन्होंने सहारनपुर की भूमि को पुण्यभूमि बताते हुए कहा कि यह नगर प्राचीनकाल से ही धर्मनगरी रहा है, जहाँ अनेक तपस्वियों और विद्वानों ने जन्म लेकर इस भूमि को गौरवान्वित किया है।

धर्मसभा में समाज के अध्यक्ष राजेश कुमार जैन ने समाज की ओर से आचार्य श्री के चरणों में क्षमा याचना करते हुए बताया कि चातुर्मास काल में सहारनपुर वासियों ने अभूतपूर्व आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया है। उन्होंने घोषणा की कि जैन मंदिर परिसर में आचार्य विमर्श सागर सभागार का निर्माण कराया जाएगा। धर्मसभा में विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि जो समाज चींटी जैसे सूक्ष्म जीव की भी रक्षा करता है, वह निश्चय ही दया और करुणा से परिपूर्ण है। भाजपा महानगर के पूर्व अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के मुख्य संयोजक राकेश जैन ने वर्षायोग में महिलाओं व युवाओं के सहयोग की सराहना की। विहार यात्रा के दौरान आचार्य श्री संघ जैन बाग, रायवाला, सराफा बाजार, घंटाघर, कोर्ट रोड होते हुए मिशन कंपाउंड स्थित अध्यक्ष राजेश कुमार जैन के आवास पर पहुंचे। यहां बैंड-बाजे और जयघोषों के बीच भव्य स्वागत किया गया। आचार्य श्री के करकमलों से राजेश कुमार जैन को कलश ग्रहण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इससे पूर्व संघ के सभी साधुओं और आर्यिकाओं ने संयम के उपकरण 'पिच्छिका' का परिवर्तन किया तथा पुरानी पिच्छिकाएं समाज के धार्मिक श्रावकों को प्रदान की गईं। इस सौभाग्य को प्राप्त करने वालों में मनोज जैन , सीए अनिल जैन, डॉ. सुशील जैन, राजीव जैन सर्राफ, संदीप जैन, नितिन जैन, संजीव जैन, पंकज जैन, वर्षित जैन शामिल रहे।

# सम्मेलन में कवयित्रियों ने रचनाओं से मनमोहा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** कस्बे के भाटखेडी रोड स्थित एक रिसोर्ट में पार्थ साहित्यिक संस्था द्वारा रविवार रात एक अखिल भारतीय कवियत्री सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ देवबंद चैयरमैन विपिन गर्ग, चौधरी राजवीर सिंह, एन आर आई सुशील कुमार शांति, वरिष्ठ पत्रकार मनसब अली परवेज,कपिल डाबर द्वारा दीप प्रज्वलित कर व मुख्य अतिथि डा कर्ण सिंह सैनी ने फीता काटकर किया।

कार्यक्रम की शुरुआत देहरादून से पधारी कविता बिष्ट ने माँ सरस्वती की वंदना के साथ की। देर रात तक चले इस कवि सम्मेलन मे प्रीति अग्रवाल, भारती मिश्रा, गीतू महेश्व. री, विभा चौधरी आदि ने श्रृगार रस, प्रेम रस, वीर रस और वियोग रस से ओतप्रोत कविताएं ,गीत, गजल प्रस्तुत की। कवयित्रियों की भावनाओं, अभिव्यक्ति और देशभक्ति से ओतप्रोत पंक्तियों पर श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाईं। सम्मेलन का संचालन डॉ. शुभम त्यागी व हेमंत अरोडा ने किया। कार्यक्रम संयोजक गौरव विवेक, सुरजीत सिंह ने समापन पर सभी अतिथियों का आभार व्यक्त कर मुख्य अतिथियों व कवियत्रियों को स्मृति चिन्ह देकर अभिनन्दित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अय्यूब बेग, नवीन जयंत, राहुल नौसरान, अनुज स्वामी, सुनील शास्त्री, कपिल डाबर, सीटू चौधरी, रेखा धीमान, बबलू चौधरी, बिरमपाल प्रधान, विकास चौधरी रोमी, अमित गर्ग, मोहित कश्यप,शैलेंद्र शर्मा, अशोक रोहिला, सोनू अग्रवाल, बुल्ला शाह, राकेश पहलवान आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## ठगी रकम वापस कराई

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर की साइबर हेल्प डेस्क टीम ने ठगी के मामले में कार्रवाई करते हुए पीड़ित राधेलाल, पुत्र रामलाल, निवासी ग्राम फतेहपुर, कस्बा छुटमलपुर के खाते से ठगे गए 1,00,000 रुपये में से 26,500 रुपये वापस कराने में सफलता हासिल की।

पीड़ित ने 24 अक्टूबर 2025 को साइबर पोर्टल पर शिकायत (संख्या: 23110250168493) दर्ज कराई थी, जिसमें अज्ञात व्यक्ति द्वारा साइबर फ्रॉड के जरिए उनके खाते से उक्त राशि निकाल ली गई थी।थानाध्यक्ष विनय शर्मा के नेतृत्व में साइबर हेल्प डेस्क टीम, जिसमें उपनिरीक्षक सजल कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर सोनम, हेड कांस्टेबल भूपेंद्र मान और महिला कांस्टेबल सुरेखा शामिल थे, ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। 24 अक्टूबर को ही संबंधित बैंक से संपर्क कर 77,435 रुपये की राशि होल्ड कराई गई।

# डीएपी खाद की चिलकाना क्षेत्र में किल्लत

**चिलकाना।** क्षेत्र में किसान गेहूं बुवाई की तैयारियों में लगे हैं। लेकिन किसानों को डीएपी खाद की भारी कमी के चलते दर-दर भटकना पड़ रहा है। समितियों पर डीएपी खाद नहीं मिलने से गेहूं की बुवाई पर संकट मंडरा रहा है, किसान सरकारी समितियों के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन डीएपी खाद उपलब्ध नहीं हो रही है।

सहकारी समिति दुमझेडा में वर्तमान समय किसी भी प्रकार की खाद उपलब्ध नहीं है। सोमवार को जो खाद समिति के पास उपलब्ध थी, उससे एक चोथाई किसानों की भी भरपाई नहीं हो सकी। बाकी किसानों को सुबह से लाइन में खड़े होने के बाद भी दोपहर को खाली हाथ ही घर लोटना पडा। किसानों को इस समय खाद की सख्त आवश्यकता है, लेकिन सहकारी समितियों में खाद की आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

बैंगनी गांव निवासी किसान सुभाष, छोटू, रामकुमार, नवीन व समयसिंह ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गेहूं की बुवाई के लिए डीएपी खाद की अत्यंत आवश्यकता है, जो कि बाजार में भी नहीं मिल रही है। किसानों ने बताया कि निजी दुक. ानों पर डीएपी खाद तो उपलब्ध हो जाती है, लेकिन उसकी गुणवत्ता की कोई गारंटी नहीं होती और उसके लिए कीमत भी अधिक चुकानी पड़ती है। किसानों ने सहकारी समिति दुमझेडा के सदस्य बनने के लिए दो सो साठ रूपये जमा करके सहकारी समिति की सदस्यता ग्रहण की, लेकिन किसानों द्वारा दो सो साठ रूपये खर्च करने के बाद भी भटकना पड़ रहा है।

वहीं सूत्रों का कहना है कि क्षेत्र में सहकारी समितियों पर खाद तो आती है, लेकिन समिति कर्मचारियों द्वारा खाद की कालाबाजारी कर फुटकर विक्रेताओं को बेच दिया जाता है और किसानों को खाद के खाली गोदाम दिखाकर खाद न आने का बहाना बना दिया जाता है। बताते दें कि बीते माह चार सितंबर को निवर्तमान चिलकाना थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रसेन सैनी व कृषि विभाग टीम ने खाद की कालाबाजारी करते हुए 82 बोरी यूरिया से भरी एक बोलेरो पिकअप को सीज कर एक आरोपी को जेल भेजा था, तथा तीन अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

## बाबा का किया कीर्तन

**गंगोह।** श्री श्याम मंडल द्वारा श्याम जन्मोत्सव को लेकर आयोजित मेहंदी श्याम नाम की में अनेक महिलाओं ने भाग लिया।

राम बाग मार्ग स्थित नौ दुर्गा धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथि ने बाबा श्याम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने बाबा का संकीर्तन करते हुए हाथों पर मेहंदी लगवाई। सोमवार शाम को बाबा का कीर्तन किया गया। जिसमें बाहर से आए व स्थानीय गायक बाबा को मनाया। इस अवसर पर चारू, वर्तिका, अंजु, प्रियंका, ईशा, अदिति राज नंदिनी, दीपा आदि मौजूद रही।

## एक नजर

### चैकिंग के दौरान दो संदिग्ध पकड़े

**बेहट।** कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि वे पुलिस बल के साथ कस्बे के निकट संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेि. कंग कर रहे थे तो मुखबिर ने सूचना दी कि दो नशा तस्कर नशीले पदार्थ लेकर बेचने का लिए कहीं जा रहे हैं । सूचना मिलते ही पुलिस मुखबिर द्वारा बताए स्थान क पर विकास नगर रोड गांगरो नदी के पुल के पास पहुंचा तो वहां खड़े दो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने जैसे ही लगे तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर दोनों नशा तस्करों के पास दो-दो सौ ग्राम अवैध चरस बरामद की गई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने पकड़े गए दोनों व्यक्तियों के नाम पते मनव्वर पुत्र जुमशेद निवासी ग्राम लोधीपुर थाना बेहट , बिलाल पुत्र मेहंदी हसन के निवासी ग्राम लोधीपुर थाना बेहट जनपद सहारनपुर बताए है। पुलिस ने,दोनों आरोपितों के खिलाफ थ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि यह दोनों अभियुक्त नशीले पदार्थ कहां - कहां सप्लाई करते हैं इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए दोनों नशा तस्करों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किए जा रहे है।

### फरियादियों की समस्याएं सुनी

**बेहट।** शासन के निर्देशों का पालन करते हुए एस डीएम मानवेन्द्र सिंह अपने कार्यालय में बैठकर आने वाले फरियादियों के प्रार्थना पत्रों को जन सुनवाई करते हुए उनका निस्तारण किया गया।

मंगलवार को भी एसडीएम मानवेन्द्र सिंह ने शाम 6 बजे तक भी उनके पास आने वाले फरियादियों के प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से लेते हुए उनकी सुनवाई की गई।उनका हमेशा एक ही उद्देश्य रहता है कि उनके पास उम्मीद से आने वाला हर एक व्यक्ति की जो भी समस्या हो उनका समय रहते निस्तारण कराया जाएं उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए है कि जो भी शिकायत है उस का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाय आज अलग अलग विभागो से आई लगभग 12 शिकायतो में से 7 शिकायतों का निस्तारण कराया गया । उन्होंने अधीनस्थों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी शिकायत आए उस का मौके पर जाकर निस्तारण करे। इस दौरान नायाब तहसीलदार फैजाबाद भूपेन्द्र सिंह नायब तहसीलदार मुजफ्फराबाद देवेन्द्र सिंह प्रजापति , पूर्ति निरीक्षक अजय कुमारी त्रिपाठी स्टेनो राजस्थान त्यागी मनीष कुमार , राजेंद्र पेशकर कर्मचारी ,मोजूद रहे।



## दो वारंटी गिरफ्तार

**बेहट।** प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी के कुशल नेतृत्व में पुलिस व मिशन शक्ति टीम ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए न्यायालय से जारी गैर-जमानती दो वारण्टी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने न्यायालय में पेश किए है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मुनफैत पुत्र जुमशैद निवासी ग्राम न्यामतपुर थाना बेहट, जनपद सहारनपुर को संबंधित वाद संख्या: 6370/22, धारा 323/504/506 भादवि, तथा बालेश्वर पुत्र रघुवीर सिंह निवासी ग्राम आलमपुर कला थाना बेहट, जनपद सहारनपुर को संबंधित वाद संख्या: 7989/25, धारा 379/411 भादवि, को उनके घरों पर दबिश देकर गिरफ्तार किए है। पुलिस ने कानूनी कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किए है।

# भाजपा में आम आदमी का विश्वास: जसवंत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** उप्र औद्योगिक विकास एवं संसदीय कार्य राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी ने कहा कि जनता विपक्ष के दौर भाजपा के शासन को बेहतर महसूस कर रही है। जबकि उस दौर में जनता अपनी मूलभूत आवश्यकताओं से भी वंचित रही।

सोमवार को राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी यहां गोचर कृषि इंटर कालेज में केन्द्र सरकार के आत्मनिर्भर भारतष संकल्प अभियानष के अंतर्गत भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित युवा सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में आज देश का प्रत्येक व्यक्ति स्वंय को सुरक्षित महसूस कर रहा है। कहा कि भारत आज दुनिया की ऐसी शक्ति बन कर उभर रहा है कि दुनिया के सभी देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करने के लिए उतावले हो रहे हैं। इतना ही नहीं दूसरे प्रदेशों में उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मिसाल पेश की जाती है। उन्होंने सरकार की कानून व्यवस्था, सफलता व नारी शक्ति जैसे कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि पूर्व की सरकारों में जनता अपनी मूलभूत सुविधाओं से वंचित थी। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के बाद अब स्वदेशी अपनाने के मोदी के आह्वान को सफल बनाने की अपील की। सम्मेलन में क्षेत्रीय मंत्री विनीत बालियान, जिला अध्यक्ष विपिन सिरो. ही, जिला उपाध्यक्ष अजित सिंह राणा, मण्डल अध्यक्ष युवा मोर्चा विशाल राणा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण चंद सैनी, प्रमोद कौशिक, दीपक सैनी, प्रवीण सैनी, अरविंद धीमान, विशाल देव, हैदर चौधरी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**Name Change**

I, BHAIRAV SINGH NEGI S/o Shri BHAGWAT SINGH R/o Income Tax Office, Saharanpur have changed my name from BHAIRAV SINGH NEGI to BHAIRAV SINGH with immediate effect.

# मुठभेड़ के बाद इनामी बदमाश गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** नकुड़ पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, इनामी अपराधी घायल, गिरफ्तार तमंचा और कारतूस, खोखा बरामद। नकुड़ थाना क्षेत्र के गांव घाटमपुर मार्ग पर सोमवार सुबह करीब 5:40 बजे पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान एक इनामी बदमाश अर्जुन मोंगा पुत्र घनश्याम मोंगा घायल हो गया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसका साथी ईख के खेत का फायदा उठाकर फरार हो गया।

नकुड़ पुलिस और अंबेहटा पुलिस उच्च अधिकारियों के निर्देश पर गंगोह रोड पर गश्त और चेकिंग कर रही थी। चौकी प्रभारी विकास चारण के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बाइक सवार दो संदिग्धों को रोकने का इशारा किया। बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी और घाटमपुर की ओर बाइक दौड़ाई। बाद में बाइक छोड़कर वे ईख के खेत में छिप गए और वहां से भी पुलिस पर गोलीबारी की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अर्जुन मोंगा के टांग में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। नकुड़ सीओ अशोक कुमार सिसोदिया और थाना प्रभारी संतोष कुमार त्यागी ने बताया कि अर्जुन मोंगा सरसावा थाना क्षेत्र में हत्या के मामले में वांछित था और उस पर दस हजार रुपये का इनाम घोषित था। अर्जुन मोंगा पर थाना सरसावा सहित अन्य थानो में आधा दर्जन अपराधिक मुकदमा दर्ज है। घटनास्थल से पुलिस ने एक तमंचा,दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, एक बंग जिसमें हत्या की घटना में प्रयुक्त एक दांव और नंबर की एक बाइक बरामद किया है। घायल बदमाश को नकुड़ सीएचसी में इलाज के लिए भेजा गया है।

फरार बदमाश की तलाश में पुलिस टीमें छापेमारी कर रही हैं।

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.**
अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल प्रथम, सहारनपुर

ई-निविदा सूचना

निविदा सं. एंव कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. 43/डब्लू/2025-26- विद्युत वितरण खण्ड-बेहट के कार्यक्षेत्र में पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत मैसर्स वेनको रिसर्च एण्ड ब्रिडिंग फार्म प्रा. लि. केयर ऑफ श्री रामस्वरूप ग्राम साईट खुजनावर मुस्तकाम, सहारनपुर को 189 के. वी.ए. संयोजन अवमुक्त करने का कार्य। निविदा मूल्य 1180.00 धरोहर राशि-5600.00
2. 44/डब्लू/2025-26- विद्युत वितरण खण्ड-बेहट के अन्तर्गत विद्युत वितरण उपखण्ड-बेहट के कार्यक्षेत्र में रनिंग कान्ट्रेक्ट के माध्यम पूर्ण जमा योजना के कार्य। निविदा मूल्य 1180.00 धरोहर राशि-5000.00
3. 45/डब्लू/2025-26:- विद्युत वितरण खण्ड-बेहट के अन्तर्गत विद्युत वितरण उपखण्ड-छुटमलपुर के कार्यक्षेत्र में रनिंग कान्ट्रेक्ट के माध्यम पूर्ण जमा योजना के कार्य। निविदा मूल्य 1180.00 धरोहर राशि-10000.00
4. 46/डब्लू/2025-26- विद्युत वितरण खण्ड-देवबन्द के अन्तर्गत पूर्ण जमा योजना में श्री सुशील कुमार पुत्र श्री ओमप्रकाश, साईट ग्राम लबकरी को 33 कि. वाट का औधोगिक संयोजन निर्गत करने का कार्य। निविदा मूल्य 1180.00 धरोहर राशि-2400.00

अल्पकालीन ई-निविदा 43 / डब्लू/2025-26 की अंतिम तिथि: 12.11.2025 समय 12:00 बजे ई-निविदा 44, 45 एंव 46/डब्लू/2025-26 की अंतिम तिथि: 26.11.2025 समय 12:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेत्तर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

# विद्यालय महासंघ ने बीएसए को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** आरटीई पोर्टल से मान्यता प्राप्त विद्यालयों की प्री प्राइमरी कक्षाओं को हटा दिए जाने का मान्यता प्राप्त विद्यालय महासंघ ने विरोध जताते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन भेजकर उक्त पोर्टल पर प्री प्राइमरी कक्षाओं को अतिशीघ्र खोले जाने की मांग की है।

मान्यता प्राप्त विद्यालय महासंघ के बैनरतले शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी नीलम तोमर के माध्यम से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले कई वर्षों से मान्यता प्राप्त विद्यालयों में प्री प्राइमरी कक्षाएं संचा. लित होती आई हैं। इसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा आफलाइन माध्यम से प्रवेश देने के आदेश दिए जाते रहे हैं। मान्यता प्राप्त विद्यालयों ने विभाग के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए मैपिंग भी करवाई, लेकिन अब



विभाग ने पोर्टल से प्री प्राइमरी कक्षाओं को हटा दिया है। ज्ञापन में बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए आरटीई पोर्टल पर प्री प्राइमरी कक्षाएं खोलने की मांग की गई। ऐसा न करने की स्थिति में धरना प्रदर्शन करने और इस मामले में अदालत का रुख करने की चेतावनी दी गई। ज्ञापन देने वालों में योगेश शर्मा, विश्वकांत शर्मा, मधु शर्मा, मोहम्मद फारूक, राजकिशोर सैनी, विपिन कुमार, प्रमोद त्यागी, मोहम्मद शाह, अंशुल शर्मा, समीर अल्वी, प्रियंका शर्मा, नीलम सैनी, फरहीन आदि शिक्षक शामिल रहे।

# पुलिस ने पटाखे छोड़ती बुलेट को किया सीज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पुलिस ने पटाखे छोड़ती बुलेट को हिरासत में लेकर सीज कर बुलेट चालक के खिलाफ वायु प्रदूषण यातायात नीयमो का उलंघन करने के आरोप में कानूनी कार्रवाई आरंभ करते हुए चेतावनी दी है कि भविष्य में इस प्रकार की गतिव. ीधियां करने वालो को बख्शा नहीं जाएगा।

खानकाह पुलिस चौकी प्रभारी संदीप सिंह ने चैकिंग के दौरान पटाखे छोड़ती बुलेट को सीज कर बुलेट चालक के खिलाफ वायु प्रदूषण यातायात नीयमो का उलंघन करने के आरोप में कार्रवाई की है। उन्होने कहा कि बुलेट का लाइसेंसर मॉडिफाइड था जो नियमो के विरूध है। उन्होने चेतावनी दी है की भविष्य में ऐसी गतिवीधियां करने वालो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# लोजपा में शामिल किसानों का स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** राष्ट्रीय किसान यूनियन (सिद्धार्थ) ने लोजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में लोक जनशक्ति पार्टी पासवान में विलय किये जाने की घोषणा किये जाने पर लोजपा राष्ट्रीय महासचिव राघव दास अग्रवाल व पदाधिकारियों ने पार्टी में शामिल हुए किसानों का स्वागत किया।

रेलवे रोड स्थित लोजपा कार्यालय पर हुए कार्यक्रम में राष्ट्रीय किसान यूनियन सिद्धार्थ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नौशाद त्यागी ने कहा कि किसानों की संसद में बात करने वाला कोई नहीं है। संसद से किसानों की आवाज पुरजोर तरीके से उठे इसलिए उन्होंने पार्टी में विलय किया है। लोजपा से अच्छा उन्हें कोई विकल्प नहीं लगा, क्योंकि लोजपा ही किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाती है। लोजपा के राष्ट्रीय महासचिव राघव दास अग्रवाल ने



कहा कि उनकी पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुकी है और कई राज्यों में उनके सहयोग से सरकारें चल रही है। उन्होंने बताया कि जिस विश्वास के साथ नौशाद त्यागी ने अपने किसान संगठन का विलय उनकी पार्टी में किया है, उस विश्वास पर पार्टी खरा उतरेगी। महिला प्रकोष्ठ की पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी पूजा गर्ग ने कहा कि बड़ी संख्या में महिलाओं को पार्टी से जोडने का काम किया जा रहा है। इस दौरान नौशाद त्यागी को लोजपा पासवान युवा प्रकोष्ठ का जिला प्रभारी बनाया गया। इस दौरान किसान संगठन से जुड़े शहजाद अली, नाजिम त्यागी, नवाब, अहसान अली, वाजिद अली, मोहम्मद इरफान आदि मौजूद रहे।

# वक्फ संपत्तियों को सुरक्षित करने के लिए पोर्टल पर अपलोड करें जानकारी: रहीमुद्दीन

**केंद्र सरकार ने वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण व प्रबंधन को लेकर लांच किया उम्मीद पोर्टल**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** वक्फ कानून बनने के बाद केंद्र सरकार ने वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण और प्रबंधन को लेकर उम्मीद पोर्टल लांच किया है। अब इस पोर्टल के माध्यम से वक्फ संपत्ति का समस्त ब्यौरा सुरक्षित किया जा सकेगा। सरकार ने उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्ति की जानकारी अपलोड करने की अंतिम तिथि 25 दिसंबर 2025 निर्धारित की है। देवबंद क्षेत्र में इस कार्य के लिए उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने मदरसा जामिया हकीमुल इस्लाम के संस्थापक व प्रभारी मौलाना रहीमुद्दीन कासमी को कोआर्डिनेटर नियुक्त किया है।

सोमवार को नवनियुक्त कोआर्डिनेटर मौलाना रहीमुद्दीन कासमी ने बताया कि देश की वर्तमान स्थिति में मुसलमानों के लिए सबसे बड़ा मुद्दा वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा का है। इसी के मद्देनजर वक्फ बोर्ड की ओर से जारी दिशा निर्देशों के अनुसार सभी वक्फ संपत्तियों जैसे मस्जिदों, मदरसों, खानकाहों, कब्रिस्तानों, दरगाहों, इमामबाड़ों आदि का पंजीकरण उम्मीद पोर्टल पर अनिवार्य किया गया है।

उन्होने बताया कि वक्फ बोर्ड ने उन्हें देवबंद और आसपास के क्षेत्रों में स्थित वक्फ संपत्तियों की जानकारी उम्मीद पोर्टल पर अपलोड करवाने की जो अहम जिम्मेदारी दी है, उसके तहत वह जल्द ही मुतवल्लियों के साथ बैठक करेंगे और उन्हें इसके फायदे बताएंगे। मौलाना रहीमुद्दीन ने मुतवल्लियों से आह्वान करते हुए कहा कि वह वक्फ संपत्ति संबंधी सभी जानकारी तय तिथि यानी 25 दिसंबर से पहले पोर्टल पर अवश्य अपलोड करा लें। यदि तय तिथि में यह प्रक्रिया पूरी नहीं होती है तो कानूनी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। मौलाना ने सरकार से मांग करते हुए यह भी कहा कि पोर्टल पर वक्फ संपत्ति का ब्यौरा अपलोड करने के लिए जो समय दिया है, वह बेहद कम है। ऐसे में सरकार को पंजीकरण की अवधि को बढ़ाना चाहिए और इस कार्य के लिए लगभग एक वर्ष का समय दिया जाना चाहिए।

# दुष्कर्म के झूठे मुकदमे की निष्पक्ष जांच कराये जाने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** दुष्कर्म का झूठा मुकदमा दर्ज किए जाने को लेकर पुलिस पर आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर निष्पक्ष जांच कराकर न्याय दिलाए जाने की मांग की है।

मोहल्ला खानकाह स्थित शेखुल हिंद कॉलोनी निवासी कारी सईद अहमद ने मामले में उत्तर प्रदेश के डीजीपी, डीआईजी, एसएसपी और मानवाधिकारी आयोग को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने बताया पिछले वर्ष दो फरवरी को क्रिकेट खेलने की रंजिश के चलते एक ट्रांसपोर्टर ने अपने साथियों के साथ मिलकर बेटे मुजा. हिद के साथ मारपीट की थी। इसमें पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर

**कारी सईद अहमद ने अपने खिलाफ दर्ज दुष्कर्म के मुकदमे को बताया निराधार**

हल्की धाराओं में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की, तभी से आरोपी रंजिश रखते हैं। आरोप है लगाया कि आरोपी पुलिस से साज किए हुए हैं, जिन्होंने एक महिला के जरिए उन पर दुष्कर्म का झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया, जबकि उनके पास अपनी बेगुनाही के सभी सबूत मौजूद हैं। उन्होंने पूरे मामले में निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

# किसानों ने की प्रदेश सरकार से 700 रूपेय प्रति कुंतल गन्ना मूल्य घोषित करने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भारतीय किसान यूनियन (वर्मा) की आयोजित बैठक में किसानों की समस्याओं पर चर्चा करने के साथ ही सरकार से 700 रुपये प्रति कुंतल गन्ना मूल्य घोषित करने की मांग की है।

रविदास मार्ग पर भारतीय किसान यूनियन (वर्मा) की आयोजित बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि खाद, बीज, कीटनाशक दवाई, डीजल व कृषि यंत्रों के दामों में वृद्धि होने के साथ ही मजदूरी भी बढ़ी है। इससे गन्ना उत्पादन लागत में बढ़ोतरी हुई है। कहा कि डा. एमएस स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार किसानों के सभी खर्च और लागत जोड़ते हुए प्रदेश में गन्ने का



लाभकारी मूल्य 825 रुपये कुंतल होना चाहिए।

ऐसे में सरकार को कम से कम 700 रुपये प्रति कुंतल गन्ना भाव अवश्य घोषित करना चाहिए। अध्यक्षता प्रदेश सचिव मास्टर रईस अहमद व संचालन हाफिज मुर्तजा त्यागी ने किया। बैठक में नीरज कपिल, धर्मवीर चौधरी, सुलेमान, महबूब हसन, ऋषिपाल गुर्जर, वसीम जहीरपुर, हाजी साजिद, रविंद्र प्रधान आदि शामिल रहे।

# गंगेरू में पसमांदा मुस्लिम समाज का भव्य आयोजन

**कांधला।** गांव गंगेरू में पसमांदा मुस्लिम समाज का एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सोनू मंसूरी ने की। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए लेटर वितरित किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में पश्चिम प्रभारी पसमांदा मुस्लिम समाज तहसीन मंसूरी द्धमेरठ जिला अध्यक्ष एवं दिल्ली प्रदेश प्रभारीऋ तथा आजाद मंसूरी ने शिरकत की। इस अवसर पर जिला प्रभारी रिजवान अंसारी, महासचिव शमीम मंसूरी, महासचिव सद्दाम कुरैशी, महासचिव मुजम्मिल मंसूरी,



महासचिव शाहरुख मंसूरी, महासचिव समीम कसार, जिला सचिव दिलशाद प्रधान, जिला सचिव सलीम अंसारी, जिला संगठन मंत्री आरिश मलिक, जिला सचिव डॉ। साबिर, सहयोगी सलाहकार नफीस अहमद, जिला सचिव यूसुफ अंसारी, जिला सचिव तारीफ अंसारी, और जिला सचिव मेहरबान मंसूरी सहित कई पदा. धिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। उपस्थित जनों ने समाज की एकता और विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# प्रकाश पर्व पर निकाली प्रभातफेरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पहली पातशाही साहिब श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 13 दिवसीय प्रकाश पर्व के अंतर्गत चौथे दिन नगर में विशाल प्रभातफेरी निकाली गई। गुरुवाणी के मधुर स्वर से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, पंजाबी कॉलोनी से प्रभातफेरी का शुभारंभ गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह तथा प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट और सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला के नेतृत्व में हुआ। प्रभातफेरी जब मौहल्ला बाड़वान स्थित नितिन सैनी भवन पर पहुंची, तो समाजसेवी नितिन कुमार सैनी सर्राफ और उनके परिवार ने ऐतिहासिक स्वागत कर मिसाल कायम कर दी।

# भगत सिंह की तुलना हमास से किए जाने को लेकर पंजाबी समाज में रोष, सांसद से की माफी मांगने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह की तुलना हमास से किये जाने पर उत्तर प्रदेश सिख फोरम एवं पंजाबी समाज ने रोष प्रकट करते हुए सहारनपुर क्षेत्र से सांसद इमरान मसूद से माफी मांगने की मांग की है।

रेलवे रोड स्थित उत्तर प्रदेश सिख फोरम के कार्यालय पर आयोजित बैठक में उत्तर प्रदेश सिख फोरम के महामंत्री गुरजोत सिंह सेठी ने कहा कि भगत सिंह ने देश के लिए अपनी कुर्बानी देदी। कहा कि सांसद भूल गए है कि भगत सिंह जैसे देशभक्तों की बदौलत ही देश आजाद हुआ और देश में लोकतंत्र की स्थापना होने से वह सांसद पद का आनंद ले पा रहे है। कहा कि इमरान मसूद को अपने बयान के लिए पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। पंजाबी समाज के अध्यक्ष सतीश गिरधर ने कहा कि इमरान मसूद की गलत बयानबाजी से पूरा जिला शर्मिंदगी महसूस कर रहा है। देश की संसद में ऐसे व्यक्ति को बने रहने का कोई अधिकार नही है। सरकार को इस मामले में कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। महामंत्री बालेंद्र सिंह ने कहा कि भगत सिंह हमारे आदर्श है। इमरान मसूद के ऐसे बयान समाज को तोड़ने वाले है। वे हिंदू मुस्लिम में विवाद पैदा कर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रहे है। उन्होंने सरकार से सहारनपुर सांसद के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

बैठक में सेठ कुलदीप कुमार, हेमंत गिरधर, राजेश अजमानी, रवि होरा, सचिन छाबड़ा, संजय सलूजा, राजीव होरा, श्याम लाल भारती, श्याम लाल अरोड़ा, राजेश अनेजा, हन्नी रतड़ा, डा. सुरेंद्र सिंह सोढी, अशोक गम्भीर, अश्वनी गम्भीर और हैप्पी रतड़ा आदि पंजाबी समाज के लागे शामिल रहे।

# दबंगों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ व जान से मारने की धमकी दी

**मुजफ्फरनगर।** मोहल्ला सरवट पीर के पास थाना सिविल लाइन जिला मुजफ्फरनगर की निवासी है। प्रार्थीया का आरोप है कि दीवाली से दो दिन पहले अपने मायके में क्रेशर कालोनी वाली गली सरवट थाना सिविल लाइन जिला मुजफ्फरनगर में गई थी। 27.10.2025 को समय लगभग 2 बजे दिन में मेरे पति लाला उर्फ मुंशाद प्रार्थीया को लेने प्रार्थीया के मायके में गया था जिसके बाद मुलजिमान आरिफ पुत्र जब्बर, आस मौहम्मद उर्फ आशू पुत्र जब्बार, नौसाबा पत्नी आरिफ, शबनम पत्नी आस मौहम्मद उर्फ आशू निवासी क्रेशर वाली गली सरवट थाना सिविल लाइन जिला मुजफ्फरनगर ने प्रार्थीया व उसके माता पिता को मारना पीटना शुरू कर दिया। प्रार्थीया व उसके पति छुड़ाने गए तो उनसे भी मारपीट की। आरिफ के पास देशी कट्टा व आस मौहम्मद के पास तलवार है। उपरोक्त ने प्रार्थीया, उसके पति व माता-पिता को तलवार से काटकर मारने की धमकी दी है। साथ ही उपरोक्त ने घर में आग लगाकर प्रार्थीया के छोटे भाई बहनों सादिक, अनस व साजमा को जान से मारकर मकान पर कब्जा करने की धमकी दी है। प्रार्थीया ने थाना सिविल लाइन में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

# स्योहारा में क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** हाजी अब्दुल कदीर मंसूरी मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन बीती रात एम.क्यू. इंटर कॉलेज के मैदान में हुआ।

यह टूर्नामेंट नगर के खेल प्रेमियों में उत्साह का केंद्र बना रहा। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया और कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। फाइनल मैच उस्मान नगर और सीमला टीमों के बीच खेला गया, जिसमें उस्मान नगर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी पर कब्जा किया। विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नजीबुल हसन ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवा पीढ़ी को अनुशासन, एकता और आपसी भाईचारे का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि स्योहारा क्षेत्र में इस तरह के आयोजन युवाओं को नशे से दूर रखकर उन्हें एक बेहतर दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक सोच जगाने में ऐसे कार्यक्रम अहम भूमिका निभाते हैं। वहीं मुख्य अतिथि मास्टर विजयपाल सिंह ने कहा कि खिलाड़ी जब मैदान में उतरते हैं तो वे केवल अपनी टीम नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा हैं, लेकिन असली जीत खेल भावना की होती है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे खेलकूद में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें, ताकि स्योहारा का नाम जिले और प्रदेश स्तर पर रोशन हो। समापन अवसर पर मौजूद अतिथियों ने हाजी अब्दुल कदीर मंसूरी की स्मृति में आयोजित इस टूर्नामेंट को समाज में एकता और भाईचारे का प्रतीक बताया। उन्होंने आयोजकों की मेहनत और सहयोग की जमकर प्रशंसा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजक आसिफ मंसूरी, आरिफ शेख, नजम रिजवान, साजिद सभाकत अकफुल रहमान, ऐवलान, साहिल, इकबाल और अनस चौधरी का विशेष योगदान रहा।

# फल विक्रेता के साथ मारपीट, गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर

**कांधला।** नई बस्ती में मामूली विभाग को लेकर कई लोगों ने मिलकर फल विक्रेता के साथ मारपीट की। जिसमें फल विक्रेता गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में घायल युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मोहल्ला नई बस्ती निवासी इस्लाम ने थाने में तहरीर देकर पड़ोसी आदिल, हारून तथा दो अज्ञात युवकों पर उसके बेटे रिहान के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पिता इस्लाम के अनुसार, उसका बेटा रिहान माता मंदिर के पास फल की ठेली लगाकर फल बेचता है। रोज की तरह रविवार को भी वह अपनी ठेली पर खड़ा था, तभी आरोपी वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। जब रिहान ने विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों और सरिए से उस पर हमला कर दिया। हमले में रिहान के सिर पर गंभीर चोट आई और वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। शोर सुनकर आसपास के लोग इकठ्ठा हो गए, जिन्हें देखकर आरोपी फरार हो गए। सूचना मिलने पर रिहान के पिता मौके पर पहुंचे और बेटे को लहूलुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित पिता ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गुलदार से बचाव के लिए कार्यक्रम

## गुलदार के हमले से घायलों को आठ माह बाद भी नहीं मिला मुआवजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ब्लॉक परिसर में वन विभाग द्वारा गुलदार से बचाव के लिए आयोजित कार्यक्रम में पूर्व में गुलदार के हमले से घायल हुए लोगों ने 8 माह बाद भी मुआवजा नहीं मिलने पर मुआवजा दिलाए जाने की मांग उठाई।

प्राप्त समाचार के अनुसार ब्लॉक परिसर में वन विभाग द्वारा गुलदार से बचाव के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें गुलदार से बचाव के उपायों की जानकारी देते हुए बताया कि जंगल में काम करते समय समूह में जाएं और बैठकर काम न करें।

बच्चों को जंगल में नहीं ले जाने की हिदायत दी गई। इस मौके पर ग्राम अमीनाबाद निवासी सुदेश कुमार ने डीएफओ को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि करीब आठ माह पूर्व जंगल में उसके पुत्र रोनित उर्फ रोहन पर गुलदार ने हमला कर घायल कर दिया था। उसके उपचार में उसका काफी



धन खर्च हो गया और उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई। 8 माह बीत जाने के बाद भी उसे कोई मुआवजा नहीं मिला। जनसुनवाई पर शिकायत में उसे बताया गया कि आपको मुआवजा दिलाने का प्रस्ताव पास हो चुका है, लेकिन मुआवजा बजट प्राप्त होने पर ही मिलेगा। सुदेश कुमार ने मुआवजा दिलाने की मांग उठाई। डीएफओ ने उसे शीघ्र मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर डीएफओ अभिराज सिंह, वन रेंजर शशांक गुप्ता के अलावा महेश गौतम, हरदेव सिंह, शुभम मलिक, राणा प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, बीडीओ प्रताप सिंह, शोभित त्यागी आदि मौजूद रहे।

# तीसरी आंख की निगरानी में लगेगा गंगा स्नान मेला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** महात्मा विदुर के तपोभूमि विदुर कुटी पर प्रत्येक वर्ष की भाति लगने वाले कार्तिक गंगा स्नान मेले को लेकर जहां जिला पंचायत द्वारा विभिन्न प्रकार की तैयारियां की जा रही हैं। वहीं पुलिस प्रशासन के आहा अधिकारी भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कार्य योजना बनाने में लगे हैं। इसके तहत मेले में दो थाने और आठ चौकियां बनाई जाएंगी। सीओ संग्राम सिंह को मेला प्रभारी बनाया गया है।

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहेगा। साथ ही मेले की निगरानी के लिए लगभग ढाई दर्जन सीसीटीवी कैमरे तथा दो ड्रोन भी तैनात रहेंगे। मेले में इस गंगा वर्ष स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखकर 24 घंटे चार मोटर वोट व गोताखोर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था में

**महाराजा टैंट होंगे आकर्षण का केन्द्र**

तैनात रहेंगे। इसके लिए मेले में एक अलग से जल चौकी भी बनाई जाएगी। मेले में महाराजा टेंट विशेष आकर्षण का केंद्र बनेंगे, जिनमें सभी प्रकार की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले को आठ सेक्टर में बांटा गया है। जिनमें प्रत्येक सेक्टर के लिए एक अलग अधिकारी की नियुक्ति की गई है तथा मेले के प्रत्येक चौराहे पर भारी पुलिस बल तैनात रहेगा। वहीं जिला पंचायत द्वारा मेले की सुंदरता बढ़ाने के लिए मेले के चौराहा पर सेल्फी प्वाइंट बनाए जाएंगे तथा जिला पंचायत द्वारा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए रात्रि में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी कराया जाएगा। मेले में विभागीय प्रदर्शनी के लिए भी टेंट लगने प्रारंभ हो गए।

# खेत की मिट्टी अवैध रूप से बेचने पर विवाद, पुलिस को दी सूचना

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भभीसा में खेत की मिट्टी अवैध रूप से बेचने को लेकर दो किसानों के बीच विवाद हो गया। घटना के संबंध में पीड़ित ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव भभीसा निवासी राजीव कुमार पुत्र मांगेराम ने बताया कि उसका खेत गांव के ही यशपाल पुत्र जगदीश के खेत से सटा हुआ है। राजीव कुमार का आरोप है कि यशपाल अपने खेत की करीब 5 फुट गहराई तक मिट्टी निकालकर बेच रहा था। जब उसने इसका विरोध किया तो यशपाल ने कहा कि वह मछली पालन के लिए तालाब बना रहा है। राजीव के पूछने पर कि क्या इसके लिए प्रशासन से अनुमति ली गई है, तो यशपाल ने कथित रूप से गाली-गलौज कर दी।घटना की सूचना राजीव कुमार ने 112 नंबर पर पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक यशपाल, जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस कर्मियों ने मौके की तस्वीरें लीं, वहीं राजीव कुमार ने भी घटना स्थल की फोटो खींचकर साक्ष्य के रूप में संलग्न की हैं। राजीव कुमार ने बताया कि मिट्टी की खुदाई से उसका खेत भी प्रभावित हो रहा है और उसे खेती में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**सूचना**

मैंने अपना नाम MOHD SHAHNAWAZ SIDDIQUI से बदलकर SHAHNAWAZ रख लिया है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

SHAHNAWAZ
S/O AHSAN UMAR 131
MOHALLA ABULMALI
DEOBAND (SAHARANPUR)

# एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत शीर्ष पर

**दक्षिण एशियाई वरिष्ठ एथलेटिक्स चैंपियनशिप**

● **शानदार प्रदर्शन कर 20 स्वर्ण, 20 रजत और 18 कांस्य पदक सहित कुल 58 पदक जीते**

**रांची, वार्ता।** चौथी दक्षिण एशियाई वरिष्ठ एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारत शानदार प्रदर्शन कर 20 स्वर्ण, 20 रजत और 18 कांस्य पदक सहित कुल 58 पदकों के साथ शीर्ष पर रहा। वहीं श्रीलंका 16 स्वर्ण, 14 रजत और 10 कांस्य पदकों सहित कुल 40 पदकों के साथ दूसरे तथा दो रजत और चार कांस्य पदक के साथ नेपाल को तीसरा स्थान हासिल हुआ।

चैंपियनशिप के तीसरे और आखिरी दिन रविवार को बिरसा मुंडा स्टेडियम में शानदार प्रदर्शन देखने को मिले और अनेक नए मीट रिकॉर्ड बने। पुरुष 400 मीटर बाधा दौड़ में भारत के रुचित मोरी ने 50:10 सेकंड के समय के साथ नया मीट रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। कूडा लियानगे अयोमा (श्रीलंका) ने रजत और कर्ण बाग (भारत) ने कांस्य जीता। महिला 400 मीटर बाधा दौड़: श्रीलंका की केएच अराच्चिगे दासुन ने 58:66 सेकंड का नया मीट रिकॉर्ड बनाया। अराल लोकू (श्रीलंका) को रजत और ओलिम्बा स्टेफी (भारत) को कांस्य मिला।

**पुरुष भाला फेंक:** श्रीलंका के पथिराजे रुमेस ने 84.29 मीटर की दूरी फेंककर स्वर्ण पदक जीता, जबकि रनसिघे जगत (श्रीलंका) और उत्तम पाटिल (भारत) ने क्रमशः रजत और कांस्य जीता।

**पुरुष लंबी कूद:** भारत के मोहम्मद साजिद ने 7.68 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता। उनागोला यस्वेस्मी (श्रीलंका) को रजत व सरुण (भारत) को कांस्य मिला।

**महिला ऊंची कूद:** भारत की रीत राठौर ने 1.76 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण पदक जीता। गामगे रानिदी (श्रीलंका) ने रजत और सुप्रिया (भारत) ने कांस्य प्राप्त किया। महिला भाला फेंक: श्रीलंका की हातारागे लेका नादेका ने 60.14 मीटर का नया मीट रिकॉर्ड बनाया, जिससे उन्होंने 2008 में बने 51.70 मीटर के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा। भारत की करिश्मा सनील ने रजत और दीपिका ने कांस्य पदक जीता।

**पुरुष 10 हजार मी. दौड़:** भारत के अभिषेक ने 30:29:46 मिनट में स्वर्ण पदक जीता। राजन रोकाया (नेपाल) ने रजत और प्रिस कुमार (भारत) ने कांस्य जीता।

**पुरुष हैमर थ्रो:** भारत के दमनीत सिंह ने 66.99 मीटर की थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। आशीष जाखड़ (भारत) ने रजत और केके दामिथ मद धार (श्रीलंका) ने कांस्य प्राप्त किया।

**महिला 800 मीटर दौड़:** भारत की अमनदीप कौर ने 2:04:66 मिनट में स्वर्ण पदक जीता। कोदिथुवक्कु तक्शी (श्रीलंका) और थोटा संकीर्तन (भारत) ने क्रमशः रजत और कांस्य जीता।

**पुरुष 800 मीटर दौड़:** श्रीलंका के डीएम हर्षा एस करुणा ने 1:51:96 मिनट में स्वर्ण पदक जीता। सोम बहादुर कुमाल (नेपाल) ने रजत और मोपाली वेंकटराम रेड्डी (भारत) ने कांस्य जीता।

**महिला 200 मीटर दौड़:** श्रीलंका की मोहम्मद यामिक फातिमा ने 23:58 सेकंड में स्वर्ण पदक जीता। भारत की साक्षी चव्हाण (23:91 सेकंड) ने रजत और नीरू पाठक (24:06 सेकंड) ने कांस्य जीता।

**पुरुष 4X400 मीटर रिले:** श्रीलंका ने 3:05:12 मिनट में स्वर्ण पदक जीता। भारत ने 3:05:38 मिनट में रजत और बंगलादेश ने 3:15:00 मिनट में कांस्य पदक हासिल किया।

**महिला 4X400 मीटर रिले::** भारत की महिला टीम ने 3:34:70 मिनट में स्वर्ण पदक जीता। श्रीलंका (3:35:71) ने रजत और बंगलादेश (3:55:63) ने कांस्य जीता।

पदक तालिका में बंगलादेश ने (तीन कांस्य), मालदीव ने (एक कांस्य) और भूटान (कोई पदक नहीं) क्रमशः चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर रहे।



# पैट कमिंस पीठ की चोट के कारण पहले एशेज टेस्ट से बाहर

**कैनबरा, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर पैट कमिंस पीठ की चोट के कारण पर्थ में पहले एशेज टेस्ट से आधिकारिक तौर पर बाहर हो गए हैं।

कमिस की गैरमौजूदगी में स्टीवन स्मिथ 21 नवंबर से शुरू होने वाले इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया टीम की कप्तानी करेंगे। ऑस्ट्रेलियाई टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने कैनबरा में कहा किहमारे पास समय खत्म हो गया है। हमने लगभग एक हफ्रते पहले ही यह बता दिया था कि उसे ठीक होने में चार हफ्रते से ज्यादा लगेंगे और दुर्भाग्य से हमारे पास समय नहीं बचा है, लेकिन हम दूसरे टेस्ट मैच के लिए बहुत आशावादी और उम्मीद कर रहे हैं। तो मुझे लगता है कि अगला सवाल यह है कि टाइम फ्रेम क्या है।

दूसरे टेस्ट के लिए क्या स्थिति है। मैं इसका जवाब नहीं दे पाऊंगा, सिवाय इसके कि वह इस हफ्रते गेंदबाजी शुरू कर देगा और यह एक बहुत बड़ा कदम है। यही वह बड़ा वेरिएबल था जिसे हम जोड़ना चाहते थे और वह जानकारी हासिल करना चाहते थे। इसलिए हम दूसरे टेस्ट की ओर बढ़ रहे हैं और बहुत उम्मीद है कि इसका नतीजा पॉजिटिव होगा।

## चोटिल प्रतिका रावल महिला विश्व कप से हुई बाहर

**नवीं मुम्बई, वार्ता।** सेमीफाइनल से पहले भारतीय महिला टीम को लगा झटका, सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल टूर्नामेंट के आखिरी लीग मैच में बंगलादेश के खिलाफ चोटिल होने के बाद महिला विश्व कप 2025 से बाहर हो गई हैं। नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में रविवार को बारिश से प्रभावित मैच में बाउंड्री रोप के पास क्षेत्ररक्षण करते समय रावल फिसल कर गिरने के बाद चोटिल हो गई थी। उन्हें टीम के सपोर्ट स्टाफ की मैदान से बाहर ले जाया गया था। मैच रद्द होने के बाद 25 वर्षीय का रावल का स्कैन हुआ था।

गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले से पहले भारत के लिए यह एक बड़ा झटका है। रावल ने दिसंबर 2024 में भारतीय टीम में पर्दापण किया था। उन्होंने पिछले मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ उसी जगह पर अपना पहला वर्ल्ड कप शतक बनाया था। इस दौरान, वह महिला वनडे में 1000 रन बनाने वाली संयुक्त रूप से सबसे तेज़ खिलाड़ी भी बन गईं और एक कैलेंडर वर्ष में 1000 रन बनाने वाली दूसरी खिलाड़ी बनने की कगार पर थीं। उल्लेखनीय है कि बंगलादेश के खिलाफ बारिश के कारण मैच रद्द होने के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने प्रतिका की चोट पर कहा था कि चिकित्सा दल उनकी जांच कर रहा है। उम्मीद है कि वह जल्द ठीक हो जाएंगी।



# श्रेयस अय्यर की पसलियों में चोट, सिडनी के अस्पताल में भर्ती

● **बीसीसीआई का चिकित्सक दल अय्यर की चोट पर लगातार नजर रखे हुए है**

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान पसलियों में चोट लगने के बाद भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को सिडनी के एक अस्पताल की सघन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया है। सोमवार सुबह बीसीसीआई)0 ने एक्स पर जारी एक बयान कहा कि श्रेयस अय्यर को 25 अक्तूबर को सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण के दौरान बाईं पसलियों के पास चोट लगी थी। इसके बाद उन्हें आगे की जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा कि स्कैन में पता चला है कि अय्यर की प्लीहा में लकीरनुमा चोट आई है। उनका इलाज जारी है और वह धीरे-धीरे ठीक हो रहे हैं। बीसीसीआई का चिकित्सक दल सिडनी और भारत के विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ मिलकर अय्यर की चोट पर लगातार नजर रखे हुए है। भारतीय टीम के डॉक्टर सिडनी में ही रहेंगे ताकि श्रेयस की रोजाना की स्थिति का मूल्यांकन कर सकें। अय्यर को यह चोट क्षेत्ररक्षण के दौरान उस समय लगी, जब उन्होंने एलेक्स कैरी को आउट करने के लिए पीछे की ओर डाइव लगाकर एक शानदार कैच लेने का प्रयास किया।

**खेल विशेष**

## लक्ष्य-किदांबी हाइलो ओपन में करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई

**सारब्रुकन, वार्ता।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत मंगलवार से सारब्रुकन में सारलैंडहाले में शुरू होने वाले हाइलो ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगे। टूर्नामेंट के पहले राउंड में लक्ष्य पांचवीं सीड और डिफेंडिंग चैंपियन फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव से भिड़ेंगे। 24 साल के भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत भी पुरुष एकल ड्रॉ में शामिल होंगे। किदांबी श्रीकांत, जो मई में मलेशिया मास्टर्स में क्वालीफायर से टूर्नामेंट शुरू करने के बाद रनर-अप रहे थे, पहले राउंड में किरण जॉर्ज से भिड़ेंगे। इस साल बीडब्लयूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय यूएस ओपन चैंपियन आयुष शेट्टी भी टूर्नामेंट में पुरुष एकल ड्रॉ का हिस्सा हैं।

## सिंधु ने बीडब्ल्यूएफ टूर प्रतियोगितायों से लिया नाम वापस

**नई दिल्ली, वार्ता।** पैर की चोट से उबर रही भारत की स्टार बैडमिटन खिलाड़ी पीवी सिधु ने 2025 में होने वाले सभी बीडब्ल्यूएफ टूर प्रतियोगिताओं से नाम वापस लेने का फैसला किया है। सिधु ने जारी एक बयान में कहा किअपनी टीम से सलाह लेने और शानदार डा. पारदीवाला के मार्गदर्शन के बाद, उन्हें लगा कि 2025 में होने वाले सभी शेष बीडब्ल्यूएफ टूर स्पर्धाओं से नाम वापस लेना उनके लिए सबसे अच्छा होगा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता ने बताया कि सीजन के यूरोपीय लेग से पहले लगी उनकी चोट अभी पूरी तरह से ठीक नहीं हुई है। उन्होंने बयान में लिखा कियूरोपीय लेग से पहले मुझे जो पैर में चोट लगी थी, वह अभी पूरी तरह से ठीक नहीं हुई है, और हालांकि इसे स्वीकार करना कभी आसान नहीं होता, चोटें हर एथलीट की यात्रा का एक अटूट हिस्सा होती हैं।

# भोई ने रिकॉर्ड के साथ जीता सोना



● **भोई ने लड़कियों के 44 किग्रा क्लीन एंड जर्क वर्ग में 92 किग्रा का भार उठाया**

**नई दिल्ली/मनामा, वार्ता।** भारत की प्रीतिस्मिता भोई ने एशियाई युवा खेलों 2025 में भारोत्तोलन में एक नया विश्व युवा रिकॉर्ड बनाकर इतिहास रचते हुए लड़कियों के 44 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क वर्ग में 92 किलोग्राम का भार उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने स्नैच सेक्शन में 66 किलोग्राम भार उठाकर रजत पदक भी जीता और कुल दो पदक हासिल किए। भोई ने अपने क्लीन जर्क अभियान की शुरुआत 87 किलोग्राम के सफल लिफ्रट से की, इसके बाद 90 किलोग्राम और अपने अंतिम प्रयास में 92 किलोग्राम भार उठाकर लड़कियों के 44 किला. ग्राम वर्ग में नया विश्व युवा रिकॉर्ड बनाया। चीन की वू जिहोंग (88 किलोग्राम) और फिलीपींस की प्रिसेस जे एन डियाज़ (78 किलोग्राम) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। यह स्वर्ण पदक एशियाई युवा खेलों में भारत का तीसरा और किसी व्यक्ति द्वारा जीता गया पहला स्वर्ण पदक है। भारत के अन्य दो स्वर्ण पदक पुरुष और महिला कबड्डी टीमों ने जीते थे। लड़कियों के 44 किलोग्राम स्नैच सेक्शन में, प्रीतिस्मिता भोई ने अपने पहले प्रयास में 66 किलोग्राम भार उठाकर रजत पदक जीता। 68 किलोग्राम और 69 किलोग्राम के उनके अगले दो प्रयास असफल रहे। चीन की वू जिहोंग ने 68 किलोग्राम भार उठाकर लड़कियों के 44 किलोग्राम स्नैच में स्वर्ण पदक जीता, जबकि वियतनाम की दाओ थी येन ने 64 किलोग्राम भार उठाकर कांस्य पदक जीता। प्रीतिस्मिता भोई का कुल 158 किलोग्राम (66 किलोग्राम स्नैच 92 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क) का भार सात प्रतिस्पर्धी भारोत्तोलकों में सबसे अच्छा था। लड़कों के 60 किलोग्राम वर्ग में, भारत के अरुमुगपंडियन महारा. जन ने स्नैच (114 किलोग्राम) और एक क्लीन एंड जर्क (142 किलोग्राम) में रजत पदक जीते। भारत ने एथलेटिक्स और कॉम्बैट स्पोर्ट्स में भी शानदार प्रदर्शन किया। लड़कियों की मेडले रिले टीम - जिसमें एडविना जेसन, तन्नू, भूमिका नेहते और शौर्या अंबुरे शामिल थीं - ने फाइनल में 2:09:65 सेकंड का समय निकालकर रजत पदक जीता।

## एशियन पदक विजेताओं को किया सम्मानित

● **तैराकी कोच संजय बिष्ट ने संयुक्त रूप से विजेताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान किए**

**नई दिल्ली, वार्ता।** साउथ दिल्ली स्विमिग एसोशिएशन ने एशियन चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले कुशग्रा रावत और भाव्य सचदेवा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

यहां तालकटोरा स्विमिग स्टेडियम पर 18 वीं साउथ दिल्ली स्विमिग चैंपियनशिप में दिल्ली के इन दोनों स्विमरो यह पुरस्कार स्विमिग फेडरेशन के उपाध्यक्ष राजकुमार, पूर्व इंटरनेशनल तैराक एसआर साहू, भानू सचदेवा, तैराकी कोच संजय बिष्ट ने संयुक्त रूप से स्मृति चिन्ह प्रदान किए। भाव्य और कुशग्रा ने अहमदाबाद में आयोजित एशियन चैंपियनशिप कांस्य पदक जीते थे। इस अवसर साउथ दिल्ली एसोसिएशन के सचिव ने कहा कि स्विमिग के इतिहास में पहली बार सभी पदक विज. ताओं को नगद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप में एक से पांच ग्रुप में आने वाले सभी उम्र के तैराक भाग ले रहें है। जहां पहला स्थान पाने वाले बाल व बालकों को हजार, दूसरे स्थान वाले को साढे सात सौ तथा तीसरा स्थान पाने वाले को पांच सौ रूपये की नकद राशि दी जा रही है।

बालकों के ग्रुप चार के 50 मीटर बटर फलाई में युवराज ने पहला, जिगर शर्मा ने दूसरा और वंश ने तीसरा स्थान पाया। बालिकाओं में अमायरा ने पहला, स्नेह ने दूसरा और वाणी ने तीसरा स्थान पाया।

बालकों के ग्रुप पांच में एम एस टोकस ने पहला कर्तव्य भारद्वाज ने दूसरा व श्रेय अग्रवाल ने तीसरा स्थान पाया। बालिकाओं में तान्वी टोकस ने पहला आदित्री ने दूसरा और गार्गी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

## भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज में जम्पा की जगह तनवीर सांगा को मिला मौका

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने लेग स्पिनर तनवीर सांगा को भारत के खिलाफ होने वाली अंतर्राष्ट्रीय टी-20 के लिए एडम जम्पा की जगह टीम में शामिल किया गया है। 23 वर्षीय सांगा बीबीएल में सिडनी थंडर्स के लिए खेलते हैं। उन्होंने अब तक कुल सात अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेले हैं लेकिन 2023 के बाद से उन्हें मौका नहीं मिला है। अपने पर्दापण मैच में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 31 रन देकर चार विकेट लिए थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया ए और भारत ए के बीच हुए तीन एकदिवसीय मैचों में कुल सात विकेट लिए थे। साथ ही एकदिवसीय कप के चार मैचों में वह 10 विकेटों के साथ न्यू साउथ वेल्स के लिए सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। जम्पा निजी कारणों से टी-20 सीरीज के शुरुआती मैच में उपलब्ध नहीं हैं।

# चोट से उबर चुके टेम्बा बावुमा दक्षिण अफ्रीका की टीम में शामिल

● **बावुमा को दो टेस्ट मैच सीरीज के लिए टीम में बतौर कप्तान शामिल किया गया**



**प्रिटोरिया, वार्ता।** टेम्बा बावुमा पिडली की चोट से ठीक होने के बाद अगले महीने भारत के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम में बतौर कप्तान शामिल किया गया हैं। बावुमा सितम्बर में इंग्लैंड में चोट लगने के कारण पाकिस्तान के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप टाइटल डिफेंस की शुरुआत में नहीं खेल पाए थे। वह इस हफ्रते पाकिस्तान में शुरू होने वाले किसी भी सफेद गेंद मैच में नहीं खेलेंगे, लेकिन टेस्ट टीम में शामिल होने से पहले बेंगलुरु में इंडिया ए के खिलाफ प्रथम श्रेणी मैच में दक्षिण अफ्रीका ए टीम का हिस्सा होंगे। दक्षिण अफ्रीका के चयनकर्ताओं ने पाकिस्तान में ड्रा सीरीज खेलने वाली टीम में एकमात्र बल्लेबाजी में बदलाव करते हुए बावुमा को टीम में शामिल किया गया है। उन्हें मध्यम क्रम के बल्लेबाज डेविड बेडिंगम की जगह टीम में जगह दी गई है। बेडिंगम ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 15 टेस्ट खेले हैं और एक शतक और चार अर्धशतक बनाए हैं, लेकिन बुलावायो में जिम्बाब्वे के खिलाफ 82 रन बनाने से पहले, उन्होंने 12 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं बनाया था। टोनी डी जोंजी, ट्रिस्टन स्टब्स, डेवाल्ड ब्रेविस और जुबैर हमजा सभी टीम में हैं। दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने वाले तीन स्पेशलिस्ट स्पिनरों केशव महाराज, साइमन हार्मर और सेनुरा मुथुसामी को टीम में बनाये रखा है।

# रणजी ट्रॉफी में गरजा पृथ्वी शॉ का बल्ला

**एलीट ग्रुप बी मुकाबले में महज 141 गेंदों पर जड़ दिया दोहरा शतक, बन गया रिकॉर्ड**



**चंडीगढ, वार्ता।** भारतीय टेस्ट टीम से बाहर चल रहे पृथ्वी शॉ का बल्ला रणजी ट्रॉफी में जमकर चल रहा है और उन्होंने चंडीगढ़ के खिलाफ एलीट ग्रुप बी मुकाबले की दूसरी पारी में दोहरा शतक लगाया। महाराष्ट्र के लिए खेलते हुए पृथ्वी ने महज 141 गेंदों पर दोहरा शतक पूरा किया। यह रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप इतिहास का दूसरा सबसे तेज दोहरा शतक है। पृथ्वी ने इसके साथ ही राहुल सिंह का रिकॉर्ड तोड़ा जो उन्होंने 2023-24 में बनाया था। राहुल ने 143 गेंदों पर रणजी ट्रॉफी में दोहरा शतक लगाया था, लेकिन पृथ्वी ने अब उन्हें पीछे छोड़ दिया है। पृथ्वी से आगे अब इस मामले में रवि शास्त्री हैं जिन्होंने 1984-85 सीजन में 123 गेंदों पर यह उपलब्धि अपने नाम की थी। शा रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सीजन से पहले मुंबई छोड़कर महाराष्ट्र टीम में शामिल हुए थे और महाराष्ट्र के लिए यह उनका दूसरा ही मुकाबला है। इससे पहले पृथ्वी ने 72 गेंदों पर शतक पूरा किया था जो रणजी ट्रॉफी का छठा सबसे तेज सैकड़ा था। पृथ्वी लंबे समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं और घरेलू क्रिकेट में इस दमदार प्रदर्शन से उनका हौसला बढ़ा होगा। यह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में किसी भारतीय द्वारा लगाया गया तीसरा सबसे तेज दोहरा शतक है। वह इस मामले में शास्त्री और तन्मय अग्रवाल से पीछे हैं। तन्मय ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 2024 में 119 गेंदों पर दोहरा शतक लगाया था। वहीं, शास्त्री ने 1985 में बड़ौदा के खिलाफ 123 गेंदों पर ऐसा किया था। चंडीगढ़ के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के मुकाबले में महाराष्ट्र ने दूसरी पारी घोषित कर दी और चंडीगढ़ को 464 रनों का लक्ष्य दिया है। महाराष्ट्र के लिए दूसरी पारी में पृथ्वी ने 156 गेंदों पर 29 चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 222 रन बनाए जिसके दम पर महाराष्ट्र ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 359 रन बनाकर 463 रनों की बढ़त हासिल की। महाराष्ट्र ने पारी घोषित करने का फैसला किया। टीम के लिए पृथ्वी के अलावा सिद्धेश वीर ने 62, ऋतुराज गायकवाड़ ने 36 और अर्शीन कुलकर्णी ने 31 रन बनाए। इससे पहले, महाराष्ट्र ने पहली पारी में 313 रन बनाए थे और चंडीगढ़ की पारी 209 रन पर आलआउट कर 104 रनों की बढ़त हासिल कर ली थी।

CMYK



# हजारों श्रद्धालुओं ने डूबते सूरज को दिया अर्घ्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पांवधोई नदी घाट पर सोमवार को पूर्वांचल कल्याण सभा द्वारा छठ पर्व का भव्य आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने एकत्र होकर डूबते सूर्य को संध्या अर्घ्य अर्पित किया और छठी मईया की पूजा-अर्चना की।

घाट पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी। दूर-दराज क्षेत्रों से श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर दंडवत प्रणाम करते हुए घाट पहुंचे। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों की गूंज के बीच पूरा वातावरण छठ की आस्था में सराबोर दिखाई दिया। कार्यक्रम के दौरान व्रतधारिणी महिलाओं ने नदी तट पर पारंपरिक परिधान में विधिवत पूजा की। उन्होंने सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और जीवन में खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर पूर्वांचल कल्याण सभा के अध्यक्ष दानिश आजम के नेतृत्व में पूरे कार्यक्रम का संचालन किया गया। उन्होंने बताया कि छठ पर्व न केवल सूर्य उपासना का प्रतीक है बल्कि यह भारतीय संस्कृति में पवित्रता, आत्मसंयम और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का उत्सव भी है।इस अवसर पर एसडीएम विकास पांडे भी घाट पर पहुंचे और उन्होंने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। पूर्वांचल कल्याण सभा के पदाधिकारियों ने उनका पारंपरिक पटका पहनाकर स्वागत किया। थाना मंडी के इंस्पेक्टर को भी सभा की ओर से सम्मानित किया गया।





सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन द्वारा घाटों पर साफ-सफाई और रोशनी की उचित व्यवस्था की गई थी।घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद माहौल शांतिपूर्ण और भक्तिमय बना रहा।

महिलाएं पारंपरिक गीतों के साथ छठी मईया की आराधना करती रहीं। सूर्यास्त के समय जब व्रतधारिणी महिलाओं ने जल में खड़े होकर अर्घ्य दिया, तो दृश्य अत्यंत मनमोहक और श्रद्धा से भरा हुआ दिखाई दिया।

कार्यक्रम में पूर्वांचल कल्याण सभा के अध्यक्ष दानिश आजम के साथ दशरथ गिरी, अनिल पोद्दार, प्रमोद पोद्दार, गुड्डू गोस्वामी, मुन्ना गोस्वामी, अर्जुन पोद्दार, विशाल कश्यप, श्याम बहादुर गिरी, इंद्रजीत गोस्वामी, सोनू गोस्वामी, सागर पोद्दार, मदन पोद्दार, उदयभान गिरी, शिवकुमार गिरी, मुकेश गिरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# पूरे देश में मजबूत हो रही भाजपाः चौ. नीरपाल




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. नीरपाल सिंह ने कहा कि पूरे देश में रालोद की लोकप्रियता तेजी के साथ बढ रही है।

चौ. नीरपाल सिंह ने यह बात विजय राठौर द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होने कहा कि अब दिल्ली में राष्ट्रीय लोकदल की मजबूत एंट्री हो चुकी है,खासतौर से युवाओं के उत्साह ने बता दिया कि जयंत चौधरी युवाओं के सबसे लोक. प्रिय नेता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल दिल्ली में निगम चुनाव लड़ेगा और आने वाले समय में विधानसभा चुनाव पूरी ताकत के साथ लड़ेगा। अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय लो. कदल दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष रजनीश मलिक ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता दिल्ली में पार्टी को मजबूत करने के लिए मेहनत कर रहे है। प्रधान महासचिव मनमोहन सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव तोमर, प्रदेश सचिव हर्ष चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष पूनम देशवाल ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की विचार धारा को घर घर पहुंचाएंगे।

इस अवसर पर दिल्ली खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रेयान त्यागी, जिलाध्यक्ष साउथ दिल्ली विजय राठौर, मो. इस्लाम, मो.अब्बास सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और युवा उपस्थित रहे।

## 12 ग्राम स्मैक के साथ पुलिस ने पकड़ा तस्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी रोकथाम हेतु एवं नशे के कारोबार में लिप्त शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे हैं। जिसमें एक नशा तस्कर अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया।

अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार के कुशल नेतृत्व में चैकिंग के दौरान थाना मिर्जापुर पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा एक नशा तस्कर ईस्लाम पुत्र सब्बीर निवासी ग्राम मिर्जापुर थाना मिर्जापुर को 12 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके विरुद्ध धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# एसएसपी ने सुनी पुलिस कर्मियों की समस्याएं, अवकाश किए स्वीकृत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एसएसपी आशीष तिवारी ने मानवीय एवं संवेदनशीलता दिखाते हुए न केवल पुलिस कर्मियों की समस्याएं सुनी बल्कि मौके पर ही उनके अवकाश भी स्वीकृत किये।

एसएसपी जनसंपर्क कार्य पूर्ण कर पुलिस कार्यालय से प्रस्थान करने के लिए निकले ही थे कि अचानक पुलिस कर्मी अवकाश प्रार्थना पत्र लेकर आ गये, जिन्हे देखकर एसएसपी ने अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद रुककर खड़े होकर सभी पुलिसकर्मियों की समस्याएँ सुनीं तथा उनकी आवश्यकताओं एवं पारिवारिक परिस्थितियों को समझते हुए सभी के अवकाश तत्काल स्वीकृत किए। यह कदम न केवल पुलिसकर्मियों के मनोबल को बढ़ाने वाला है, बल्कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर की कर्मचारी हितैषी और संवेदनशील कार्यशैली का सशक्त उदाहरण भी प्रस्तुत करता है।इस प्रकार का व्यवहार पुलिस बल में आपसी संवाद, विश्वास एवं टीम भावना को मजबूत करता है और यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों का निर्वहन समर्पण, अनुशासन और आत्मीयता के साथ करे।

# एसएसपी से मिले सपा नेता फरहाद गाडा

## राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के फोटो के दुरूपयोग मामले में कार्यवाही की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अवैध खनन में लिप्त लोगों द्वारा अधिकारियों की रेकी के लिए बनाये गये व्हाटसएप ग्रुप पर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के फोटो के दुरूपयोग पर सपा पूर्व जिलाध्यक्ष आक्रोशित है। आज उन्होने एसएसपी से मिलकर इस मामले में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए कडी कार्यवाही की मांग की।

फरहाद आलम गाडा आज सपा नेताओं के साथ पुलिस लाईन पहुंचे जहां उन्होने एसएसपी को शिकायती पत्र सौंपा और कहा कि जनपद में अवैध खनन का कारोबार करने वाले कुछ लोग अधिकारियों की गति. विधियों और लोकेशन पर नजर रखने के लिए यह ग्रुप चला रहे हैं। बताया गया है कि यह ग्रुप बेहट क्षेत्र के एक ढाबा संचालक लाला द्वारा संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस ग्रुप में बड़ी संख्या में लोग जुड़े हैं, जो प्रशासनिक अधिकारियों की मूवमेंट की जानकारी साझा करते हैं और उसी के आधार पर अवैध खनन का कार्य निर्भीकता से किया जा रहा है। यह कानून व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा है और शासन-प्रशासन की साख को भी ठेस पहुंचाने वाला कार्य है। सबसे गंभीर बात यह है कि इस ग्रुप में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का फोटो प्रोफाइल में उपयोग किया जा रहा है, जिससे यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि पार्टी या उसके शीर्ष नेतृत्व का इस अवैध कार्य से कोई संबंध है। उन्होंने इसे राजनीतिक छवि को धूमिल करने का निंदनीय प्रयास बताया है। फरहाद आलम गाड़ा ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि इस पूरे नेटवर्क की गहन जांच कराई जाए और ग्रुप संचालक सहित इसमें शामिल सभी लोगों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति राजनीतिक नेताओं की छवि का दुरुपयोग कर गैरकानूनी कार्यों में संलिप्त न हो सके। इस दौरान कार्यालय प्रभारी फैसल सलमानी भी मौजूद रहे।



# बॉडी बिल्डिंग में मुस्तकीम को मिला प्रथम स्थान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** उत्तराखंड राज्य के देहरादून मे बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता मे मिर्जापुर निवासी मो मुस्तकीम ने पहला स्थान प्राप्त कर घाड़ इलाके का नाम रोशन किया है। बॉडी बिल्डर मुस्तकीम के पहला स्थान प्राप्त करने से घाड़ इलाके मे खुशी का माहौल देखा गया है। जिम संच. ालक मो मुस्तकीम ने युवा पीढ़ी से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए एक अच्छे स्वास्थ्य पर ध्यान देने को कहा है।

बतादे की रविवार को उत्तराखंड के देहरादून मे बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता मे कस्बा मिर्जापुर पोल निवासी 28 वर्षीय युवक मो मुस्तकीम ने पहला स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीतकर घाड़ इलाके नाम रोशन किया है। वहीं यूपी के मोदीनगर मे आयोजित प्रतियोगिता मे दूसरा स्थान प्राप्त किया है। जिम संचालक मो मुस्तकीम ने बताया की 65-70 किलोग्राम मे देहरादून मे हुई प्रतियोगिता मे पहला प्राप्त किया है। मो मुस्तकीम की इस उपलब्धि से घाड़ इलाके मे खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। मो मुस्तकीम ने कहा की आज की युवा पीढ़ी नशे की दलदल मे फंसकर अपना जीवन बर्बाद करने पर लगी हुई है। युवा पीढ़ी को नशा छोड़कर अच्छे स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए स जिससे की एक स्वस्थ शरीर का निर्माण हो सके। मो मुस्तकीम की इस उपलब्धि पर घाड़ क्षेत्रवासियो ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ववल भविष्य की कामना की है।

# धर्म स्थापना को समय समय पर अवतरित होते हैं प्रभुः पं. संजय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ग्राम धौलाहेडी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में प्रसिद्ध कथावाचक पंडित संजय प्रपंन्नाचार्य ने बताया कि धर्म की स्थापना को भगवान समय समय पर धरती पर अवतार लेते हैं।

सोमवार की कथा में उन्होंने बताया कि जब जब पृथ्वी पर युग के अनुसार धर्म अधर्म का अनुपात बिगड़ जाता है, वैदिक परंपराओं का ह्रास होने लगता है, शक्ति संपन्न मनुष्य अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर आमजन मानस को मनमाने ढंग से दुख पहुंचाने लगते हैं, तब सृष्टि संचालक परमात्मा अपनी इच्छा से युगा अनुरूप अवतरित होकर धार्मिक मर्यादाओ की स्थापना करते हैं। इस दौरान पंडित जी ने समुद्र मंथन का प्रसंग सुनाते हुए सबको भाव विभोर किया।

इसी प्रसंग में अमृत वितरण के समय राहु दैत्य पंक्ति से अलग होकर क्षण मात्र देवताओं के संग में बैठ गया। परिणाम अमृत पीने को मिला और सर काटने के बाद भी आज तक देवताओं के साथ पूजा जाता है। अत: जितना भी हो जैसे भी हो अच्छे मनुष्यों का संग करें, कलयुग में सत्संग कल्याण का सरल मार्ग है। इस अवसर पर रामनाथ सैनी, बृजपाल सैनी, सोम सिंह, विपिन कुमार, भोपाल सिंह, विनोद प्रधान, विशाल कुमार, ममता देवी, महेंद्र, छवि, पिंकी, शगुन सुषमा आदि उपस्थित धर्मप्रेमी मौजूद रहे।

# घरेलू हिंसा व दहेज उन्मूलन पर चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहारनपुर।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के विशेष अभियान के अंतर्गत विकासखंड बलियाखेड़ी के ग्राम सुनहेटी खड़खड़ी में जागरूकता चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

चौपाल में महिलाओं व बालिक. ाओं को घरेलु हिंसा एवं दहेज उन्मूलन विषय पर चर्चा करते हुये महिला कल्याण विभाग द्वारा संचा. लित सभी कल्याणकारी योजनाओं यथा निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्प लाइन, दत्तक ग्रहण इकाई आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई,साथ ही सभी हेल्प लाइन नंबर आदि के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उसकी उपयोगिता के बारे में बता कर महिलाओं को जागरूक किया गया।

## अवैध हथियार समेत दबोचा

**बिहारीगढ़।** थाना बिहारीगढ़ पुलिस ने अवैध हथियार रखने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस टीम ने ग्राम तोता टांडा पुल से ग्राम खुशहालीपुर जाने वाले मार्ग पर चेकिंग के दौरान सावेज पुत्र मतलूब निवासी कस्बा पठानपुरा, थाना मंगलौर, जिला हरिद्वार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा 12 बोर मय 2 जिंदा कारतूस बरामद किए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह रौब जमाने के लिए तमंचा अपने पास रखता था और इसे काफी समय पहले किसी अजनबी व्यक्ति से खरीदा था।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना अध्यक्ष अक्षय शर्मा, उपनिरीक्षक मोहित कुमार, उपनि. रीक्षक अभिषेक कुशवाहा, कांस्टेबल मोहित व कांस्टेबल गगन आदि शामिल रहे।

# छात्राओं को दी मिशन शक्ति की जानकारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आईपी इन्टर कालेज में चल रहे तीन दिवसीय स्काउट एवं गाइड कैम्प के समापन पर छात्राओं को मिशन शक्ति की जानकारी दी गयी।

खिडका भटकव्वा में महिला सबइंस्पेक्टर कंचन शर्मा और उनकी टीम ने छात्रों को मिशन शक्ति 5.0 की जानकारी दी उन्होंने टोल फ्री नंबर 1090 की जानकारी दी तथा एंटी रोमियो टीम कार्य प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी कैंप का प्रतिनिधित्व हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड की प्रेजिडेंट सोनिया धीमान ने किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रफाकत अली खान ने छात्रों से देश सेवा में लगने का आह्वान किया। उप प्रधानाचार्य मो.अबूजर ने कैंप की महत्ता और इसके इतिहास पर प्रकाश डाला। बेस्ट स्काउट मो. कलीम और बेस्ट गाइड मानसी धीमान को चुना गया अन्य छात्रों में मुबस्सिरा, शिवानी, अवंतिका, शारुख, साबिर, सादिया सोबिया अजहर फैजा खान इकरा, इकरा सलमानी के कार्यो को भी सराहा गया।

इस अवसर पर फरहा खान सलमान कवरपाल नाजमीन सविता सलोनी शाहीन फिरदोस सलमानी शीतल अनीता आदि उपस्थित रहे।

# खतौली चीनी मिल के नये पेराई सत्र का शुभारंभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मण्डल में विधि विधान के साथ मुजफ्फरनगर की खतौली चीनी मिल के नये पेराई सत्र का शुभारंभ हुआ।

चीनी मिल में हवन पूजन के बाद उप गन्ना आयुक्त मंडल ओ.पी. सिंह द्वारा जिला गन्ना अधिकारी संजय सिसोदिया ओर अन्य चीनी मिल के अधिकारियो, जनप्रतिनिधियों तथा किसानों के साथ चीनी मिल की चेन में गन्ना डालकर मिल के नए सत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मिल में सबसे पहले गन्ना लेकर आये किसान को उप गन्ना आयुक्त द्वारा सम्मानित किया गया। उप गन्ना आयुक्त ने बताया की सौभग्य से खतोली चीनी मिल बहुत बड़ी चीनी मिल है जो की यहां सबसे पहले चल रही है, ओर यह चीनी मिल 160000 कुंतल गन्ना प्रतिदिन पेराई कर सकती है ओर इस चीनी मिल ने पिछले पेराई सत्र मे पुरे भारतवर्ष मे अधिकतम 2 करोड़ 50 लाख 80000 कुंतल गन्ने की पेराई इस चीनी मिल ने की थी ओर साथ ही इस मिल का गन्ना मूल्य भुगतान भी समय से हो गया था, उप गन्ना आयुक्त ने कहा की जल्दी ही मंडल की अन्य चीनी मिले भी चल जाएंगी ओर समय से पराई सत्र शुरू हो जायेगा उन्होंने कहा की सही समय से मिल चलाने के लिए विभाग लगा हुआ है जिससे गन्ना काटकर गेहूं की इनू करने वाले किसान अपनी बुवाई कर सके।

इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी मुजफ्फरनगर संजय सिसोदिया तथा चीनी मिल के उपाध्यक्ष अशोक कुमार, जी एम केन कुलदीप राठी, गन्ना समिति चेयरमैन ओर अन्य जनप्रतिनिधि गण तथा काफी संख्या में किसान ओर चीनी मिल स्टॉफ उपस्थित रहे।

# 30 को मुजफरनगर में होगी रैलीःरविंद्र



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय महासचिव एडवोकेट रविंद्र भाटी ने कहा कि आजाद समाज पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक आंदोलन है जो बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर और मान्यवर कांशीराम की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य कर रही है।

दिल्ली रोड स्थित होटल में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि पार्टी समाज के प्रत्येक तबके की भागीदारी और हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित है। हर गरीब की थाली में निवाला और हाथ में काम, सस्ती चिकित्सा और मुफ्त शिक्षा हमारा लक्ष्य है, भाटी ने कहा। भाटी ने आरा. ेप लगाया कि भाजपा सरकार में दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों की आवाज दबाई जा रही है। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार दलित उत्पीड़न के मामलों में उत्तर प्रदेश देश में शीर्ष पर है। उन्होंने मेरठ में गुर्जर समाज के निर्दोष लोगों पर दर्ज मुकदमों को सरकार की दमनक. ारी नीति करार दिया। उन्होंने बताया कि 30 नवंबर को मुजफ्फरनगर में आजाद समाज पार्टी एक ऐतिहासिक रैली आयोजित करेगी, जिसमें लाखों की संख्या में किसान, मजदूर, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक भाग लेंगे। इस रैली को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद संबोधित करेंगे। रविंद्र भाटी ने कहा कि पंचायत चुनावों को लेकर पार्टी का जनसंवाद व सदस्यता अभियान गांव-गांव चल रहा है। जनता का सरकार से मोहभंग हो चुका है, किसान, व्यापारी, मजदूर और नौजवान सभी तबके सरकार की नीतियों से निराश हैं। उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी में लोकतंत्र जिंदा है। यहां हर जाति और वर्ग की आवाज सुनी जाती है। भाटी ने आरोप लगाया कि चंद्रशेखर आजाद की बढ़ती लोकप्रियता से सरकार भयभीत है और उन्हें रोकने के लिए तरह-तरह के षड्यंत्र रचे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर आजाद आज वंचित समाज के हीरो और बहुजन नायक के रूप में उभर रहे हैं। हमारा आंदोलन संविधान और लो. कतंत्र की रक्षा के लिए निरंतर जारी रहेगा।

इस दौरान रविंद्र प्रधान, अजीत गुर्जर आदि मौजूद रहे।

## दुकान में चोरी

**सरसावा।** अज्ञात चोरों ने झरौली मोड के सामने इलेक्ट्रिशियन की दुकान को निशाना बनाते हुए शटर उखाड़ हजारों रुपए के नए एवं पुराने बैट्री एक सिलेंडर चोरी कर फरार हो गए सुबह जैसे ही दुकान स्वामी अपनी दुकान पर पहुंचा तो घटना का पता चला सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी।

मिली जानकारी के मुताबिक थाना सरसावा क्षेत्र के ग्राम बहलोल. पुर निवासी लालसिंह ग्राम झरौली के सामने इलेक्ट्रिशियन की दुकान करता है। रविवार रात करीब 10 बजे दुकान बंद कर अपने घर चला गया था।सोमवार सुबह जैसे ही दुकान पर पहुंचा तो दुकान का साइड वाला शटर उखड़ा हुआ था। दुकान के अंदर जाकर देखा तो वहां से नई एवं पुरानी बैटरिया व एक सलेंडर गायब मिला। पीड़ित ने डायल 112 एवं शाहजहांपुर चौकी पर घटना की सूचना दी।

# खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** मान्यता प्राप्त विद्यालय महासंघ ब्लॉक सरसावा के शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल खंड शिक्षा अधिकारी से मिला जिन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के नाम आरटीई पोर्टल पर प्री-प्राइमरी कक्षाएं खोलने के संबंध में एक ज्ञापन दिया।

सोमवार को ब्लॉक अध्यक्ष हिमांशु पुंडीर के नेतृत्व में बीआरसी तेलीपुरा पर पहुंचे शिक्षकों के प्रति. निधि मंडल ने खण्ड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देते हुए अवगत कराया कि पिछले कई वर्षों से मान्यता प्राप्त विद्यालयों में प्री प्राइमरी की कक्षाएं संचालित होती आई हैं। सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में आरटीई के अंतर्गत ऑफलाइन माध्यम से प्रवेश देने के आदेश बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा दिए जाते रहे हैं, और विद्यालय उन आदेशों का पालन करते हुए प्री प्राइम. री कक्षा में बच्चों को प्रवेश देकर शिक्षा देते आ रहे हैं।



विभाग द्वारा सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों की मैपिंग कराई गई थी, सभी ने शिक्षा विभाग से प्राप्त मान्यता के पत्रों के माध्यम से ही मैपिंग कराई थी, लेकिन अब आरटीई पोर्टल से मान्यता प्राप्त विद्यालय की प्री प्राइम. री कक्षाओं को शिक्षा विभाग द्वारा हटा दिया गया है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि ऐसा नही होता है तब मान्यता प्राप्त विद्यालय महासंघ धरना प्रदर्शन करने या न्यायालय में जाने को बाध्य होगा। इस अवसर पर देशबंधु शर्मा, दिनेश गुप्ता, विकास जैन, हिमांशु पुंडीर, प्रमोद रावल, आचार्य बृजमोहन, पदम पंवार, विकास सैनी, जसवीर सैनी, नदीम, सेठपाल सिंह, मो.राशिद, इम्तियाज अली आदि मौजूद रहे।

CMYK

# सम्पादकीय

मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025

## एसआईआर का ऐलान

बिहार में विधानसभा चुनाव के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को एसआईआर के दूसरे चरण का ऐलान कर दिया। नई दिल्ली में ऐलान करते हुए उन्होंने कहा कि एसआईआर का फेज 1 खत्म हो गया और अब इसका दूसरा चरण शुरू होगा। उनका यह भी कहना था कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण सफल तरीके से किया गया और बिहार के लोगों ने एसआईआर पर भरोसा जताया। चुनाव आयोग के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण के दूसरे फेज में देश के 12 राज्यों में यह अभियान चलाया जाएगा और यह 28 अक्टूबर से शुरू होगा और 7 फरवरी को पूरा होगा। उन्होंने यह भी साफ किया कि जिन राज्यों में एसआईआर क्रिया पूरी की जाएगी, उन सभी राज्यों की मतदाता सूची सोमवार रात 12 बजे फ्रीज कर दी जाएंगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने संवाददाता सम्मेलन में यह भी बताया कि जिन 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश में एसआईआर कराना है इनमें अंडमान, निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, एमपी, पुड्डुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उप्र और प. बंगाल शामिल हैं। इन राज्यों में कुल मतदाताओं की संख्या करीब 51 करोड़ है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने यह भी साफ किया कि एसआईआर में सभी योग्य मतदाताओं को जोड़कर अयोग्यों को बाहर किया जाएगा। हालांकि उन्होंने यह भी बताया कि जिन राज्यों में इस समय स्थानीय निकाय चल रहे हैं या होने वाले हैं वहां फिल्हाल यह नहीं होगा, क्योंकि स्थानीय स्तर का प्रशासन चुनावी कामकाज में व्यस्थ रहेगा। हालांकि अभी तक पूरी जानकारी सार्वजनिक नहीं हुई है, लेकिन अधिकारियों के अनुसार दूसरे चरण में दस से 15 राज्य शामिल होंगे। इनमें ऐसे राज्य होंगे जहां 2026 में चुनाव होने वाले हैं। इन राज्यों में तमिलनाडु, प. बंगाल, केरल, असम और पुड्डुचेरी शामिल हैं। एसआईआर हो, इससे भला किसी को क्या आपत्ति हो सकती है। पात्र मतदाता वोटर लिस्ट में होने ही चाहिएं और जो पात्र नहीं हैं, उनको वोटर लिस्ट से बाहर होना चाहिए, लेकिन यहीं एक पेंच भी है, जिस तरह का रवैया अब तक चुनाव आयोग का रहा है और वह कई गंभीर सवालों के घेरे में भी है। जिसमें वोटर चोरी का मुद्दा पूरी तरह देश में गर्माया हुआ है, उसका जवाब चुनाव आयोग अभी तक भी ठीक से नहीं दे पाया है। सवाल तो यह भी उठ रहा है कि आखिर चुनाव आयोग एसआईआर को लेकर हड़बड़ी में क्यों है। जिस चीज का चुनाव से सीधा संबंध हो, वह काम बेहद सतर्कता व धैर्य के साथ होना चाहिए। सवाल तो इस पर भी खड़ा है कि जो शपथ पत्र उसने सुप्रीम कोर्ट में यह कहकर जमा कराया था कि कोई भी उसके काम में हस्तक्षेप नहीं कर सकता, उससे कोई यह नहीं पूछ सकता कि किसके नाम कटे किसके जोड़े गए, ऐसे में जरूरी है कि चुनाव आयोग इस काम में बिना हड़बड़ी दिखाए निष्पक्षता से आगे बढ़े।

### राहुल के प्यार का शब्दों में बयान नहीं



डीएमके और कांग्रेस भले ही अलग-अलग रास्तों पर आगे बढ़ीं थी, लेकिन अब देशहित में दोनों पार्टियां एक ही टीम में हैं, राहुल गांधी उन्हें बड़ा भाई मानते हैं और राहुल गांधी द्वारा उनके लिए दिखाए गए प्यार को वे शब्दों में नहीं बयां कर सकते, हालांकि डीएमके और कांग्रेस एक समय अलग-अलग रास्तों पर चले थे, पर आज देश की भलाई के लिए, तमिलनाडु के विकास और भारत की एकता के लिए, हम एक ही तरफ हैं, हम एक जैसी सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं, वह राहुल गांधी द्वारा उनके प्रति दिखाए प्यार को शब्दों में बयान नहीं कर सकते, मैंने दूसरे राजनीतिक नेताओं को भाई कहकर संबोधित नहीं किया है, लेकिन जब भी राहुल गांधी से बात करता हूं, तो ऐसा करता हूं।

**-एमके स्टालिन, सीएम, तमिलनाडु**

## धोखाधड़ी व ऑनलाइन फ्रॉड के बढ़ते मामले, ऐसे करें अपनी सुरक्षा






मौ. सुलेमान

हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में साइबर सुरक्षा घटनाएं 2022 में जहां लगभग 10.29 लाख थीं, वहीं 2024 में बढ़कर लगभग 22.68 लाख तक पहुंच गईं। केन्द्रीय वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 में साइबर धोखाधड़ी के कारण देश को लगभग 22,845 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ, जो 2023 की तुलना में लगभग 206 प्रतिशत की भयावह वृद्धि को दर्शाता है। एक अन्य रिपोर्ट बताती है कि 2021 से 2024 के बीच साइबर अपराधों में 400 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। ये आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि भारत में डिजिटल विस्तार के साथ-साथ साइबर अपराधों और धोखाधड़ी जैसे मामलों की संख्या में भी तेजी से वृद्धि हुई है। इन अपराधों और धोखाधड़ी का शिकार न केवल आम नागरिक हो रहे हैं बल्कि कई नामचीन व्यक्ति भी हुए हैं। इन घटनाओं ने पूरे समाज को इस विषय पर गंभीरता से विचार करने के लिए मजबूर कर दिया है। हालांकि सरकार और पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, फोन और मैसेज के माध्यम से लोगों को जागरूक और सावधान किया जा रहा है, इसके बावजूद ठगों और जालसाजों का नेटवर्क बेखघैफ होकर सक्रिय है।

सरकार और पुलिस प्रशासन की कई कोशिशों के बावजूद साइबर ठग पकड़े नहीं जा पा रहे हैं क्योंकि वे हर दिन साइबर ठगी और ऑनलाइन फ्रॉड के नए-नए तरीके ईजाद कर रहे हैं। पहले साइबर ठगी या धोखाधड़ी बहुत सीमित थी, पहले कहा जाता था कि आपकी लॉटरी लगी है या फोन पर आपसे ओटीपी मांगा जाता था लेकिन अब ठग तकनीकी रूप से बहुत उन्नत हो गए हैं। वे अब फर्जी लिंक, नकली जॉब ऑफर, फर्जी पैकेज डिलीवरी, क्यूआर कोड, फर्जी वीडियो या किसी परिचित की आवाज या वीडियो क्लिप बनाकर और डिजिटल गिरफ्तारी जैसे नए नए हथकंडे अपना रहे हैं। इन घटनाओं में अपराधी खुद को सरकारी अधिकारी, पुलिस कर्मी या बैंक या किसी कम्पनी आदि का प्रतिनिधि बताकर डराने, धमकाने या लालच देने की कोशिश करते हैं। दरअसल साइबर ठगी या ऑनलाइन फॉड वह अपराध है, जिसमें कंप्यूटर, मोबाइल फोन या इंटरनेट तकनीक का इस्तेमाल करके किसी व्यक्ति को मानसिक, आर्थिक या सामाजिक रूप से नुकसान पहुंचाया जाता है। फर्जी वेबसाइट, ईमेल, सोशल मीडिया अकाउंट, शॉपिंग प्लेटफॉर्म, नकली नोटिस या फर्जी कॉल ए सब आज अपराध के आधुनिक औजार बन चुके हैं।

ज्यादातर लोग अपने जीवन में कभी न कभी किसी न किसी रूप में इस तरह की ठगी का शिकार हुए हैं, और जो अब तक नहीं हुए हैं, वे सचमुच भाग्यशाली हैं, क्योंकि अपराधियों की योजनाएं इतनी चालाक और पेचीदा होती जा रही हैं कि आज के डिजिटल युग में इनसे बचपाना कठिन होता जा रहा है। शासन और प्रशासन जब तक किसी ठगी या धोखाधड़ी के तरीके को समझ पाते हैं, तब तक अपराधी कोई नया तरीका खोज लेते हैं। ठगी या ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसे अपराध अब किसी एक व्यक्ति द्वारा नहीं, बल्कि संगठित रूप से चलाए जा रहे हैं। इन गिरोहों के ठिकानों तक पहुंचना बहुत मुश्किल होता है, क्योंकि उनका नेटवर्क बेहद तेज और तकनीकी रूप से इतना सशक्त होता है कि कई बार पुलिस के पहुंचने से पहले ही उन्हें खबर मिल जाती है और वे फरार हो जाते हैं।

यहां पर सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि किसी भी साइबर ठगी या धोखाधड़ी करने के लिए ठगों को हमारी व्यक्तिगत जानकारी चाहिए होती है और यह व्यक्तिगत जानकारी उनके लिए सबसे बड़ा हथियार बन जाती है। यहां सवाल यह है कि उन्हें हमारी यह जानकारी मिलती कहां से है? यहां पर मैं अपना और कुछ अन्य लोगों का अनुभव साझा करना चाहूंगा। मुझे एक बार एक ऐसे बैंक से फोन आया जिसमें मेरा कोई खाता भी नहीं था। कॉल करने वाली लड़की ने मेरा नाम, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी सबकुछ सही-सही बताया। जब मैंने पूछा कि यह जानकारी आपको कहां से मिली है तो उसने कहा सर हमें एक्स बैंक से मिली है और संयोग से वह जिस बैंक का नाम बता रही थी उसी बैंक में मेरा वास्तविक खाता है। मुझे कई ऐसे बैंकों के नाम से लोन और क्रेडिट कार्ड के लिए फोन आता है जिनसे मैंने कभी सम्पर्क ही नहीं किया। मैं एक और घटना यहां पर साझा करना चाहूंगा। एक बार मुझे एक नामक संस्था के नाम से कॉल आया। उन्होंने मेरा नाम, पदनाम, ईमेल और पेशा तक बताया। वे मुझे एक प्रोजेक्ट से जोड़ना चाहते थे और इसके लिए मुझसे आधार, पैन, बैंक का कैंसल चेक और हस्ताक्षरित एग्रीमेंट मांग रहे थे जबकि मैंने उनसे कभी इस बारे में संपर्क ही नहीं किया था। इन घटनाओं से यह स्पष्ट हो रहा है कि हमारी व्यक्तिगत जानकारी हमारे ही बैंकों, टेलीकॉम कंपनियों, और जिन संस्थाओं में हम कार्य कर रहे हैं वहां के कुछ कर्मचारियों द्वारा उन्हें दी जा रही हैं या पैसों के लालच में बेची जा रही है। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, शॉपिंग वेबसाइट और ऑनलाइन ऐप भी हमारी जानकारी के बड़े स्रोत बन चुके हैं। जब हम किसी वेबसाइट पर अपनी जानकारी भरते हैं, या किसी संस्था में अपनी व्यक्तिगत जानकारी देते हैं तो हमसे यह वादा किया जाता है कि हमारी जानकारी सुरक्षित रखी जाएगी, लेकिन अधिकांश संस्थान इस वादे को पूरा नहीं कर रहे हैं परिणामस्वरूप, हमारी जानकारी अनजाने में या कई बार जानबूझकर ठगों के पास पहुंच जाती है। कुछ लोगों ने मुझे बताया की उनके खाते में पैसे डालने के नाम पर उनके खाते से पैसे निकाल लिए गए। कुछ को क्रेडिट कार्ड पर ऑफर और कुछ को फर्जी लिंक भेज कर उनके खाते और क्रेडिट कार्ड से पैसे निकाल लिए गए हैं। हालांकि साइबर अपराध से निपटने के लिए भारत में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम IT Act सहित अनेक कानून बनाए गए हैं, परंतु कानून भी तभी प्रभावी होते हैं जब अपराधी पकड़े जाएं और सबूत मौजूद हों। अधिकांश मामलों में पर्याप्त सबूत न होने के कारण अपराधी आसानी से छूट जाते हैं और न्याय का सिद्धांत भी यही कहता है कि हचाहे हजार अपराधी छूट जाएं, पर एक भी निर्दोष को सजा नहीं मिलनी चाहिए। मगर यहां अपराध साबित न हो पाने की स्थिति अपराधियों को और प्रोत्साहित कर रही है। साइबर ठगी और ऑनलाइन फ्रॉड जैसे गम्भीर अपराधों पर अभी तक किए गए शोध और अध्ययन से यह निष्कर्ष निकाला गया है कि इन खतरों से खुद को बचाने में सावधानी ही सबसे बड़ा उपाय है। अक्सर कहा भी जाता है सावधानी हटी, दुर्घटना घटी। यह बात साइबर ठगी के संदर्भ में भी उतनी ही सत्य प्रतीत होती है, जितना की अन्य मामलों में। नीचे कुछ व्यवहारिक उपाय और सावधानियां दी जा रही हैं, जिनका पालन करके हम खुद को और दूसरों को इस तरह के खतरों और होने वाले नुकसान से बचा सकते हैं। इन खतरों से खुद को बचाने के लिए क्या करें और क्या न करें? यदि कोई कॉल करके आपसे यह कहे कि भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण TRAI आपका नंबर बंद करने वाला है, तो विश्वास न करें। कोई भी प्राधिकरण कभी किसी व्यक्ति से फोन पर इस तरह की बात नहीं करता है। यदि कोई एजेंट या कंपनी किसी पार्सल की बात करे और कन्फर्म करने के लिए आपको कोई नंबर दबाने के लिए कहे तो कोई बटन न दबाएं। यदि कोई खुद को पुलिस या सरकारी अधिकारी बताकर आपसे आपका आधार, पैन या खाता नंबर मांगे, तो कोई जानकारी साझा न करें। डिजिटल गिरफ्तारी जैसी कोई कानूनी प्रक्रिया अभी तक भारतीय न्याय संहिता में नहीं है। यदि कोई आपको डराकर कहे कि आपके पैकेज में ड्रग्स मिले हैं या आप किसी गम्भीर केस में फंसे हैं, और आपको डिजिटल गिरफ्तार किया जा रहा है तो बिल्कुल न डरें, कॉल काटें और यदि बार बार कॉल आए तो अपने नजदीकी थाने में साइबर पुलिस को इसकी सूचना जरूर दें।

(लेखक असिस्टेंड प्रोफेसर हैं, ये उनके निजी विचार हैं)

## हिन्दू समाज के समक्ष प्रमुख चुनौतियां

**हमारी प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि समाज में भय नहीं, विश्वास बढ़े विभाजन नहीं, समरसता बने और धर्म केवल पूजा का विषय न रहकर चरित्र, कर्तव्य और संस्कृति का प्रतीक बने। जब प्रत्येक हिन्दू स्वयं को हिन्दू मानकर आचरण करेगा, और सन्त समाज उसे दिशा देगा कृ तब न केवल चुनौतियां समाप्त होंगी, बल्कि भारत फिर से विश्वगुरु के मार्ग पर अग्रसर होगा।**

आज का समाज तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक स्तर पर अनेक प्रकार की चुनौतियां सामने हैं। इस बदलते समय में हिन्दू समाज के समक्ष अनेक गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं जिन पर सामूहिक जागरण, चिंतन और संगठनात्मक दृढ़ता के साथ काम करने की आवश्यकता है। हिंसा और असहिष्णु वातावरण कुछ विचारधाराएं और समूह समाज में हिंसा, भय या वैमनस्य का वातावरण निर्मित करने का प्रयास करते हैं। ऐसे समय में समाज को सजग, संगठित, सक्रिय और जागरूक रहना होगा। हर हिन्दू को यह समझना होगा कि हम जाति, पंथ, मत और सम्प्रदाय से ऊपर एक हैं हिन्दू हैं। हमें कानूनी और संवैधानिक दायरे में रहते हुए ऐसे तत्वों को पहचानकर उनके मंसूबों को विफल करना है।

**धर्मान्तरण की चुनौती**- आज विभिन्न माध्यमों से लालच देकर, प्रभाव डालकर, जबरदस्ती या छल-कपट से धर्म परिवर्तन की घटनाएं सामने आती हैं। कई बार यह लव जिहाद, नौकरी लगवाने, शिक्षा संस्थानों या सामाजिक सेवाओं के माध्यम से भी होता है। अनेक स्थानों पर हिन्दू बच्चों को सांस्कृतिक समरसता के नाम पर ऐसी शिक्षा दी जा रही है जिसमें उनके धर्म-ग्रंथों का उपहास होता है और कुछ धर्मों के प्रति झूठी श्रेष्ठता का भाव चंगाई सभाएं जैसे कृत्यों से ब्रेन वाश किया जाता है। ऐसी प्रवृत्तियों को रोकने के लिए समाज में धार्मिक-जागरूकता और आत्मगौरव का भाव जगाना होगा। कानूनी और सामाजिक दोनों स्तरों पर सतर्कता बढ़ानी होगी। परिवार, मोहल्ला, विद्यालय और संगठन सबको इस दिशा में संवेदनशील बनाना आवश्यक है।

**जनसंख्या असंतुलन और पारिवारिक संरचना**- पिछले कुछ वर्षों में देश के अनेक भागों में विशेषकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों मुरादाबाद, संभल, बरेली, रामपुर, मेरठ, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर आदि में हिन्दू जनसंख्या में 3.4 प्रतिशत की कमी और मुस्लिम जनसंख्या में उतनी ही वृद्धि दर्ज की गई है। इसके कुछ कारण घटती प्रजनन दर, बदलती जीवनशैली, कमाओ-खाओ-मौज करो जैसी प्रवृत्तियां, तथा DINK Double Income No Kids जैसी सोच ने पारिवारिक संरचना को प्रभावित किया है। यदि यह रुझान जारी रहा तो आने वाले वर्षों में बुआ, फूफा, मौसी, चाचा, ताऊ जैसे रिश्ते केवल कहानियों में रह जाएंगे। इसका समाधान केवल सरकार से नहीं, समाज की जागरूकता और मूल्य शिक्षा से होगा विवाह और परिवार को बंधन नहीं, संस्कार के रूप में प्रस्तुत करना होगा।

**नशा और ड्रग आपूर्ति की साजिश**- सीमावर्ती राज्यों से नशे की तस्करी विशेषकर पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, म्यांमार और थाईलैंड से एक गम्भीर षड्यंत्र है। हर वर्ष करोड़ों रूपए का नशीला पदार्थ भारत में पकड़ा जाता है। यह नशा केवल शरीर को नहीं, संस्कार और चरित्र को भी नष्ट कर रहा है।

**समाधान के लिए**- युवा वर्ग को खेल, योग, सेवा और राष्ट्र निर्माण से जोड़ना होगा। घर और विद्यालय स्तर पर नशा विरोधी शिक्षा को शामिल करना चाहिए। सामाजिक संस्थाओं को ड्रग-फ्री यूथ इंडिया जैसे अभियान चलाने चाहिए।

**शिक्षा और सांस्कृतिक उपहास**- अनेक शैक्षणिक संस्थाएं ऐसी हैं जो हिन्दू बच्चों को पढ़ाने के नाम पर उनके धर्म, संस्कृति और देवी-देवताओं का परिहास करती हैं। धीरे-धीरे उनके मन में अपने धर्म के प्रति शंका और अन्य धर्मों के प्रति झूठी निष्ठा पैदा की जाती है। यह केवल शिक्षा नहीं, एक मनोवैज्ञानिक युद्ध Psychological Warfare है।

**समाधान**- शिक्षा में भारतीय मूल्य-आधारित अध्ययन को बढ़ावा देना। शिक्षकों और अभिभावकों दोनों की भूमिका पुनर्परिभाषित करना। गर्व से कहो हम हिन्दू हैं जैसी भावना को आत्म-सम्मान का प्रतीक बनाना, न कि नारा। गो-हत्या, मंदिर अधिग्रहण, अवैध धर्मांतरण, और धार्मिक उपेक्षा जैसे मुद्दे केवल धार्मिक नहीं बल्कि सांस्कृतिक अस्तित्व से जुड़े प्रश्न हैं। इन्हें संवैधानिक दायरे में रखते हुए संगठित सामाजिक दबाव और जागरण के माध्यम से उठाना होगा। समाज-जागरण का सबसे सशक्त केंद्र हमारे सन्त-महात्मा और धार्मिक संस्थान हैं परंतु आज आवश्यकता है कि देश के प्रमुख सन्त अपने नियमित धार्मिक कार्यों के अतिरिक्त युवा सशक्तिकरण की दिशा में अपनी कार्यप्रणाली में परिवर्तन करें।

**-डॉ. पवन कुमार जैन**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## हर तरफ हताशा का माहौल



अमरेंद्र राय



देश में पर्व-त्योहार खुशियां लेकर आते हैं। लेकिन अब ये पर्व-त्योहार भी लोगों को खुशियां देने में समर्थ नहीं हो पा रहे हैं। अभी दीवाली जैसा बड़ा त्योहार पूरे देश ने मनाया लेकिन देश के बहुत बड़े हिस्से ने सिर्फ औपचारिकता ही निभाई। दिए जलाए, मिठाइयां खाईं, खिलाईं और उपहारों का आदान-प्रदान किया। लेकिन मन से खुशी गायब थी। उल्टे वायु प्रदूषण बढ़ने से सांस की तकलीफ से जूझ रहे लोगों की समस्याएं बहुत ज्यादा बढ़ गईं। रात दस बजते-बजते सांस लेने में तकलीफ बढ़ गई।

दिल्ली का चुनाव हारने के बाद भी कल रात केजरीवाल ने राहत की सांस महसूस की होगी कि उन्हें गालियां नहीं मिल रहीं। वरना जब तक उनकी सरकार थी वायु प्रदूषण का पूरा ठीकरा उन्हीं पर फूटता था। लेकिन अब किसी ने दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार को कुछ नहीं कहा। वायु प्रदूषण से सिर्फ सांस की तकलीफें ही नहीं बढ़तीं बल्कि मानसिक बीमारियां भी बढ़ जाती हैं। हवा में एक फीसदी पीएम 2.5 बढ़ने से करीब दस प्रतिशत (9.6) डिप्रेशन या अवसाद के मामले बढ़ जाते हैं। इतना ही नहीं बच्चों के मानसिक विकास पर भी इसका असर पड़ता है। एक अनुमान के मुताबिक भारत में प्रति वर्ष 16 लाख लोगों की मौत वायु प्रदूषण से होती है। इस समय सबसे बड़ी चिंता रोजगार को लेकर है। 2019 के चुनावों से पहले ही यह बात फैल गई थी कि देश में बेरोजगारी की दर पिछले 45 सालों में सबसे ज्यादा है, लेकिन उसका चुनावों पर कोई असर नहीं हुआ। बल्कि सत्ताधारी दल पहले से भी ज्यादा बहुमत से जीतने में सफल रहा। इस हालात ने एक छोटे हिस्से को छोड़कर सभी को सोचने पर मजबूर किया कि ऐसा क्यों हो रहा है। इस हालात से सिर्फ वही लोग खुश थे जो मूर्ख थे या लोगों को मूर्ख बनाने में सफल रहे। ऐसी चीजों का समाज के हर तपके पर असर पड़ता है। सिवाय कुछ मूर्खों को छोड़कर। बाबा तुलसी दास ने भी कहा है कि हसबते भले विमूढ़, जिन्हें न व्यापे जगत गति। अब तो यह बेरोजगारी दर और भी ज्यादा बढ़ गई है। हाल में जो सरकारी आंकड़े आए हैं उनसे पता चलता है कि सितंबर में बेरोजगारी दर और ज्यादा बढ़ गई है। युवाओं में बेरोजगारी की दर 15 प्रतिशत तक जा पहुंची है। 15 से 29 वर्ष के युवाओं के बीच बेरोजगारी दर पहले 14.6 प्रतिशत थी जो अब बढ़कर 15 प्रतिशत तक पहुंच गई है। पूरे देश में बेरोजगारी की दर अगस्त महीने में 5.1 प्रतिशत दर्ज की गई थी जो सितंबर में बढ़कर 5.2 प्रतिशत हो गई। बावजूद इसके सरकार जीएसटी बचत उत्सव मनाने का अभियान चला रही है। अरे भाई पहले कमाई हो तब न बचत की बात उठे। यहां तो कमाई ही नहीं है। पहले तो सरकार ने अनाप-शनाप जीएसटी लगाकर आठ साल तक लोगों को लूटा। उनकी जेब में जो थोड़े बहुत पैसे थे वो भी निकाल लिए। और अब दर घटाकर कह रही है कि बचत उत्सव मनाओ। जब जेब में धेला नहीं है तो बचत उत्सव कहां से मनाएगा आदमी। अव्वल तो ए कि लोगों की जेब में पैसे नहीं हैं दूसरे उन्हें पता भी नहीं चल रहा कि किस चीज के दाम कम हुए हैं। दीपावली और धनतेरस पर भारतीय लोग आम तौर पर सोना खरीदते हैं। लेकिन क्या सोने की कीमत कम हुई? अलबत्ता और बढ़ गई। सोने का दाम लगातार और तेजी से बढ़ा। बीजेपी के भोजपुरी स्टार सांसद रवि किशन ने संसद में अपनी स्पीच समोसों पर दी। उन्होंने कहा कि देश के हर राज्य में समोसे मिलते हैं। ढाबे से लेकर फाइव स्टार तक, लेकिन उनकी कीमत एक जैसी नहीं है। उनका आकार भी एक जैसा नहीं है। सरकार को एक नीति बनानी चाहिए कि समोसा पूरे देश में एक भाव से मिले। जब जीएसटी की दरें सरकार ने कम कीं तो लोगों ने रवि किशन से पूछा, समोसे के दाम कितने कम हुए। मुझे तो कहीं भी समोसे, चाउमिन, चाय, बीड़ी, सिगरेट या फिर किसी चीज के दाम कम हुए नहीं दिखे। भोजन की थाली की कीमत भी कम नहीं हुई है। इसी बीच दलितों पर अत्याचार की झकझोरने वाली खबरें भी सामने आई हैं। यूपी के फतेहपुर के रहने वाले एक व्यक्ति की रायबरेली में पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। हत्या करने वाले अपने आप को हबाबाह्व के लोग बता रहे थे। बाबा के लोग मतलब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लोग। ऊपर से जब रायबरेली के सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी जब उस पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे थे तो उसमें अड़ंगा डालने की कोशिश की गई। हरियाणा में एक दलित आईपीएस ने खुद की रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उसने आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप अपने सीनियर अफसरों पर लगाया। उस मामले में भी हरियाणा सरकार की ओर से कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई। आठ दिन तक उस अफसर की लाश का पोस्टमार्टम नहीं हो सका। तीसरी घटना भारत के मुख्य न्यायाधीश से जुड़ी है। सुप्रीम कोर्ट के एक वकील ने अदालत में ही मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई पर जूता फेंक दिया। आपको मालूम है कि गवई दलित हैं। और इन सबसे भी बड़ी बात कि सत्ता पक्ष के लोगों का नजरिया बहुत निराशा जनक रहा। और तो और दलितों की राजनीति करने वाली उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री रहीं मायावती ने काशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर नौ अक्टूबर को लखनऊ में एक बहुत बड़ी रैली की लेकिन उसमें भी उन्होंने गवई पर जूता फेंकने की घटना का जिक्र तक नहीं किया। ए सब बातें बहुत निराशाजनक हैं। हताशा पैदा करने वाली हैं।

अवसादग्रस्त करने वाली। इन्हीं सब वजहों से देश में डिप्रेशन के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2015 में एक रिपोर्ट जारी की थी जिसमें बताया गया था कि 2005 से 2015 तक दस साल तक अवसाद के मरीजों की संख्या में 18.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सत्ताधारी बीजेपी कह सकती है कि यह समयावधि यूपीए शासनकाल की है, लेकिन उसे शायद नहीं मालूम कि अभी हाल ही में एक विश्वविद्यालय ने देश के आठ प्रमुख शहरों का सर्वे किया है जिससे पता चलता है कि देश के 70 प्रतिशत युवा डिप्रेशन के शिकार हैं। यह सर्वे अमरावती स्थित एसआरएम यूनिवर्सिटी ने सिंगापुर की एक यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरू, चेन्नई, हैदराबाद, पुणे, अमहमदाबाद और कोलकाता के छात्रों के बीच किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# रूस ने दुनिया की पहली न्यूक्लियर पॉवर्ड मिसाइल का किया परीक्षण

## अनलिमिटेड रेंज का दावा, रूसी राष्ट्रपति बोले: इसे कोई डिफेंस सिस्टम नहीं रोक सकता

मास्को। रूस ने दुनिया की पहली न्यूक्लियर पॉवर्ड यानी परमाणु ऊर्जा से चलने वाली क्रूज मिसाइल बुरेवस्तनिक-9एम739 का सफल परीक्षण किया है। दावा किया जा रहा है कि यह मिसाइल अनलिमिटेड रेंज वाली है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने वीडियो कान्फ्रेंस के दौरान कहा कि इसके सभी टेस्ट पूरे हो चुके हैं। ऐसी मिसाइल दुनिया के किसी भी देश के पास नहीं है। पहले कई एक्सपर्ट यकीन नहीं करते थे कि ऐसा हथियार भी बन सकता है, लेकिन यह हकीकत बन चुका है। कोई भी डिफेंस सिस्टम इस नहीं रोक सकता।

रूसी सेना के प्रमुख वैलेरी गेरेसिमोव ने बताया कि मिसाइल का सफल टेस्ट 21 अक्टूबर को किया गया। इस टेस्ट में बुरेवस्तनिक ने करीब 15 घंटे तक उड़ान भरी। इस दौरान मिसाइल ने 14 हजार किलोमीटर की दूरी तय की। गेरेसिमोव ने यह भी बताया कि यह मिसाइल की अधिकतम रेंज नहीं है, यह इससे अधिक दूरी भी तय कर सकती है। पुतिन ने इस मिसाइल को सर्विस में लेने के लिए सेना को तैयारी करने के निर्देश भी दे दिए हैं। बुरेवस्तनिक (9एम730) एक क्रूज मिसाइल है, जो सामान्य ईंधन इंजन की बजाय न्यूक्लियर रिएक्टर से चलती है। इस वजह से यह मिसा. इल लगभग अनलिमिटेड यानी असीमित दूरी तक उड़ान भर सकती है। साथ ही दुश्मन के एंटी-मिसाइल डिफेंस सिस्टम को चकमा देने में सक्षम है। अमे. रिकी वायुसेना की रिपोर्ट के अनुसार मिसाइल के सर्विस में आने के बाद रूस के पास इंटरकान्टिनेंटल रेंज यानी 10 से 20 हजार किमी तक हमला करने की क्षमता होगी। इससे रूस किसी भी हिस्से से अमेरिका तक हमला करने में सक्षम होगा। आमतौर पर इतनी दूरी तक हमला करने के लिए बैलिस्टिक मिसा. इल का इस्तेमाल किया जाता है।

यह पहली क्रूज मिसाइल है जो इतनी दूरी तक हमला करने में सक्षम है। सामान्य बैलिस्टिक मिसाइल अंतरिक्ष में तय मार्ग पर जाती है, जिन्हें ट्रैक किया जा सकता है। जबकि बुरेवस्तनिक सिर्फ 50-100 मीटर की ऊंचाई पर उड़ती है और लगातार रास्ता बदलती रहती है, जिससे इसे पकड़ना लगभग असंभव हो जाता है। मिसाइल को लॉन्च करने के लिए ठोस ईंधन वाले राकेट बूस्टर का इस्तेमाल किया जाता है। लॉन्च होने के बाद इसका न्यूक्लियर रिएक्टर एक्टिव हो जाता है। इसके बाद यह परमाणु ऊर्जा पर चलती है। इसमें एक छोटा न्यूक्लियर रिएक्टर या न्यूक्लियर पावर यूनिट है, जो मिसाइल को अनलिमिटेड दूरी तक उड़ने में सक्षम बनाता है। इस मिसाइल को जमीन पर मौजूद लॉन्चिंग पैड का इस्तेमाल कर लॉन्च किया जाता है। रायटर्स की एक जांच रिपोर्ट के मुताबिक रूस की राजधानी मास्को से उत्तर में 475 किमी दूर इसकी लॉन्च साइट हो सकती है।



■ लॉन्च होने के बाद एक्टिव होता है न्यूक्लियर रिएक्टर, एक्सपर्ट्स ने मिसाइल टेस्टिंग को खतरा बताया

### ट्रम्प बोले: पुतिन मिसाइल परीक्षण न करें, जंग रोकें

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने पुतिन से कहा है कि वह मिसाइल परीक्षण करने की बजाय जंग रोके। सोमवार दिए एक बयान में उन्होंने मिसाइल टेस्ट को गलत बताया। ट्रम्प ने कहा कि एक हफ्ते में खत्म होने वाली जंग के 4 साल होने वाले हैं। उन्हें इस पर ध्यान देना चाहिए। ट्रम्प अक्सर गोल्डन डोम मिसाइल सिस्टम का जिक्र करते हैं। उनके मुताबिक अमेरिका को भविष्य के हमलों से बचाने के लिए यह जरूरी है। बुरेवस्तिक जैसे खतरनाक हथियार से बचाने के लिए गोल्डन डोम जैसे डिफेंस सिस्टम को डिजाइन किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय रणनीतिक अध्ययन संस्थान (आईआईएसएस) ने कहा कि रूस के सामने इस मिसाइल को लेकर अभी भी कई तकनीकी चुनौतियां हैं। इनमें मिसाइल के परमाणु इंजन को सुरक्षित और भरोसेमंद ढंग से संचालित करने की चुनौती सबसे बड़ी है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इसके कई परीक्षण असफल रहे और एक दुर्घटना में कई लोगों की मौत हुई थी।




मलेशिया। कुआलालंपुर में 47वें आसियान शिखर सम्मेलन और संबंधित शिखर सम्मेलन के दौरान मलेशिया के विदेश मंत्री मोहम्मद हाजी हसन से बात करते विदेश मंत्री एस जयशंकर।

## भारत-सेशेल्स ने हिंद महासागर में स्थिरता का लिया संकल्प

विक्टोरिया। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को विक्टोरिया स्थित स्टेट हाउस में सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी से मुलाकात की, जहां दोनों नेताओं ने भारत और सेशेल्स के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मज़बूत और विस्तारित करने के तरीकों पर चर्चा की। भारत सरकार और जनता की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए राधाकृष्णन ने राष्ट्रपति हर्मिनी को पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। उपराष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने हिंद महासागर क्षेत्र और व्यापक वैश्विक दक्षिण में शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई।

## ब्रिटेन में भारतवंशी महिला पर नस्लीय हमला

■ दरिंदे ने किया दुष्कर्म CCTV में दिखा, पुलिस ने जारी की आपात अपील

लंदन। ब्रिटेन की पुलिस ने उत्तरी इंग्लैंड में एक युवती के साथ दुष्कर्म के मामले में एक संदिग्ध श्वेत व्यक्ति को पकड़ने के लिए आपातकालीन अपील जारी की है। महिला भारतीय मूल की बताई जा रही है।

वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस के मुताबिक, शनिवार शाम को वालसाल के पार्क हाल इलाके में महिला के सड़क पर संकट में फंसे होने की सूचना मिली। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जनता से मदद के लिए संदिग्ध का सीसीटीवी फुटेज जारी किया और इसे 'नस्लीय भेदभाव आधारित हमले में दुष्कर्म' का मामला बताया। पुलिस जांच की अगुवाई कर रहे जांच अधीक्षक रोनन टायर ने कहा, यह एक युवती (20 वर्षीय) पर बेहद खौफनाक हमला था। हम आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस सबूत इकट्ठा कर रही है और हमलावर की प्रोफाइल तैयार कर रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अगर किसी ने उस समय इलाके में किसी पुरुष को संदिग्ध व्यवहार करते देखा हो तो पुलिस को जानकारी दें। पुलिस ने बताया कि हमलावर करीब तीस साल का श्वेत पुरुष है, जिसके छोटे बाल हैं और उसने हमले के समय गहरे रंग के कपड़े पहने थे।

## संक्षिप्त समाचार

### दक्षिण चीन सागर में अमेरिकी नौसेना के दो विमान दुर्घटनाग्रस्त

वाशिंगटन। दक्षिण चीन सागर के ऊपर अलग-अलग नियमित अभियानों के दौरान आधे घंटे के अंतराल पर अमेरिकी नौसेना के एक हेलीकॉप्टर और एक लड़ाकू जेट-दुर्घटनाग्रस्त हो गए हालांकि चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है। नौसेना ने बताया कि यूएसएस निमित्ज़ विमानवाहक पोत से नियमित अभियान के दौरान एक एमएच-60आर सीहॉक हेलीकॉप्टर स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 2:45 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। खोज और बचाव दल ने चालक दल के सभी तीन सदस्यों को बचा लिया।

### वेनेज़ुएला ने कैरिबियन में अमेरिकी सैन्य अभ्यास की निंदा की

काराकस। वेनेज़ुएला सरकार ने रविवार को कैरिबियन में अमेरिकी सेना द्वारा किए गए सैन्य अभ्यास की निंदा करते हुए कहा कि यह क्षेत्र के लिए उकसावे और खतरा है। सरकार द्वारा सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा गया है कि वेनेज़ुएला सरकार का मानना है कि 26 और 30 अक्टूबर के बीच किए गए सैन्य अभ्यास एक औपनिवेशिक अभियान का हिस्सा है और संयुक्त राष्ट्र चार्टर तथा लैटिन अमेरिका और कैरिबियन को शांति क्षेत्र घोषित करने का उल्लंघन करते हैं।

### अर्जेंटीना में सड़क हादसे में कम से कम तेरह लोगों की मौत

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना के पूर्वोत्तर प्रांत मिसियोनेस में रविवार को एक डबल-डेकर यात्री बस और एक कॉम्पैक्ट कार की आमने-सामने की टक्कर में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। मिसियोनेस सरकार के अनुसार, यह दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 4:30 बजे घने कोहरे के बीच एक पुल पर हुई और ओबेरा शहर से प्यूर्टो इगुआज़ू जा रही यात्रियों को ले जा रही बस टक्कर के कारण नीचे एक नाले में गिर गई।

### टोक्यो में आग लगने से तीन लोगों की मौत

टोक्यो। जापान की राजधानी टोक्यो के पास एक रिहायशी इलाके में सोमवार को एक घर में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गयी। क्योडो न्यूज़ ने पुलिस और दमकलकर्मियों के हवाले से बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 4:30 बजे एक आपातकालीन कॉल आई, जिसमें बताया गया कि सैतामा के एक रिहायशी इलाके में स्थित एक दो मंजिला लकड़ी के घर में आग लग गयी है। पुलिस के अनुसार आग पर काबू पाने में लगभग साढ़े तीन घंटे लगे और आस-पास के घरों को इससे कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। इमारत में एक दंपत्ति और 80 वर्षीय बजुर्ग रह रहे थे।

# अमेरिका में शटडाउन से आम जनता हलकान




■ सरकारी बंद के बीच करोड़ों लोगों पर भूख की मार, एक नवम्बर से मुफ्त भोजन कार्यक्रम बंद! नोटिस जारी

वाशिंगटन। अमेरिका में 1 अक्तूबर से चल रहा सरकारी शटडाउन आम जनता के लिए मुसीबत बन चुका है। इस बीच करोड़ों लोगों के लिए मुफ्त भोजन कार्यक्रमों पर संकट मंडरा रहा है। ट्रम्प प्रशासन ने एक नोटिस जारी किया है, जिसके तहत एक नवम्बर से कोई संघीय खाद्य सहायता नहीं दी जाएगी। अमेरिकी कृषि विभाग ने अपनी वेबसाइट पर एक नोटिस जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि सरकारी बंद के कारण 1 नवम्बर से संघीय खाद्य सहायता भत्ते जारी नहीं किए जाएंगे। यह नोटिस देशभर के लाखों परिवारों के लिए गंभीर संकट पैदा कर रहा है, क्योंकि सरकारी बंद अब रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुका है। यह नया नोटिस ट्रम्प प्रशासन द्वारा यह कहने के बाद आया है कि वह पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (एसएनएपी), जिसे आमतौर पर फूड स्टैंप्स के नाम से जाना जाता है। उसमें नवम्बर तक लाभ जारी रखने के लिए लगभग 5 अरब अमेरिकी डालर की आकस्मिक निधि का उपयोग नहीं करेगा। फूड स्टैंप्स अमेरिका के लगभग आठवें में से एक नागरिक को किराने का सामान खरीदने में मदद करता है। यूएसडीए के नोटिस में कहा गया है कि सच्चाई यह है कि धनराशि समाप्त हो चुकी है। वर्तमान में 1 नवम्बर को कोई भत्ता जारी नहीं किया जाएगा। हम सीनेट डेमोक्रेट्स के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच चुके हैं। 1 अक्टूबर से शुरू हुआ यह बंद अब रिकॉर्ड में दूसरा सबसे लंबा बंद है। हालांकि रिपब्लिकन प्रशासन ने इस महीने सनेप लाभों का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए शटडाउन से पहले कदम उठाए थे, लेकिन अगर कुछ ही दिनों में कोई राजनी. तिक समाधान नहीं निकलता है, तो इस कटौती से गतिरोध का असर अमेरिकियों के एक बड़े हिस्से पर पड़ेगा और उनमें से कुछ सबसे ज्यादा जरूरतमंद लोगों पर भी।

# अमेरिकी सोयाबीन की खरीद फिर शुरू करेगा चीन

## 100% टैरिफ नहीं लगाएगा अमेरिका, दोनों देशों के बीच ट्रेड डील का फ्रेमवर्क तय

वाशिंगटन। अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड डील का फ्रेमवर्क तय हो गया है। अमे. रिकी वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने बताया कि दोनों देशों में चीनी आयात पर 100 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने से बचने के लिए एक फ्रेमवर्क एग्रीमेंट पर सहमति बनी ली है। उन्होंने बताया कि चीन पर लागू होने वाला 100 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ, अब नहीं लगेगा। वहीं, चीन फिर से अमेरिकी सोयाबीन की खरीद शुरू करेगा।

ट्रम्प ने 1 नवम्बर से चीन पर एक्स्ट्रा 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। यह फैसला ट्रम्प और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात से पहले लिया गया है। दोनों के बीच इस हफ्ते गुरुवार को साउथ कोरिया में मुलाकात होगी। इस दौरान दोनों नेता इस फ्रेमवर्क पर चर्चा करेंगे। इस फ्रेमवर्क पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग इस हफ्ते मिलने पर चर्चा करेंगे। ट्रम्प फिलहाल एशियाई देशों को दौरे पर हैं। उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत मलेशिया से की। यहां उन्होंने आसियान समिट के बीच थाईलैंड और कंबोडिया के बीच हुए शांति समझौते पर हस्ताक्षर समारोह में हिस्सा लिया। अब वे जापान के लिए रवाना हो गए हैं। चीन के पास दुनिया के 17 दुर्लभ खनिज (रेयर अर्थ मटेरियल्स) हैं, जिन्हें वह दुनिया को निर्यात करता है। इनका इस्तेमाल इलेक्ट्रानिक सामान, ईवीएस और डिफेंस सेक्टर में होता है। चीन ने पहले से 7 दुर्लभ खनिजों पर कंट्रोल कर रखा था, लेकिन 9 अक्टूबर को इसमें 5 और (होल्मियम, एर्बियम, थुलियम, यूरोपियम और यटरबियम) जोड़ दिए गए। यानी कि चीन का 17 में से 12 दुर्लभ खनिजों पर कंट्रोल हो गया है। इनके इस्तेमाल से पहले चीन से एक्सपोर्ट लाइसेंस लेना जरूरी होगा। इस कदम से अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की सुरक्षा और उद्योग पर असर पड़ सकता है, क्योंकि चीन दुनिया की 70 प्रतिशत दुर्लभ खनिज आपूर्ति और 90 प्रतिशत प्रोसेसिंग कंट्रोल करता है। चीन ने अपने शीर्ष व्यापार वार्ताकार ली चेंगगैंग को पद से हटा दिया है। वे हाल ही में अमेरिका के साथ चार दौर की वार्ताओं में शामिल थे।



# अमेरिका से 50 हरियाणवी डिपोर्ट

■ हाथ-पैर में डली बेड़ियां, बंदूक लिए खड़े थे अमेरिकी जवान

कैथल। कैथल पुलिस अमे. रिका से डिपोर्ट हुए लोगों को रविवार सुबह दिल्ली से लेकर कैथल पहुंची। युवकों के आने की सूचना के बाद उनके घरों में हताशा छा गई। डिपोर्ट होने वाले लोगों में अधिकतर युवा जमीन बेचकर अमेरिका में डालर कमाने की चाह में गए थे।

अब छह से सात महीने की जेल काटने के बाद खाली हाथ मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। नाम न छापने की शर्त पर कैथल शहर निवासी ने बताया कि अमे. रिका से डिपोर्ट होकर आने वाले जहाज में अमेरिका सेना के जवान बंदूक लेकर सीटों के पास खड़े हुए थे। लोगों के हाथों व पांव में बेड़िया लगाई हुई थी। अमेरिकी जवान अंग्रेजी में लोगों को गालियां दे रहे थे। वह आप बीती बताते हुए भावुक हो गया। अमेरिका जाने के लिए अधि. कतर युवाओं ने आधा एकड़ से दो एकड़ तक जमीन बेच दी थी या कर्ज लिया हुआ है। अब वह इस नुकसान की भरपाई कैसे कर पाएंगे। डिपोर्ट हुए लोगों ने सरकार से आर्थिक सहायता की मांग की है। आंकड़ों के मुता. बिक, कैथल के कई गांवों के दो हजार के करीब युवा अमेरिका, कनाडा, आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड जा चुके हैं। फरवरी के महीने में भी 12 लोग कैथल के डिपोर्ट हुए थे। रविवार को 14 नए लोग आए हैं। इससे डिपोर्ट होने वालों की संख्या 26 पहुंच हो गई है।

# क्वाड बैठक में प्रधानमंत्री मोदी होंगे मेजबान!



■ आस्ट्रेलिया के पीएम ने जताई उम्मीद, चार देशों-भारत, अमेरिका, जापान के साथ आस्ट्रेलिया के गठजोड़ वाले इस समूह को एक अहम मंच करार दिया

सिडनी। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने उम्मीद जताई है कि क्वाड देशों की अगली बैठक अगले साल की पहली तिमाही में हो सकती है। उन्होंने चार देशों-भारत, अमेरिका, जापान के साथ आस्ट्रेलिया के गठजोड़ वाले इस समूह को एक अहम मंच करार दिया। गौरतलब है कि भारत में इसी साल क्वाड सम्मेलन होना था।

हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के रवैये और जापान में जारी सियासी उठापटक के चलते अब इस बैठक की उम्मीद कम ही है। अल्बनीज ने रविवार आसियान सम्मेलन के दौरान एक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि क्वाड एक अहम फोरम है, जो आस्ट्रेलिया, अमेरिका, जापान और भारत को जोड़ता है। मुझे उम्मीद है कि इसकी बैठक अगले साल की पहली तिमाही में होगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बैठक की मेजबानी करेंगे। क्वाड सम्मेलन में देरी को लेकर पर पूछे गए सवाल पर अल्बनीज ने कहा कि यह व्यस्त शिखर सम्मेलन सत्र है और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प काफी व्यस्त कार्यक्रम में बंधे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इन दिनों एशिया के तीन देशों के दौरे पर हैं। वे मलयेशिया में आसियान सम्मेलन में शामिल होने के बाद जापान रवाना हुए और वहां से दक्षिण कोरिया जाएंगे, जहां वे एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) सम्मेलन के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने वाले हैं। इससे पहले अगस्त में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि ट्रम्प ने इस वर्ष भारत यात्रा की योजना रद्द कर दी है, क्योंकि उनके और प्रधानमंत्री मोदी के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं। भारत और अमेरिका के बीच रिश्ते तब से तनाव में हैं जब ट्रम्प प्रशासन ने भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत तक आयात शुल्क और रूसी तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत कर लगा दिया। भारत ने इस कदम को अनुचित, अन्यायपूर्ण और अस्वीकार्य करार दिया था।

## लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में चार की मौत, दो घायल

बेरूत/यरूशलम। दक्षिणी लेबनान में रविवार को इज़रायली हवाई हमलों में चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।देश की सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने कहा कि इज़रायली ड्रोन और युद्धक विमानों ने लेबनान के दक्षिणी और पूर्वी क्षेत्रों में कई वाहनों को निशाना बनाया। इस बीच, सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि मृतकों में से तीन हिजबुल्लाह के सदस्य थे और चौथा एक सीरियाई नागरिक था। एक बयान में, इज़रायली सेना ने कहा कि उसने रविवार को दो दौर के हमले किए, जिसमें हिज़्बुल्लाह का एक अधिकारी और समूह का एक संदिग्ध हथियार तस्कर मारा गया।

# किम जोंग से मिल सकते हैं ट्रम्प

## मीटिंग फिक्स कर रहे दोनों देशों के अधिकारी, आज जापान के सम्राट से मिले अमेरिकी राष्ट्रपति

टोक्या। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और नार्थ कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन जल्द मुलाकात कर सकते हैं। ट्रम्प ने कहा कि वे उनसे मिलने के लिए अपनी एशिया यात्रा को कुछ दिन और बढ़ा सकते हैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि फिलहाल इस मुलाकात को लेकर कोई तय योजना नहीं है।

सीएनएन को सूत्रों ने बताया कि ट्रम्प प्रशासन के अधिकारियों ने निजी तौर पर दोनों नेताओं के बीच एक बैठक आयोजित करने पर चर्चा की है। ट्रम्प के पहले कार्यकाल में ऐसा भी हुआ था। ट्रम्प ने 29 जून 2019 को ट्वीट कर किम जोंग से मिलने का प्रस्ताव रखा था। इसके सिर्फ 24 घंटे के बाद दोनों नेताओं के बीच मुलाकात हुई थी। ट्रम्प तब साउथ कोरिया के दौरे पर थे। वे किम जोंग से मिलने के लिए बार्डर पहुंचे थे। वहीं, ट्रम्प ने आज जापान के सम्राट नारुहितो से मुलाकात की। यह मुलाकात टोक्यो में हुई। मुलाकात के बाद ट्रम्प ने सम्राट नारुहितो की तारीफ करते हुए उन्हें 'ग्रेट मैन' बताया। ट्रम्प आज 6 साल बाद जापान के दौरे पर पहुंचे हैं। इससे पहले ट्रम्प आखिरी बार 2019 में जापान आए थे। वे जापानी पीएम साने ताकाइची के साथ ट्रेड और इन्वेस्टमेंट डील पर बात करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक टोक्यो में 18000 पुलिसकर्मी तैनात हैं। ट्रम्प के रास्ते पर ट्रैफिक बंद कर दिया गया है और एयर स्पेस भी बंद है। यह जापान का 2002 के बाद सबसे बड़ा सिक्योरिटी आपरेशन है। इसकी बड़ी वजह पिछले 5 साल में जापान के दो पूर्व पीएम पर हुए जानलेवा हमले भी हैं। जुलाई 2022 में पूर्व पीएम शिंजो आबे की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, वहीं अप्रैल 2023 तत्कालीन पीएम फुमियो किशिदा के भाषण के दौरान विस्फोटक फेंका गया था। जापान ने पहले ही अमेरिका में 46 लाख करोड़ रुपये इन्वेस्ट करने का वादा किया है। ट्रम्प के दौरे पर इसकी डिटेल तय होंगी।



ट्रम्प ने 29 जून 2019 को ट्वीट कर किम जोंग से मिलने का प्रस्ताव रखा था

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान वार्ता में गतिरोध जारी

■ तालिबान ने टीटीपी के खिलाफ कार्रवाई से किया इनकार

इस्तांबुल। तुर्की के सबसे बड़े शहर इस्तांबुल में रविवार को पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच वार्ता में गतिरोध बना रहा। अफगान तालिबान के प्रतिनिधिमंडल तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और अन्य आतंकवादी संगठनों के खिलाफ 'विश्वसनीय कदम' उठाने की बात से हिचकिचाता रहा।

पाकिस्तान दावा करता आया है कि इन आतंकी संगठनों के ठिकाने अफगानिस्तान में हैं। 'डान' अखबार की रिपोर्ट के मुता. बिक, वार्ता के दूसरे दिन भी दोनों पक्ष आतंकवादी संगठनों को खत्म करने को लेकर कोई साझा राय नहीं बना सके। करीब नौ घंटे की गहन चर्चा के बाद पाकिस्तानी सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि उनकी टीम ने अफगानिस्तान के सामने अपनी अंतिम स्थिति रखी और जोर दिया कि तालिबान शासन को सीमा पार और अफगानिस्तान के भीतर आतंकवाद को खत्म करने के लिए ठोस और विश्वसनीय कदम उठाने होंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि अफगान तालिबान की ओर से आतंकवादियों का संरक्षण स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि तालिबान की प्रतिक्रिया तर्कहीन और वास्तविकताओं के विपरीत रही। अधिकारी ने यह भी आरोप लगाते हुए कहा, ऐसा लगता है कि तालिबान प्रतिनिधिमंडल किसी और एजेंडा पर चल रहा है। अखबार ने कहा कि यह शक तब और गहरा हो गया, जब इस्तांबुल में वार्ता के दौरान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लीपा सेक्टर में कथित रूप से संघर्ष विराम का उल्लंघन हुआ।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108